CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18° C
न्यूनतम : 07° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 344 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





उप्र में कनेक्शन के नाम पर वसूली रकम विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत पेज 2



36 गेंदों में शतक जड़ वैभव सूर्यवंशी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड खेल टाइम्स



हिजाब विवादः क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया सम्पादकीय



अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया, कहाः चीन दोहरी चाल चल रहा पेज 12

## उत्तराखंड में पाला गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पचमढ़ी और कल्याणपुर में मंगलवार रात का पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

उत्तराखंड में पाला गिरने की खबर है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में सुबह कोहरा छाया रहा। उधर राजस्थान में भी शीतलहर चल रही है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से राज्य में अगले कुछ दिन में पारा और गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर,

**■ गुलमर्ग का तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा**

हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं के एरिया में घना कोहरा रहा। कश्मीर के कई इलाकों में मंगलवार को ताजा बर्फबारी और बारिश हुई। घाटी के ज्यादातर हिस्सों में मिनिमम टेम्परेचर फ्रीजिंग प्वॉइंट से ऊपर रहा। गुलमर्ग में मिनिमम टेम्परेचर -2.2डिग्री सेल्सियस रहा। कुपवाड़ा में 2.4 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में 3.2 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग में 2.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आकाश नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम का टेस्ट सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में सफल ट्रायल किया। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

डीआरडीओ के मुताबिक, ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज

**80 किमी तक के टारगेट को तबाह कर सकता है, एकसाथ 10+ हमले रोकने में सक्षम**

**ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से किया नष्ट**



मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ कई हमले यानी 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। अधिकारियों के मुताबिक, आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम एक आधुनिक और ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे डीआरडीओ ने विकसित किया है और इसका निर्माण बीडीएल ने किया है। यह सिस्टम एकसाथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। इसे भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना में शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके शामिल होने से देश की हवाई सुरक्षा और मजबूत होगी और भारत की स्वदेशी एयर डिफेंस क्षमता को बड़ी मजबूती मिलेगी। आकाश-एनजी की मारक क्षमता करीब 30 किमी तक है और यह 18 किलोमीटर की ऊंचाई तक दुश्मन के हवाई खतरों को रोक सकता है। इससे पहले भारतीय सेना ने 17 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित एयर डिफेंस सिस्टम आकाश प्राइम का सफल परीक्षण किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से कटकर दंपती और दो बच्चों समेत पांच की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत हो गई। ये लोग रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। दर्दनाक हादसा देख वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप गया। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में बुधवार शाम दर्दनाक हादसा हुआ। रोजा रेलवे स्टेशन के पास मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पार करते समय बाइक सवार लोग गरीब रथ एक्सप्रेस से टकरा गए। हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। दर्दनाक हादसा देख वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप गया। मृतकों के शव रेलवे ट्रैक पर इधर-उधर जा गिरे। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय हरिओम निवासी ग्राम बनके गांव थाना उचौलिया जिला लखीमपुर खीरी, उनके साढ़ू सेठ पाल निवासी गांव विकन्ना निगोही (शाहजहांपुर), सेठ पाल की 35 वर्षीय पत्नी पूजा व दो बच्चों के रूप में हुई। बताया गया कि ये सभी लोग शाहजहांपुर की बुध बाजार गए थे। खरीदारी कर लखीमपुर जा रहे थे।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने 313 GTA शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने के फैसले पर लगाई रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बुधवार को गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के तहत नियुक्त 313 शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने पर अंतरिम रोक लगा दी। इस फैसले से पहाड़ी क्षेत्रों में प्रभावित शिक्षकों को अस्थायी राहत मिली है। यह अंतरिम आदेश 17 दिसम्बर के एक एकल पीठ के फैसले को चुनौती देने के बाद आया है, जिसमें इन 313 शिक्षकों की सेवाओं की समाप्ति का निर्देश दिया गया था और उनकी भर्ती प्रक्रिया को अवैध करार दिया गया था।

### ग्रुप कैप्टन शुक्ला की विमान की कॉकपिट में वापसी

**नई दिल्ली।** भारत की अंतरिक्ष यात्रा में अमिट छाप छोड़ने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक बार फिर वायुसेना के विमान में उड़ान भरते हुए आसमान में दमदार वापसी की है। आईएसएस के लिए ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन पूरा करने के कुछ महीने बाद ही उन्होंने वायुसेना में अपनी जिम्मेदारी फिर से संभाल ली है।

## इसरो ने 6100 किग्रा का अमेरिकी सैटेलाइट किया लॉन्च

# भारत से भेजा गया सबसे भारी उपग्रह

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए, भारत के भारी-भरकम रॉकेट एलवीएम3-एम6 (जिसे 'बाहुबली' उपनाम दिया गया है) ने अमेरिका स्थित एएसटी स्पेस मोबाइल के 6100 किग्रा. वजनी ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उन्नत संचार उपग्रह को बुधवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सफलतापूर्वक पृथ्वी की निम्नतम कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर दिया।

इससे पहले, नवम्बर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया था। यहां शॉर रेंज से दूसरे प्रक्षेपणपथ से 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद, एक विशेष वाणिज्यिक मिशन में, स्वदेशी रॉकेट ने निर्धारित समय पर सुबह 8:54 बजे शानदार उड़ान भरी।यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 ने





**धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग व डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी**

**अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित हुआ, रॉकेट ने 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद सफल उड़ान भरी**

डीएलवी-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिये धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। सैकड़ों दर्शकों ने प्रक्षेपण गैलरी से इस मिशन को देखा। निसार उपग्रह के बाद अमेरिका द्वारा किया गया दूसरा मिशन यह उपग्रह, 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सफलतापूर्वक और सटीक रूप से 520 किमी -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में गौरवशाली उपलब्धिः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 रॉकेट के सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में एक गौरवशाली उपलब्धि बताया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया में जारी एक संदेश में कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की एक और महत्वपूर्ण प्रगति। एलवीएम3-एम6 का सफल प्रक्षेपण, जिसके माध्यम से भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह अमेरिका का ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है, भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवशाली उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन भारत की भारी वजन ले जाने वाले रॉकेटों की क्षमता को दर्शाता है और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में हमारी बढ़ती साख का प्रतीक है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में हमारे प्रयासों का भी प्रतिबिंब है।

## साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों लगाया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है, तो एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18 फीसदी जीएसटी लगाना ठीक नहीं है। कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर जीएसटी

**■ केंद्र सरकार से दिल्ली हाईकोर्ट का सवाल**

**■ गडकरी ने माना- 40 फीसदी प्रदूषण ट्रांसपोर्ट सेक्टर से फैल रहा**

18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जाए। अपील में कहा गया कि खराब एआईक्यू के समय में एयर प्यूरीफायर अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। कोर्ट ने केंद्र के वकील से दोपहर 2:30 बजे के बाद इस पर जवाब लेकर आने को कहा। वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40 फीसदी हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं। जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।

## उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार दुखदः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने और पीड़िता का विरोध करने पर उसके साथ हुए व्यवहार पर हैरानी जताई और कहा कि न्याय देने की बजाय उसके साथ अन्याय किया जा रहा है।

श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया कि आखिर न्याय के




लिए आवाज उठा रही दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। उनका कहना था कि लोकतंत्र में सबको विरोध करने का हक है और यदि पुलिस विरोध करने वाले के साथ इस तरह का व्यवहार करती है, तो यह अन्याय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है। क्या उसकी 'गलती' ये है कि वो न्याय के लिए अपनी आवाज़ उठाने की हिम्मत कर रही है। उसके अपराधी (पूर्व भाजपा विधायक) को ज़मानत मिलना बेहद निराशाजनक और शर्मनाक है, खासकर तब, जब पीड़िता को बार-बार प्रताड़ित -शेष पृष्ठ दो पर

## 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में हुआ गठबंधन

मुंबई, वार्ता

**उद्धव और राज** ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया।

20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे, तो



बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29

**■ कहाः हमारी सोच एक, बंटेंगे, तो बिखरेंगे**

**■ 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को होगा मतदान, 16 को रिजल्ट**

नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा। राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई का मेयर मराठी होगा। मैंने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है।

## इसरो के लिए 2026 व्यस्त वर्ष होगाः डा. वी. नारायणन

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।**

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी वर्ष 2026 में काफी व्यस्त रहने वाली है और अगले साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के कई कार्यक्रम तय हैं।

इसरो के विभागीय सचिव (अंतरिक्ष) और अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की किसी कंपनी द्वारा जल्द ही एक प्रक्षेपण होने की उम्मीद है, जो देश के व्यावसायिक अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। अमेरिकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को भारतीय रॉकेट एलवीएम3 द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने के बाद मिशन




कंट्रोल सेंटर में बोलते हुए श्री नारायणन ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अब तक कुल 434 विदेशी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया है। साल 2025 को उपलब्धियों और कामयाबी का साल बताते हुए श्री नारायणन ने कहा कि 2026 और भी ज्यादा रोमांचक होगा। उन्होंने कहा कि गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित है और इसके लिए कार्य चल रहा है। इसरो का पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) रॉकेट भी एक अंतरिक्ष मिशन करेगा। स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) परिचालन चरण में प्रवेश करेगा। भारत के नेविगेशन उपग्रह पक्ष पर श्री नारायणन ने कहा कि सरकार ने

**■ गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित**

आवश्यक मंजूरियां दे दी हैं और उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वर्ष 2025 में कुछ व्यावसायिक प्रक्षेपण मिशन भी होंगे। इनके अलावा, सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को शुक्र मिशन, चंद्रयान-4 और 5 तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि एक पीएसएलवी रॉकेट एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह प्रक्षेपित करेगा, जिसमें 34 नई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया जाएगा। श्री नारायणन ने यह भी कहा कि एचएएल-एलएंडटी द्वारा निर्मित पीएसएलवी रॉकेट का संयोजन चल रहा है और यह इस वित्तीय वर्ष में उड़ान भरेगा।

## दिल्ली मेट्रो की तीन नई लाइनों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल एक और सरकारी कार्यालयों के परिसर 'कर्तव्य भवन' को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए 1214 करोड़ रुपये की लागत से तीन मेट्रो गलियारों के निर्माण को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में

**■ 1214 करोड़ आएगी लागत, 13 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे**

इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजधानी दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करते हुए चरण पांच (ए) के अंतर्गत तीन नए गलियारों को मंजूरी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीओ की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सेना की एक इकाई के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मृत्यु हो गई है। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सांबा में तैनात सेना की एक इकाई के जेसीओ को जम्मू में ड्यूटी के दौरान गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए थे। दुर्भाग्यवश कर्तव्य पालन के दौरान लगी इन चोटों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान चरण में इस घटना में किसी भी प्रकार के आतंकी पहलू की संभावना को खारिज कर दिया गया है।

### बारामूला में गुब्बारों से बंधा पाकिस्तानी झंडा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सेना ने ऐसे लगभग दस गुब्बारे पकड़े हैं, जिन पर पाकिस्तान का झंडा बंधा हुआ था। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार शाम बारामूला के खदिनायार क्षेत्र में एक पहाड़ी पर ये गुब्बारे पाए गए। इन्हें नियमित गश्त के दौरान सेना के जवानों ने देखा। सेना ने तत्काल गुब्बारों और झंडे को अपने कब्जे में लेकर जांच को भेज दिया है।

### सीआरपीएफ शिविर में तेंदुआ घुसा, एक जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काप्रान इलाके में बुधवार सुबह एक तेंदुआ अचानक सीआरपीएफ के शिविर में घुस गया और नाश्ता कर रहे जवानों पर हमला कर दिया, जिससे एक जवान घायल हो गया। सीआरपीएफ सूत्रों के अनुसार जवान शिविर के मेस में नाश्ते के लिए इकट्ठा हुए थे, तभी एक तेंदुआ शिविर में घुस आया और जवानों पर हमला कर दिया।

# ब्राह्मण विधायकों की बैठक से गरमाई सियासत

## लखनऊ में बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक में किया गया मंथन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर जातीय समीकरणों को लेकर चर्चा में है और इसकी वजह भारतीय जनता पार्टी के ब्राह्मण विधायक और विधान परिषद सदस्य मंगलवार को लखनऊ में एक अनौपचारिक बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक है।

इस बैठक में काफी संख्या में ब्राह्मण समुदाय के विधायक शामिल हुए, जिसके वजह से प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यह बैठक कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरक. ारी आवास, बाऊखण्डी मंत्री आवास में आयोजित की गई। इसमें विधायक रत्नाकर मिश्र, प्रकाश द्विवेदी, प्रेम नारायण पांडेय, शलभ मणि त्रिपाठी, अंकुर राज तिवारी, विनय द्विवेदी, ऋषि तिवारी, विवेकानंद पांडेय, कैलाशनाथ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण विधायक और एमएलसी मौजूद रहे। एमएलसी साकेत मिश्र, जो सेवानिवृत्त नौकरशाह नृपेंद्र मिश्र के पुत्र हैं, वह भी बैठक में शामिल हुए। राजनीतिक रूप से यह बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि कुछ ही दिन पहले भाजपा ने महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पंकज चौधरी कुर्मी समाज से आते हैं। ऐसे में इस बैठक को पार्टी के भीतर ब्राह्मण नेतृत्व की सक्रियता और संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### अरावली मुद्दे पर गुमराह रहे हैं भूपेंद्र यादव: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव अरावली मुद्दे पर सच को छिप रहे हैं और देश को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- अब यह बिल्कुल साफ़ हो गया है कि अरावली मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सच को पूरी तरह नहीं बता रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरावली की परिभाषा में जो बदलाव मोदी सरकार कर रही है, उसका इसी सरकार ने विरोध किया है। सरकार को बताना चाहिए कि पहले जो व्यवस्था उच्चतम न्यायालय ने दी थी, उसमें किस वजह से बदलाव किया जा रहा है।

# नए कनेक्शन के नाम पर वसूली आदेशों के विपरीत

**लखनऊ, वार्ता**



■ पूरे यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से वसूले 6016 रुपये

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ हुई अन्यायपूर्ण वसूली के मामलों पर अध्ययन में सबसे गंभीर और महत्वपूर्ण मामला सामने आया कि बिजली कंपनियों ने पावर कारपोरेशन के आदेश के आदेश के तहत नौ सितंबर से पूरे प्रदेश में नए कनेक्शन के लिए अनिवार्य रूप से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से 6016 रुपये वसूल किए, जो विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि 10 सितंबर से 24 दिसम्बर तक कुल 2,93,045 उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए बिजली कंपनियों में एस्टीमेट जमा किया जिनसे यदि केवल सिंगल फेस कनेक्शन मानकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मूल्य 6016 रुपये वसूला गया, तो कुल लगभग 176 करोड़ रुपए से अधिक वसूली हुई। तीन फेज कनेक्शन को जोड़ने पर यह राशि लगभग 200 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित सिंगल फेस मीटर का मूल्य 2800 रुपये मानने पर भी, प्रदेश की बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से लगभग 100 करोड़ रुपए अधिक वसूले। परिषद ने स्पष्ट किया कि इस अतिरिक्त वसूली को उपभोक्ताओं को वापस कराने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। वर्मा ने बताया कि इस संबंध में पहले ही विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जा चुकी है, जिसमें पावर कारपोरेशन ने अपने जवाब में बिना आयोग के अंबोधन से वसूली की बात कही है। परिषद का कहना है कि कॉस्ट डाटा बुक के आदेश जारी होते ही उपभोक्ताओं से अधिक वसूली का पैसा वापस कराया जाएगा। उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपा. ेरेशन को यह भी याद दिलाया गया कि वर्ष 2018 में उपभोक्ता परिषद की लड़ाई के परिणामस्वरूप आयोग के आदेश पर बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से 523 करोड़ रुपए अधिक वसूली की राशि वापस की थी। वर्ष 2022-23 में कास्ट डाटा बुक के मद में गलत तरीके से वसूली के मामले में भी विद्युत नियामक आयोग की अवमानना याचिका के बाद बिजली कंपनियों ने लगभग पांच से छह करोड़ करोड़ उपभोक्ताओं को वापस किया था, इसके बाद सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने अधिकारिक तौर पर माफी भी मांगी थी।

## विधानसभा में मुख्यमंत्री की विपक्ष को खरी-खरी

# कोई भी कब्जा करेगा, तो छोड़ूंगा नहीं: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बुलडोजर को कोई नहीं रोक पाएगा
■ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान प्राथमिकता

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में सीएम योगी ने अवैध कब्जों और माफिया पर सख्त रुख दिखाया और कहा कि अगर कोई भी कब्जा करेगा, तो उसे छोड़ूंगा नहीं। सीएम योगी ने विपक्ष पर गरीबों को न्याय दिलाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया और जोर दिया कि उनकी सरकार हर बेटी को सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने दावा किया कि 2017 से राज्य की छवि में सकारात्मक बदलाव आया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए सीएम योगी अपने पूरी लय में दिखे। अवैध कब्जे और बुलडोजर के सवाल पर उन्होंने कहा कि कब्जा चाहे कोई भी करे, कहीं भी करे, मैं छोड़ने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि इस बात के लिए सदन को आश्वस्त करता हूं कि कब्जा कोई भी करेगा, किसी भी स्मारक पर, किसी भी पौराणिक स्थल पर, तो उसको छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि पूजा पाल आपकी पार्टी से चुनी गईं थीं, लेकिन उन्हें भी आप न्याय नहीं दिला पाए। सीएम योगी ने कहा कि आपमें वो हिम्मत नहीं थी कि गुंडे माफिया के सामने गरीबी बेटी को न्याय दिला सकें। इसलिए माफिया के सामने झुकना आपकी मजबूरी थी, लेकिन हमारी कोई मजबूरी नहीं है। आप बात पीडीए की करते हैं, क्या वो पीडीए का पार्ट नहीं थीं? न्याय कैसे होता है, हमसे सीखिए। हमारी सरकार ने तय किया है कि बेटी चाहे उस पक्ष की हो या इस पक्ष की, न्याय तो उसको हर हाल में मिलेगा। उन्होंने कहा कि चाहें आबादी की भूमि हो या सरकारी, अगर कोई माफिया कब्जा करेगा, उस जमीन पर मॉल बनाएगा या वसूली का अड्डा बनाएगा, तो उसके खिलाफ बुलडोजर भी चलेगा। उन्होंने साफ कर दिया कि अब उत्तर प्रदेश में कोई छांगुर जैसा व्यक्ति अनैतिक गतिविधियों का संचालन नहीं कर पाएगा, ऐसे लोगों पर बुलडोजर भी चलेगा और कोई उसे रोक भी नहीं पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने तो विजमा यादव को बुलाया था, उन्हें भरोसा दिया है कि वह उन्हें सुरक्षा देंगे। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की छवि जो आपने खराब की थी, उसमें अब सकारात्मक बदलाव आया है। अब सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को सुरक्षा और सम्मान मिलनी ही चाहिए।

### कानून का राज सरकार की पहली प्राथमिकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकाल. ीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि समाज की पहली आवश्यकता सुरक्षा है और कानून का राज स्थापित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योगी ने कहा कि हर व्यक्ति, व्यापारी और बेटी को सुरक्षित महसूस होना चाहिए और उनकी सरकार ने इस दिशा में ठोस परिणाम दिए हैं, जिसका उत्तर प्रदेश की जनता लगातार समर्थन कर रही है। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पौने नौ साल पहले उनकी सरकार सत्ता में थी, तब क्या उन्होंने अपनी ही सरकार को माफिया और अपराध पर लगाम लगाने की सलाह दी थी। उन्होंने एक शेर के माध्यम से विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां कैसे लुटा। योगी ने कहा कि माफिया के खिलाफ सरकार की नीति स्पष्ट और कठोर रही है, जिसे जमीन पर लागू कर के दिखाया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की सड़कें गड्ढों से भरी थीं और मेट्रो रेल परियोजनाएं मजाक बनकर रह गई थीं। केंद्र सरकार के साथ समन्वय के अभाव में रेल और सड़क परिवहन को जोड़ने का कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ।

# सलीम ने रेल विकास निगम के नए सीएमडी का पदभार संभाला

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेल विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निद. ेशक सलीम अहमद ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। अहमद के पास सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 33 साल से अधिक का अनुभव है।

रेल विकास निगम से जुड़ने से पहले वह सरकारी निर्माण कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) में परियोजना निदेशक थे। पूर्व में वह दिल्ली मेट्रो रेल निगम के कार्यकारी निदेशक रह चुके हैं और मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के साथ भी काम कर चुके हैं। बड़े बहुआयामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में उनका लंबा अनुभव रहा है और पुलों, सुरंगों तथा आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों के निर्माण में उन्हें विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने साल 1990 में दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी रेल विकास निगम रेल मंत्रालय के अधीनस्थ है और पिछले दो दशक से रेलवे से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को अंजाम देती रही है। इसने अब तक 157 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा है। मौजूदा समय में यह 10 शहरों में मेट्रो परियोजानाओं का काम कर रही है।

### आधे श्रीनगर में 24 घंटे बिजली: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर शहर के करीब 48 प्रतिशत हिस्से में अब 24 घंटे बिजली मिलती है। मुख्यमंत्री ने कश्मीर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के सफल ट्रायल के बाद 83 और इलाकों को 24 घंटे बिजली देने वाले ज़ोन में बदल देने पर बधाई दी। दूसरे जिलों में भी इसी तरह के सुधार कार्य चल रहे हैं।



सेंसेक्स 85408.70
निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# जीएसटी से पूरा देश बना एक बाजार: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश एक बाजार के रूप में उभरा है। हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की पुस्तक मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण का यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विमोचन करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।

देश में जीएसटी लागू होने से आज पूरा देश एक साझा बाजार बनकर उभरा है। इसका सीधा लाभ छोटे और मझौले व्यापारियों तथा किसानों को मिल रहा है। आज पंजाब का किसान अपनी उपज केरल में बेच सकता है और हिमाचल प्रदेश का हथकरघा व्यापारी अपना सामान तमिलनाडु भेज सकता है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही पूरी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की चौथी बघी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी बघी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है। उपराष्ट्रपति ने जनधन खातों की जिक्र करते हुए कहा कि जीरो बैलेंस के साथ बैंक खाते खोलने से हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा मिल सकी है और आज समाज के निचले तबके के करोड़ों रुपये बैंक खातों में जमा हैं। इन बैंक खातों की वजह से आज केंद्र और राज्य सरक. ारों की अनुदान योजनाओं की पूरी राशि सीधे गरीबों के खातों में जमा हो रही है।

### शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 116 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती तेजी के बाद गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 116.14 अंक (0.14 प्रतिशत) टूटकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 35.05 अंक यानी 013 प्रतिशत नीचे 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में बिकवाली के दबाव में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.81 प्रतिशत फिसल गया। छोटी कंपनियों में लिवाली से स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.28 फीसदी की तेजी रही। डॉलर की तुलना में रुपये में रही गिरावट का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया। तेल एवं गैस, आईटी, एफएमसीजी, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। मीडिया, धातु और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही।

### सोना और चांदी के भाव ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोना और चांदी के भाव फिर बढ़ गए हैं। 24 कैरेट सोना एक लाख 34 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत दो लाख 34 हजार रुपये प्रति किलो हो गई है, जिसमें एक दिन में करीब 3000 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि सोने की कीमत में हल्की सी गिरावट देखने को मिली है, लेकिन यह बहुत मामूली है। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 138,220 प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 138,280, कानपुर में 138,340, लखनऊ में 138,320 , भोपाल में 138,430 , इंदौर में 138,430, चंडीगढ़ में 138,280 और रायपुर में 138,230 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम 5 बजे तक 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला 24 कैरेट गोल्ड 1.02 प्रतिशत के उछाल के साथ 1,38,145 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# चावल और गेहूं में रही नरमी, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। वहीं खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये गिरकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई।

गेहूं आठ रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में चना दाल औसतन 22 रुपये और उड़द दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 10 रुपये और मसूर दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। वहीं तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा एक रिंगिट टूटकर 4035 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत की बढ़त में 48.93 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 25 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं वनस्पति की कीमत 47 रुपये और मूंगफली तेल की 20 रुपये टूट गई। सोया तेल में 15 रुपये और सरसों तेल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 14 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, चीनी गत दिवस के स्तर पर लगभग स्थिर रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन: दाल चना 7798. 20 रुपये, मसूर काली 8160.91 रुपये, मूंग दाल 10093.82 रुपये, उड़द दाल 10365.87 रुपये, तुअर दाल 10603.76 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.80 रुपये और चावल 3843.20 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3300.54 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत से...**

की वृत्ताकार निचली पृथ्वी कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने घोषणा की, एलवीएम3-एम6 ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बाद में एक ट्वीट में उसने कहा कि मिशन सफल रहा। एलवीएम3-एम6 मिशन ने ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसरो के अनुसार, श्रीहरिकोटा के स्पेस एरिया के ऊपर हजारों एक्टिव सैटेलाइट लगातार गुजर रहे थे। अन्य सैटेलाइट के साथ टकराव की आशंका को देखते हुए मिशन का लॉन्च समय 90 सेकेंड बढ़ाया गया।

इसरो की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण के लिए टीम व इसरो को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी संरक्षण में इसरो एक के बाद एक सफलताएं हासिल कर रहा है, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। यह अब तक भारतीय धरती से लॉन्च किया गया सबसे भारी उपग्रह है। इसरो के अनुसार, क्रायोजेनिक अपर स्टेज सहित तीनों चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद, उपग्रह को भूमध्य रेखा से लगभग 53 डिग्री के झुकाव वाले 520 किमी के वृत्ताकार भू-परिस्थिति (एलईओ) में सटीक रूप से स्थापित किया गया। इसका प्रक्षेपण-भार 640 टन है, इसकी ऊंचाई 43-5 मीटर है, और यह भू-तुल्यकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में 4,200 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम है। इसने बताया कि यह भारतीय धरती से एलवीएम 3 द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी पेलोड है। यह एलवीएम3-एम6 रॉकेट की छठी परिचालन उड़ान है और भारत के वाणिज्यिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

**उन्नाव सामूहिक...**

किया जा रहा हो, और वो डर के साए में जी रही हो। बलात्कारियों को ज़मानत और पीड़िताओं के साथ अपराधियों सा व्यवहार, ये कैसा न्याय है। श्री गांधी ने कहा कि हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं है , बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ हम एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। लोकतंत्र में असहमति की आवाज़ उठाना अधिकार है और उसे दबाना अपराध। पीड़िता को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए -न कि बेबसी, भय और अन्याय। गौरतलब है कि उन्नाव दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंजूर की है। पीड़िता का आरोप है कि इस अपराधी ने उसके ताऊ तथा उसके पिता की हत्या करवाई है और फिर उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर उसके चाचा को झूठे मामले में फंसाकर जेल भिजवाया है।

# समय-समय पर बजट की समीक्षा करें सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ अनुपूरक बजट पर नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने सरकार को दी सलाह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने अनुपूरक बजट को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री समय-समय पर बजटीय समीक्षा करें, तो सरकार को समय रहते यह पता चल सकता है कि किस विभाग के पास कितना बजट उपलब्ध है।

पांडेय ने याद दिलाया कि पहले जिलों में कमेटियां बनाई जाती थीं, जो बजट की सिफारिश करती थीं, लेकिन सरकार ने इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। अब इसे फिर से शुरू किया जाना चाहिए। अनुप. ूरक बजट पर चर्चा के दौरान बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट लाना गलत नहीं है, लेकिन यह बहुत अच्छा भी नहीं कहा जा सकता। बजट बनाते समय सभी संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह एक बड़ी और स्थापित परंपरा है। पांडेय ने कहा कि इस बार अनुप. ूरक बजट में करीब 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि मूल बजट में लगाए गए अनुमान की तुलना में सरकार को लगभग 30 प्रतिशत कम राजस्व प्राप्त हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास कार्यों की बजाय प्रचार-प्रसार पर अधिक धन खर्च करना चाहती है। बजट की कमी होने पर थोड़ी-थोड़ी राशि खर्च कर काम चलाया जाता है। उन्होंने आवास विकास विभाग का जिक्र करते हुए कहा कि जिस बजट का प्रावधान किया गया, उसमें से लगभग 80 प्रतिशत राशि खर्च करने की अनुमति दी गई, लेकिन मूल बजट के अनुसार अब तक स्वीकृतियां जारी नहीं हुई हैं। दैवीय आपदाओं के मुआवजे का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि पैसा जारी होने के बाद तहस. ीलदार द्वारा वितरण किया जाता है, लेकिन बजट की कमी के कारण लोगों को मदद नहीं मिल पाती और वे नेताओं के चक्कर काटने को मजबूर होते हैं।

उन्होंने मांग की कि राजस्व विभाग को पूरा बजट उपलब्ध कराया जाए, ताकि जरूरतमंदों की समय पर सहायता हो सके। पांडेय ने कहा कि विपत्तियां अक्सर गरीबों के घरों में आती हैं, बड़े लोगों के घरों में नहीं। इसलिए सरकार को गरीबों का विशेष ख्याल रखना चाहिए और राहत व पुनर्वास के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित करने चाहिए।

# कोडीन कफ सिरप वालों पर कब होगी कार्रवाई: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपए में मिल रही है। इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं। किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल-कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है। पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, लेकिन आज कफ सिरप का नशा उत्तर प्रदेश में फैल रहा है। उन्होंने कहा कि इस सिरप में कितना नशा है और इसके नशे की लत कितनी गहरी है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के उन्नाव में आकाश नाम के एक लड़के को कफ सिरप के नशे की लत लग गई। उसकी लत छूटी नहीं और उसे यह सिरप आसानी से मिलता है।

# सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

## गांव में भारी शोक, दिल्ली एयरपोर्ट पर जॉब करती थी आकांक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/शाहपुर।** नई दिल्ली के एक एयरपोर्ट पर नौकरी करने वाली नवयुवती एक सड़क दुर्घटना में मौत के मुंह में समा गयी जबकि उसके गांव का एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। इस घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नवयुवती का शव गांव में सायं 06 बजे आ गया था। उधर समाचार लिखे तक नवयुवती के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना की निवासी लगभग 23 साल की नवयुवती आकांक्षा राजपूत पुत्री मदन लाल रवा नई दिल्ली के किसी एयरपोर्ट पर नौकरी करती है।



मृतका का फाइल फोटो।

वह नौकरी संबंधी किसी कार्य से अपने घर आई हुई थी। आज बुधवार के दिन वह उक्त काम से अपने भाई शिवम राजपूत और गांव के ही दलित समाज के युवक अंशुल पुत्र प्रताप सिंह के साथ मोटर साइकिल पर बैठकर मुजफ्फरनगर जा रही थी। जब वे शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव काकड़ा में आए तो किसी कार से उनकी जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें तीनों घायल हो गये। आते जाते हुए लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची शाहपुर पुलिस ने तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने आकांक्षा को मृत घोषित कर दिया जबकि अंशुल को मेरठ के लिए रैफर कर दिया। उधर आकांक्षा के भाई शिवम को उपचार दिया गया। पुलिस ने परिजनों को खबर दी तो परिजनों में कोहराम मच गया। आज बुधवार की देर शाम लगभग छह बजे आकांक्षा का शव गांव में आया तो गांव में शोक की लहर लोग गयी। देर रात आंकाक्षा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतका 4 बहनें और दो भाई हैं। जिनमें आकांक्षा सबसे छोटी थी।

# प्रदूषित कचरा लाने वाले ट्रक के फाड़े जाएंगे टायर

**■ भोपा रोड पर हुई पंचायत में भाकियू प्रवक्ता का ऐलान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि जिले में प्रदूषण फैलाने वाला कचरा नहीं आने दिया जाएगा। इसके ट्रक आए तो उनके टायर भाला घुसेडकर फाड दिए जाएंगे।

भोपा रोड पर पंचायत में ग्रामीणों की मौजूदगी के बीच राकेश टिकैत ने दोटूक कहा कि कूड़ा-करकट लेकर आने वाले ट्रकों को जिले की सीमा में घुसने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन या तो खुद रोक ले, अन्यथा किसान खुद सड़कों पर



उतरकर इन ट्रकों के टायर फोड़ने का काम करेंगे। आरडीएफ के नाम पर औद्योगिक इकाइयों में जलाए जा रहे कूड़ा-करकट के खिलाफ अब किसान संगठन लामबंद हो गए है। भाकियू अराजनैतिक के बाद बुधवार को भाकियू टिकैत ने जट मुझेडा में पंचायत कर अपना आक्रोश जताया। किसान नेताओं का कहना था कि आरडीएफ के नाम पर जिले भी बाहरी प्रदेशों से लाया जा रहा कूड़ा-करकट जलाया जा रहा है, जिसने जिले की आबोहवा बिगाड़ दी है। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि भाकियू अब जिले को प्रदूषण से मुक्त कराकर ही दम लेगी। ग्रीन मुजफ्फरनगर और क्लीन मुजफ्फरनगर के नाम से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

सात साल पहले भी किसानों के सहयोग से ऐसा अभियान चलाया गया था। पहले फैक्ट्रियों में कोयला, गैस आदि जलती थी, अब रोजमर्रा आने वाला कई सौ ट्रक कूडा करट जलाने में प्रयोग किया जा रहा है, जिसने यहां के हवा को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन खुद ही इन ट्रकों को रोक ले, अन्यथा किसान टायर फाड़ने का काम करेंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस जमीन पर टायर फैक्टी चल रही है. उसका भी पता करना चाहिए।

# बांग्लादेश पर भड़के हिन्दू संगठन, पुतला फूंका



## भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बांग्लादेश के खिलाफ हिंदू संघर्ष मोर्चा एवं हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर आक्रोश जताते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा, लूट, आगजनी और महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएं।

मानवता को शर्मसार करने वाली है। बुधवार को नगर के झांसी रानी चौक पर जुलूस के रूप में पहुंचे मनोज सैनी, नरेंद्र पवार, साधु योगेंद्र शर्मा, पीयूष राणा, लोकेश सैनी, सकी शर्मा, अमित तिवारी, देशराज चौहान, बंटी चौधरी एवं आशीष शर्मा ने संयुक्त रूप से नारेबाजी करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों को विश्व मंच पर उजागर किया जाए और वहां की सरकार पर कठोर कार्रवाई के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाया। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदू स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और हाल की घटनाएं पूरे विश्व के हिंदू समाज के लिए चिंता का विषय हैं।

ऐसे में भारत को आगे आकर उन असहाय और निरीह हिंदुओं की आवाज विश्व पटल पर उठानी चाहिए। प्रदर्शन के मद्देनजर भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा, वहीं हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजू दास के आहवान पर भी पुतला दहन किया गया। संगठन की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति और गृहमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में केंद्र सरकार से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई।



मुजफ्फरनगर: जिला परिषद में जांच करती टीम।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे नमूने

**मुजफ्फरनगर।** आगामी क्रिसमस पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मुजफ्फरनगर की टीम द्वारा की गई प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी।

आगामी क्रिसमस पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से आयुक्त महोदया, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,लखनऊ एवं जिलाधिक. ारी मुजफ्फरनगर के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) मुजफ्फरनगर अर्चना धीरान के नेतृत्व में आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मुजफ्फरनगर की टीम द्वारा की गई प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण निम्नलिखित है- मैसर्स तुषार बेकर्स, ए टू जेड रोड, मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठान से पाइनएप्पल केक का एक नमूना संग्रहित किया गया, मैसर्स बेकर्स बैक, पटेल नगर, नई मंडी, मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठान से रेड वेलवेट केक का एक नमूना संग्री. हत किया गया, मैसर्स गुड लाइफ बेकरी, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठान से पाइनएप्पल स्ट्रॉबेरी केक व रेड वेलवेट केक का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 04 नमूने संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ को जांच हेतु प्रेषित किया किए गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, वैभव शर्मा, पूनम कुमारी, सुनील कुमार व विशाल चौधरी सम्मिलित रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की एसआईआर समीक्षा

**■ नवदीप रिणवा ने धीमी मैपिंग पर जताई नाराजगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति की समीक्षा करने पहुंचे प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में चल रहे एसआईआर अभियान की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान में किसी भी स्तर पर ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान मतदाताओं की संख्या 2112586 है, जिसमें से 1767307 मतदाताओं के गणना फार्म डिजीटाईज किए गए है। इनमें 57242 मतदाता मृतक एवं 27532 मतदाता डुप्लीकेट बताए गए है।

विकास भवन सभा कक्ष में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ऑब्र्जवर, सहारनपुर मण्डलायुक्त डॉक्टर रूपेश कुमार, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से जिले के कई मतदान केन्द्रों के बारे में चर्चा करते हुए वहां का निरीक्षण किया और कराए जा रहे कार्यो की जानकारी ली।



### बीएलओ को सम्मानित करने के दिए निर्देश

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान एएसडीडी मैपिंग व फार्म-6 के संबंध में बीएलओ से प्रश्न पहुंचे जिसका बीएलओ ने संतोषजनक उत्तर दिया। यहां बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से राखी, रमेश चंद पंवार, चरथावल विधानसभा से नीरज कुमार, मन्तजीर, पुरकाजी विधानसभा से रेखा नेहरा, सचिन कुमार, मुजफ्फरनगर विधानसभा से रजनी, खतौली से सोमेन्द्र बालियान, रूपेन्द्र कुमार, मीरांपुर से सुभाष चंद, संजीव मलिक द्वारा दिए गए उत्तरों से मुख्य निर्वाचन अधिकारी संतुष्ट नजर आए और उन्होने बीएलओ द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा करते हुए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इन बूथ लेविल अधिकारियों को प्रशस्ति एंव सम्मानित पत्र दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मध्य स्थलों का भ्रमण भी किया जिसमें मुजफ्फरनगर विधानसभा के भाग संख्या 201 से 205 होली एंजिल्स, कॉन्वेन्ट स्कूल के बूथों को परखा और पुनरीक्षण से संबंधित कार्यो की जानकारी ली जिसमें बीएलओ व पर्यवेक्षक (सुप. रवाइजर) मनोज कुमार ने अधिकारी के सवालों का सकारात्मक जवाब दिया। बीएलओ मोनिका वर्मा, पूनम सिरोही, बबीता मलिक, अंकुर कुमार व सीमा ने भी उनके प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। बीएलओ ने उन्हे बताया कि मृतक मतदाता का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र लेकर ही नाम विलोपित किया जा रहा है इसके अतिरिक्त प्रत्येक मतदाता का गहनता से परिक्षण किया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मण्डलायुक्त सहारनपुर सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ टीम ने जिला परिषद मार्केट में खांगाली प्रतिबंधित औषधि

**■ रिकॉर्ड खंगालकर घंटो तक जांच में जुटी रही टीम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की सूचना पर लखनऊ से गठित औषधि विभाग की टीम ने जिला परिषद मार्केट में कई दवा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। संयुक्त कार्रवाई में मेरठ और आगरा के औषधि निरीक्षक शामिल रहे, जबकि स्थानीय औषधि निरीक्षक पवन शाक्य भी टीम के साथ मौजूद रहे। टीम ने दवाओं के स्टॉक, बिलिंग और रिकॉर्ड की गहन पड़ताल शुरू की। अधिकारियों के अनुसार जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है और 10 से अधिक प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बताया जा रहा है की मुजफ्फरनगर में एक दवा एसोसिएशन के पदाधिकारी से भी गोपनीय रूप से विभागीय अधिकारियों ने पूछताछ की, जिसके साथ ही प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर जाँच की जा रही है। छापेमारी के दौरान औषधि विभाग की टीम ने जिला परिषद बाजार स्थित क्वालिटी मेडिसिन कंपनी, जगदीश मेडिसिन कंपनी और आनंद मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा और विशेष रूप से जांच की।

यहां दवाइयों के रिकॉर्ड, खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों और स्टॉक की बारीकी से जांच की गई।औषधि विभाग की टीम जिला परिषद मार्किट में जांच में जुटी रही। इस कार्रवाई के बाद दवा व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, वहीं आमजन ने प्रशासन की इस पहल को नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# वाजपेई के जन्मदिन पर मीनाक्षी चौक का नाम बदला

## अभियान चलाकर लगाया अटल चौक का बोर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न आदरणीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन से पूर्व आज भारतीय जनता पार्टी ने मीनाक्षी चौक का नाम बदलकर यहां अटल चौक के नाम से बोर्ड लगा दिया। स्थानीय शिव मूर्ति तक स्वच्छता अभियान चलाते हुए भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़कर जनता से स्वच्छता को अंगीकार करने का आवाहन किया और अटल को श्रद्धांजलि समर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप पूर्व विधायक अशोक कंसल स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सहसंयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीमोहन तायल, अभियान के जिला संयोजक सुधीर खटीक विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल, प्रवीण खेड़ा, अमित वत्स, दीपक मित्तल महामंत्री गण मनोज लेमन, अमन तोमर, हरीश गुप्ता, आदेश गौतम पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज माहेश्वरी आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं पर स्थित रहे।






# गांव खानूपुर की ईशा का एम्स में मनोचिकित्सा के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के गांव खानूपुर मिल, मंसूरपुर की रहने वाली डॉक्टर ईशा कवल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान एम्स दिल्ली में व्यसन मनोचिकित्सा विषय में डीएम (डीएम) की पढ़ाई के लिए हुआ है।

डॉक्टर ईशा के पिता स्वदेश कुमार ने बताया कि उन्होंने एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई एम्स पटना से पूरी की है। उनकी माता डॉ. अर्चना मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के फिजियोलॉजी विभाग में प्रोफ़ेसर के पद पर कार्यरत हैं। डॉक्टर ईशा के चयन की खबर से खानूपुर गांव सहित पूरे क्षेत्र में



खुशी का माहौल है। बताया जा रहा है कि वह ग्रामीण क्षेत्र की पहली छात्रा हैं, जिनका चयन इतनी उच्च स्तरीय मेडिकल पढ़ाई (डीएम) के लिए हुआ है। उनकी इस सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है।

# अक्षय कुमार (अक्की रेपकिंग) का सोंग मचाएगा धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** उभरते हुए कलाकार अक्षय कुमार जिन्हें म्यूज़िक इंडस्ट्री में अक्की रेपकिंग के नाम से जाना जाता है, का नया सोंग नए साल के मौके पर जनवरी माह में रिलीज़ होने जा रहा है।

इस म्यूज़िक वीडियो की शूटिंग दो दिनों तक मुज़फ्फरनगर के विभिन्न स्थानों और आसपास के गाँवों में की गई है। इस सोंग में मुज़फ्फरनगर के ग्रामीण जीवन, खेती-किसानी और गाँवों के आपसी मेल-जोल को खास तौर पर दर्शाया गया है, जो इसे ज़मीन से जुड़ा और अलग पहचान देता है। अपने अलग अंदाज़ और दमदार प्रस्तुति के लिए पहचाने जाने वाले अक्षय कुमार (अक्की रेपकिंग)का यह नया सोंग खासतौर पर युवाओं



को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कलाकार को उम्मीद है कि यह गीत दर्शकों को पसंद आएगा और भरपूर प्यार मिलेगा। इस सोंग का टीज़र 31 दिसंबर को रिलीज़ किया जाएगा, जिससे दर्शकों में पहले ही उत्सुकता बनी हुई है। यह सोंग यूट्यूब चैनल (अक्की रेपि. कंग) पर जल्द ही दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा।

# गीजर से निकली गैस से दम घुटने के कारण युवती की मौत

**मीरापुर।** कस्बे के मौहल्ला कबूलपुरा में बाथरूम में नहाते समय गीजर से निकली गैस के कारण दम घुटने से एक युवती की मौत हो गई। इस आकस्मिक घटना से पूरे परिवार में को. हराम मच गया और परिजन गहरे सदमे में हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रुति अग्रवाल पुत्री मनीष अग्रवाल उम्र लगभग 26 वर्ष, घर में बाथरूम में नहाने गई थी। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों को संदेह हुआ। परि. जनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद किसी तरह दरवाजा खोलकर देखा तो श्रुति बाथरूम में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। घबराए परिजन उसे तत्काल चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार युवती की मौत गीजर से निकली गैस के कारण दम घुटने से हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार गहरे सदमे से उबर नहीं पा रहा है।

## रिमांड पर लुटेरे ने सामान बरामद कराया

**चरथावल।** पुलिस की रोहाना रोड पर पूर्व दिनों मे हुई लूट मामले में दूसरे आरोपी को न्यायालय से रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसके बाद लूटे गए सोने के झुमके का हिस्सा बरामद किया गया। चरथावल थाना क्षेत्र के रोहाना रोड पर कुछ दिन पूर्व एक लूट की वारदात हुई थी, जिसमें बदमाशों ने एक महिला से सोने के झुमके लूट लिए थे। घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पहले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, जबकि दूसरे आरा. पी की पहचान अनूप पुत्र विनोद निवासी माहेश्वरी, थाना भगवानपुर,जिला हरिद्वार के रूप में हुई थी।पुलिस ने आरोपी अनूप को न्यायालय से रिमांड पर लिया, जो इस समय सहारनपुर जिला कारागार में निरुद्ध था। रिमांड अवधि के दौरान की गई गहन पूछताछ में आरोपी ने लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए लूटे गए आभूषण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने लूटे गए सोने के झुमके का निचला हिस्सा बरामद किया। पुलिस का दावा है कि जल्द ही लूट की पूरी घटना का पूरा खुलासा कर दिया जायेगा।

## नशेडी बैंक कर्मी निलम्बित

**भोपा।** भोपा थाना के सामने जिला सहकारी बैंक की शाखा में गत सोमवार को कुछ उपभोक्ताओं ने बैंक क्लर्क पर नशे की हालत में अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शाखा प्रबंधक से शिकायत की थी। शाखा प्रबंधक संजय कुमार की लिखित में शिकायत के बाद प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने पुलिस टीम भेजकर क्लर्क शोभामणि मिश्रा को हिरासत में लेकर उसका सीएचसी पर मेडिकल कराया जिसमें चिकित्सक डा. अदनान ने बैंक क्लर्क की डाक्टरी रिपोर्ट में शराब पीने की पुष्टि की। इसके बाद शाखा प्रबंधक द्वारा जिला मुख्यालय पर उच्च अधिकारियों को भेजी गई मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने क्लर्क को निलंबित करते हुए उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध किया है तथा उप महाप्रबंधक संग्रह एवं निरीक्षक को जांच अधिकारी नियुक्त किया।

# चार साहिबजादों को शहीदी दिवस पर किया कोटि-कोटि नमन

**मुजफ्फरनगर।** सफ़र - ऐ-शहादत चार साहिबजादे माता गुजरी जी के शहीदी सप्ताह को समर्पित मुज़फ्फरनगर की हृदय स्थली शिव चौक पर पंचायती गुरुद्वारा पंचदरा समिति मुज़फ्फरनगर द्वारा चाय, पकोडो, रस एवं बिस्कुट का लंगर रात्रि मे लगाया गया इस मौके पर शहर के सभी धर्मों के गणमान्यों द्वारा चार साहिबजादे एवं माता गुजरी जी की लासानी शहीदी पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन भेंट कर कोटी-कोटी नमन किया! इस अवसर पर सतनाम सिँह हँसपाल ने बताया कि 20 दिसम्बर से 28 दिसम्बर शहीदी सप्ताह मे गुरु गोबिंद सिँह महाराज जी के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिँह जी बाबा झुझार सिँह जी जंग लड़ते लड़ते शहीद हुये तथा छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिँह उम्र 8वर्ष एवं बाबा फतेह सिँह उम्र 6 वर्ष जी को वजीर खान ने जिंदा दीवार मे चिनवा दिया था और जब दीवार मे चिनवाने के बावजूद छोटे साहिबजादे की साँसे चल रही थी तो वजीर खान ने काजी ने फतवा दिलवा कर दोनों छोटे साहिबजादौ का जल्लाद से बोलकर तलवार से गला रेत कर शहीद कराया। इस लिये इस सप्ताह को विराग का सप्ताह भी कहा जाता है। कार्यक्रम मे प्रतिपाल सिँह कथूरिया, सतनाम सिँह हँसपाल, श्री गुरु सिंह सभा महासचिव अजीत सिंह मलिक,विजय मास्टर जी, गुरेन्दर सिंह कोहली, मेहरचंद, मुकुल दुआ, कविश वाधवा, अभिजीत सिँह गंभीर, हिमांशु अरा. रा, संता सिँह, विनय कुमार आदि मे सेवा कर साहिब जादौ एवं माता गुजरी जी को नमन किया।

## नगर पंचायत मीरांपुर ने अभी तक जलाये अलाव

**मीरापुर।** शीतलहर के शुरू होते ही ठंड से बचाव के लिए नगर पंचायत मीरापुर में अलाव जलाने की मांग तेज हो गई है। जागरूक नागरिक दानिश कुरैशी ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कस्बे के कुछ क्षेत्रों जैसे कमलियान मोहल्ला, थावर वाली मस्जिद और पड़ाव चौक में ही अलाव हेतु लकड़ी डाली जा रही है, जबकि कस्बे के दर्जनों अन्य मोहल्लों में अब तक कोई राहत व्यवस्था नहीं की गई है। दानिश कुरैशी ने कहा कि जब ठंड पूरे कस्बे में समान रूप से पड़ रही है, तो राहत की व्यवस्था भी सभी क्षेत्रों में समान रूप से होनी चाहिए। उन्होंने नगर पंचायत मीरापुर के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से अपील करते हुए कहा कि कस्बे के सभी मुख्य स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ी डालने का कार्य तुरंत शुरू किया जाए। इससे आम नागरिकों, बुजुर्गों और गरीब वर्ग को ठंड से बचाव में राहत मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने भी नगर पंचायत से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# धारीवाला के विकास को मुख्यमंत्री से मिले भाजपा नेता



**मोरना।** गंगा किनारे वाले गांव धारीवाला के समुचित विकास को लेकर पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी व पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश धीमान ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव धारीवाला मे मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा डॉ. दिनेश धीमान ने सकिर्यता दिखाते हुए ग्रामीणों की परेशानियों को समझते हुए पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी संग मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र देकर बताया कि गंगा किनारे स्थित खरपौड़ गांव के मजरा धारीवाला में चौहान एवं कश्यप समाज के लोग निवास करते हैं। जिसमें आज तक केवल शौचालयों का ही निर्माण हो पाया है। अन्य कोई विकास कार्य मजरे में नहीं हुआ। गांव में आज तक बिजली व्यवस्था नहीं है और न ही गांव में पहुंचने के लिए पक्के रास्ते हैं। बिजली के लिए विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगवाए गए थे, जो वन विभाग ने हटवा दिए थे। प्रकाश के लिए गांव में पूर्व सांसद भरतेंद्र सिंह ने सोलर लाइटें लगवाई थी, जो अब खराब हो चुकी हैं। गांव के लोग आज भी केरोसिन की लालटेन से प्रकाश कर रहे हैं। दोनों नेताओं ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी सीएम योगी को अवगत कराया

## रात्रिकालीन रोडवेज बसों के कस्बे में प्रवेश की मांग को लेकर भाकियू का आक्रोश

**खतौली।** रात्रि के समय रोडवेज बसों के खतौली कस्बे के अंदर से संचालन की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने बुधवार को तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। भाकियू कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहस. ीलदार अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपा और समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

भाकियू नेताओं ने बताया कि कड़ाके की ठंड के मौसम में जहां प्रशासन द्वारा रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था की जा रही है, वहीं दूसरी ओर रोडवेज बसों का रात्रि में कस्बे के अंदर न आना यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बस चालक व परिचालक यात्रियों को दिल्ली-मेरठ हाईवे पर ही उतार देते हैं, जिससे उन्हें ठंड में पैदल कस्बे तक पहुंचना पड़ता है। नेताओं ने कहा कि हाईवे पर उतारे जाने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही किसी भी समय गंभीर सड़क हादसे की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से दिल्ली से हरिद्वार और हरिद्वार से दिल्ली जाने वाली रात्रिकालीन रोडवेज बसें खतौली कस्बे को बाईपास कर सीधे निकल जाती हैं, जिससे स्थानीय यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ती है। भाकियू ने प्रशासन से मांग की कि दिल्लीख्रमेरठ हाईवे से होकर गुजरने वाली सभी रोडवेज बसों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वे अनिवार्य रूप से खतौली कस्बे के अंदर से होकर गुजरें। संगठन ने चेता. वनी दी कि यदि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महासचिव पवित्र अहलावत, युवा ब्लॉक से सुमित कुमार, गुड़िया ब्लॉक अध्यक्ष विकास दीक्षित, प्रवीण मलिक, पंकज मलिक, शादाब, आदिल सहित अनेक भाकियू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एडीएम ने निर्धन महिलाओं को बांटे कंबल



**बुढ़ाना।** कड़ाके की ठंड में आज बुधवार की देर रात एडीएम फाइनैंस गजेंद्र सिंह ने बुढ़ाना पहुंचकर अचानक से बुढ़ाना नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचकर रैन बसेर का निरीक्षण किया और यहां पर मौजूद मिली गरीब और बेसहारा महिलाओं को गर्म कंबल बांटे और अलाव की भी व्यवस्था देखी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। साफ सफाई, प्रकाश, पानी और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि शीतलहर से बचाव हो सके। बताया जाता है कि एडीएम ने खुद ज़रूरतमंदों, खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बेसहारा लोगों को कंबल दिए और उनकी ज़रूरतें पूछी। उन्होंने रैन बसेरे में साफ सफाई, बिजली, पानी, शौचालय और बिस्तर की व्यवस्था जांची। उन्होंने प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर जलते अलाव का जायजा लिया और नियमित रूप से अलाव जलवाने के निर्देश दिए। तहसीलदार महेंद्र सिंह यादवघ और ईओ आलोक रंजन को कहा गया कि कोई भी बेसहारा व्यक्ति खुले में न रहे उसे तुरंत रैन बसेरे में लाया जाए और हरसंभव मदद की जाए। उन्होंने उपस्थित अन्य लोगों से भी अपील की कि वे स्वयं भी सतर्क रहें और यदि कोई बेसहारा व्यक्ति खुले में सोता दिखे तो प्रशासन को सूचना दें। यहां चौयरपर्सन उमा त्यागी और वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार भी रहे।

# रहकड़ा में प्रवेश द्वार प्रकरण के बीच अधिकारियों ने की पेमाईश

**भोपा।** रहकड़ा गांव में मुख्य मार्ग पर प्रवेश द्वार के निर्माण को शमशान भूमि मे कराये जाने का आरोप लगाते हुए एक वर्ग द्वारा विरोध किया जा रहा है। शिकायत पर संज्ञान लेकर तहसील अधिका. रियो ने मौके पर जाकर शमशान व तालाब भूमि की पैमाइश की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकडा मे सड़क किनारे शमशान व तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर ग्राम प्रधान द्वार प्रवेश द्वार बनाये की शिकायत ग्रामीणो ने एसडीएम से थी।बुधवार को मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने मुआयना किया। तहसीलदार जानसठ श्रध्दा गुप्ता ने बताया की सड़क किनारे स्थित तालाब भोपा गांव के रकबा मे है।और शमसान भूमि रहकडा मे है।मौके पर दोनों की भूमि पर कब्जा हुआ पाया गया है। अवैध कब्जा



करने वालो को तीन दिन का समय दिया गया है।वह अपनी फसल काट कर कबजाई गयी सरकारी भूमि को मुक्त कर दे। अन्यथा कब्जा हटवाने की विधिक कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, बीडीओ विशाखा,राजस्व निरीक्षक प्रमोद पाल, सुनील कुमार शर्मा, लेखपाल सचिन बालियान एवं मनोज कुमार मौजूद रहे।शान्ति व्यवस्था को भोपा पुलिस तैनात रही। गांव रहकड़ा मे बीते एक सप्ताह से प्रवेश द्वार निर्माण प्रकरण के अलावा विकास कार्यों की शिकायत आदि को लेकर दो पक्षों मे आरोप प्रत्यारोप जारी हैं. मंगलवार को भोपा पुलिस द्वारा 26 व्यक्तियों के विरुद्ध मुचलका पाबंद किया जा चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की शान्ति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

प्रकीर्ण वाद सं. 13/2025
मूलवाद सं. 42/2019
साजिद उम्र 56 वर्ष पुत्र सखावत निवासी ग्राम काजीवाला, परगना, तहसील व जिला बिजनौर।

**बनाम**

1- राशिद उम्र 51 वर्ष पुत्र शखावत निवासी ग्राम काजीवाला परगना, तहसील व जिला बिजनौर आदि।

8/1- फुरकान, 8/2- फरमान पुत्रगण स्व. नसीर निवासीगण ग्राम सुजडू, परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 8/3- सलमा पुत्री स्व. नसीर पत्नी इस्तेकार, 8/5-आसमा पुत्री नसीर पत्नी इसरार, 8/6- नगमा पुत्री नसीर पत्नी आबिद निवासीगण मौ. जहांगीर पट्टी, निकट मदरसा मुजफ्फरनगर, जिला मुजफ्फरनगर, 9- फरजाना उम्र 43 वर्ष पत्नी नसीर निवासी सुजडू , परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी से इस बअदालत से यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र आवेदन डिक्री कतई प्रस्तुत किया हैं, अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्षित करने के लिए 12.01.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन वारिसान प्रस्तुत, को एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 12.01.2026

**प्रबंध**
**न्यायालय सिविल जज जू.डि. बिजनौर।**

# चेयरपर्सन ने अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए सभी नागरिकों को राहत देने के लिए बीती मंगलवार की देर रात बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल ने अपने युवा पुत्र अभिनव त्यागी एडवोकेट और नगर पंचायत कर्मचारियों को साथ लेकर अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। हल्की शीतलहर शुरू होते ही नगर पंचायत बुढ़ाना के द्वारा पूरे कस्बे में प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था कर दी गयी थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि पूरे नगर क्षेत्र में काफी जगहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है।

इसमें बडा बाजार, छोटा बाजार, कस्साबान पुलिया, भारत चौक, पैंठ बाजार, पुराना बस स्टैंड, महावीर तिराहा सहित अन्य कई स्थानों पर अलाव जल रहा है ताकि गरीबों को ठंड के प्रकोप से बचाया जा सके। पंचायतकर्मियों की देखरेख में इन सभी जगहों पर रोज



अलाव जलाया जा रहा है। बताया जाता है कि बढ़ती ठंड के बीच रात्रि में नगर पंचायत बुढ़ाना चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कस्बे के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर पंचायत कार्मियों को निर्देशित किया कि किसी भी निर्धारित स्थान पर लकड़ियों की कमी नहीं होनी चाहिए। किसी भी तरह की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं होगी साथ ही कुछ और प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्दश दिए हैं।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11715 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम अनमता अंकित नहीं कराया गया था, जिसका जन्म 15.10.2022 (अपेक्स हॉस्पिटल, रुड़की चुंगी) में हुआ था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**मुदस्सिर बेग पुत्र सिकंदर बेग गली नं. 12 ए, मकान नं. 673, मल्हूपुरा, मुजफ्फरनगर।**

# धर्म की आड़ में पाप छिपाने वाले समाज और धर्म के लिए सबसे बड़ा खतरा : मुनि प्रतीक सागर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** धर्म और समाज की नींव एकांतवाद पर नहीं, बल्कि अनेकांतवाद पर टिकी होती है, जहाँ स्वयं को समझने के साथ-साथ दूसरों की भावना और दृष्टिकोण को समझना भी उतना ही आवश्यक है। आज व्यक्ति अहंकार में डूबकर केवल अपनी बात को ही सत्य सिद्ध करने में लगा है, जिसके परिणामस्वरूप परिवार, समाज और राष्ट्र स्तर तक टकराव की स्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं। यह विचार क्रांतिवीर मुनि श्री प्रतीक सागर जी महाराज ने चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित दैनिक धर्मसभा के दौरान व्यक्त किए।

मुनि श्री ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि देश को सबसे बड़ा खतरा गद्दारों से नहीं, बल्कि पहरेदारों से होता है, और इसी प्रकार धर्म को सबसे अधिक खतरा नास्तिकों से नहीं, बल्कि उन कथित धर्मात्माओं से है, जो धर्म की चादर ओढ़कर अपने पाप, अपराध और स्वार्थ को छिपाने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग धर्म का नाम लेकर समाज को भ्रमित करते हैं और उसकी मूल आत्मा को चोट पहुँचाते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म किसी जाति, संप्रदाय या वर्ग की सीमाओं में बंधा नहीं होता, बल्कि वह अनंत आकाश की भाँति निर्मल, व्यापक और सभी के लिए समान होता है। धर्म का उद्देश्य जोड़ना है,



तोड़ना नहीं। मुनि श्री ने कहा कि धर्म की बातें करना आसान है, लेकिन उसे जीवन में उतारना अत्यंत कठिन। धर्मात्मा होने का दिखावा कोई भी कर सकता है, किंतु धर्म को सच्चे अर्थों में समझने के लिए अपनी अंतरात्मा से संवाद आवश्यक है। धर्म परिवर्तन के विषय में उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपने धर्म की गहराइयों को समझ ले, तो उसे कभी धर्म परिवर्तन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। धर्म परिवर्तन वही करते हैं, जो अपनी इच्छाओं और स्वार्थों की पूर्ति के लिए धर्म को साधन बनाते हैं, न कि साध्य। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुनि श्री के प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह को आत्मचिंतन, नैतिकता और सामाजिक समरसता का गहन संदेश प्राप्त हुआ।

**सूचना**

मेरा पुत्र शिवम सैनी गलत संगत में पड़ गया है मेरे व परिवार के कहने सुनने में नही रहा है काफी समझाने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा है, जिस कारण तंग आकर मैने इससे अपने समस्त पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। मैने शिवम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके किसी भी लेन-देन अथवा कार्य की मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। शिवम खुद जिम्मेदार होगा।

**योगराज सिंह पुत्र स्व. श्री रणवीर सिंह निवासी- ग्राम जन्धेडी, डाकखाना खास, थाना सिखेडा, तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरा पुत्र रिहान मेरे कहने-सुनने में नही है वह बात-बात पर लडाई झगडा करता है। वह बुरी संगत में पड गया हैं समझाने पर नही समझता है जिससे दुखी एवं परेशान होकर मैं 21 दिसंबर 2025 से अपने पुत्र रिहान को स्वस्थ मन मस्तिष्क की दशा में उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज के बाद मेरा व मेरे परिवार से रिहान का कोई ताल्लुक वास्ता किसी किस्म का नही होगा। आज के बाद अगर रिहान किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन आदि किसी किस्म का गैर कानूनी कार्य करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मो फारूक पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम खोजा नगला थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11357/18-8-25 मे गलती से पुत्र का नाम मौहम्मद अहम्मद अकिंत करा दिया गया था जबकि मेरे बेटे का वास्तविक नाम मौहम्मद अहमद प्रधान है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**वसीम आलम प्रधान ग्राम- खाईखेड़ा जिला- मुजफ्फरनगर मौ.-9758369826**

**सूचना**

मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 12825/02.11.2020 एवं पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 2637/02.03.2022 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण नाम दर्ज नहीं कराया गया मेरी पुत्री एवं पुत्र का वास्तविक नाम AARYA TOMAR एवं JIYANSH TOMAR है रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है

**रूबी रानी पत्नी आकाश तोमर 426, गली नंबर 9, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर मो-9760267967**

# हौसलों के आगे बेबस हुई नेत्रहीनता, तहसील में कुर्सी बुनकर आत्मनिर्भर बना रामबीर सैनी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जहाँ अक्सर शारीरिक अक्षमता को असहायता और अभाव से जोड़कर देखा जाता है, वहीं कुछ लोग अपने मजबूत इरादों से इस सोच को पूरी तरह गलत साबित कर देते हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक तस्वीर बुधवार को खतौली तहसील परिसर में देखने को मिली, जहाँ एक नेत्रहीन व्यक्ति टूटी-फूटी सरकारी कुर्सियों को बुनते हुए आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहा था। मुजफ्फरनगर जनपद निवासी रामबीर सिंह सैनी जन्म से ही नेत्रहीन हैं। आंखों की रोशनी न होने के बावजूद उन्होंने कभी जीवन को बोझ नहीं बनने दिया। कठिन परिस्थितियों और सीमित साधनों के बीच भी रामबीर ने शिक्षा जारी रखी और 12वीं तक पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपने हुनर को पहचानते हुए कुर्सी बुनाई का प्रशिक्षण लिया और गोरखपुर से अप्रेंटिसशिप पूरी की।

मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का ही परिणाम रहा कि वर्ष 2007 में रामबीर सैनी को सरकारी नौकरी मिली। तब से वह विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कुर्सी बुनने का कार्य करते हुए ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। बुधवार को खतौली तहसील में कार्य करते हुए उन्होंने अपने संघर्ष और जीवन के अनुभव साझा किए। रामबीर का कहना है कि नेत्रहीनता कभी भी उनके आत्मबल को कमजोर नहीं कर सकी। उनका विश्वास है कि यदि व्यक्ति के इरादे मजबूत हों, तो कोई भी शारी. रिक कमी उसकी प्रगति में बाधा नहीं बन सकती। सरकारी सेवा के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने परिवार को सम्मानजनक जीवन दिया, बल्कि समाज के सामने आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल भी रखी।

आज रामबीर सिंह सैनी केवल अपने परिवार का सहारा ही नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा हैं जो विपरीत परिस्थितियों के आगे हार मान लेते हैं। उनकी जीवन यात्रा यह संदेश देती है कि अपंगता कमजोरी नहीं, बल्कि संकल्प के साथ आगे बढ़ने की एक नई राह भी हो सकती है।



**सूचना**

मेरा पुत्र फरमान मेरे कहने-सुनने में नही है। गलत संगत में पड गया है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने फरमान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। फरमान स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमति सायरा पत्नी मेहराज निवासी 827/227 अम्बा विहार, मुजफ्फरनगर शहर व जिला-मुजफ्फरनगर।**

**पेडो की नीलामी सूचना**

सदर तहसील के अन्तर्गत बझेडी गांव स्थित कब्रिस्तान में शीशम के पेडो की नीलामी 29.12.2025 को दिन 11 बजे की जाएगी।

इच्छुक बोलीदाता 10 हजार रूपये नकद जमा कराकर शर्तो सहित जरूरी कागजात जमा कराकर बोली में भाग ले सकेंगे।

**तहसीलदार सदर**
**तहसील सदर**
**मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी पत्नी रेखा शादी के बाद से ही मेरे साथ दुर्व्यवहार करती है वह बहुत तेज तर्रार किस्म की महिला है जब मैं उसको रोकता टोकता हूं तो वह मेरे साथ मारपीट कर परिवार को दहेज मांगने व मारपीट के मुकदमे में फसाने की धमकी देती है मेरी पत्नी का चाल-चलन ठीक नहीं है और वह परिवार को बलात्कार के मुकदमे में फसाने की भी धमकी देती है जब मैंने अपनी पत्नी रेखा को गलत रास्ते से रोका तो वह मेरी पुत्री आरजू व परी तथा बेटे सूरज को छोड़कर चली गई अब साथ माह बाद एक बार फिर वह मुझे झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे रही है मैंने अपनी पत्नी से सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए हैं और उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद रेखा द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए रेखा खुद जिम्मेदार होगी

**सुशील कुमार पुत्र रघुवीर सिंह निवासी गांव मंसूरपुर थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्राक:- 1702 /E-Tender/P.W.D./NPP/2025-26 दिनांक: 24-12-2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों की सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 01 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 30.12.2025 को अपराह्व 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 24/12/2025 - की प्रात 10:00 से दिनांक 30/12/2025 की अपराह्व 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 30.12.2025 की अपराह्व: 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य **राज्य वित्त आयोग** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गई वेबसाईट पर लॉगइन कर प्राप्त कर सकते हैं।

| सहायक अभियन्ता (निर्माण) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर। | नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर। | नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर। |

## कड़ाके की ठंड में हाईवे बना यात्रियों की मजबूरी
# रोडवेज बसों की अनदेखी ने खोली प्रशासनिक तैयारियों की पोल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भीषण ठंड और शीतलहर के बीच प्रशासन भले ही अलाव और रैनबसेरों की व्यवस्थाओं को लेकर सक्रिय होने का दावा कर रहा हो, लेकिन जमीनी सच्चाई इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। नगर के चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जाने और जरूरतमंदों के लिए रैनबसेरे सक्रिय करने की बात कही जा रही है, परंतु यात्रियों की सबसे बड़ी समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है।

दरअसल रात्रि के समय रोडवेज बसों का खतौली कस्बे के अंदर न आना यात्रियों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। दिल्ली, हरिद्वार, देहरादून, मेरठ सहित अन्य दूरदराज़ क्षेत्रों से आने-जाने वाली रोडवेज बसें रात के समय कस्बे में प्रवेश किए बिना राष्ट्रीय राजमार्ग से ही गुजर जाती हैं। बस चालक और परिचालक यात्रियों को कस्बे से काफी दूर हाईवे पर ही उतार देते हैं, जहां कड़ाके की ठंड, घना कोहरा और तेज़ हवाएं उनकी परेशानी को और बढ़ा देती हैं। हाईवे पर उतारे गए यात्रियों को घंटों तक किसी साधन का इंतजार करना पड़ता है। रात के समय ऑटो, ई-रिक्शा या टैक्सी की सुविधा न के बराबर रहती है, जिससे लोग मजबूरी में पैदल चलने या किसी निजी वाहन की प्रतीक्षा करने को विवश हो जाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और बीमार यात्री इस स्थिति में सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ठंड में लंबे समय तक खुले हाईवे पर खड़े रहने से सर्दी-जुकाम, बुखार और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। कई यात्रियों ने बताया कि वे बीमार हालत में घर पहुंचे। सिर्फ असुविधा ही नहीं, बल्कि सुरक्षा भी एक गंभीर सवाल बनी हुई है। देर रात तेज़ रफ्तार वाहनों के बीच यात्रियों को हाईवे पर उतारना सड़क हादसों को न्योता देने जैसा है। साथ ही सुनसान हाईवे पर लूटपाट और अन्य आपराधिक घटनाओं का डर भी लोगों के मन में बना रहता है। नगरवासियों का कहना है कि प्रशासन अलाव और रैनबसेरों को लेकर तो सक्रिय दिखाई देता है, लेकिन रोडवेज बसों की समस्या पर उसकी चुप्पी समझ से परे है। यदि बसों को रात्रि के समय कस्बे के अंदर से होते हुए बस स्टैंड तक लाया जाए, तो यात्रियों को ठंड, असुरक्षा और अव्यवस्था से बड़ी राहत मिल सकती है। इस बीच तहसीलदार खतौली अरविंद कुमार ने बताया कि रोडवेज बसों के रात्रि में कस्बे में न आने की शिकायतें मिली हैं। इस संबंध में मुजफ्फरनगर आरएम और खतौली एआरएम से पत्राचार किया जा रहा है, जिसके बाद रोडवेज बसों को खतौली के अंदर से निकाले जाने की व्यवस्था की जाएगी। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने जिला प्रशासन व परिवहन विभाग से मांग की है कि सर्दी के मौसम को देखते हुए सभी रात्रिकालीन रोडवेज बसों को अनिवार्य रूप से खतौली कस्बे के अंदर से बस स्टैंड तक लाया जाए और हाईवे पर यात्रियों को उतारने की प्रथा पर तुरंत रोक लगाई जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़े हादसे या अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# बुढ़ाना पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले दबोचे

**बुढ़ाना।** सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में कोतवाल सुभाष अत्री ने अवैध शस्त्र बनाकर उनको बैंचने वाले 2 युवकों को पकड़कर उनके पास से भारी मात्रा में बने अधबने शस्त्र व उपकरण बरामद किए। आज बुधवार को गश्त के दौरान बुढाना पुलिस को सूचना मिली कि कांधला वाया मंदवाडा मार्ग पर ईख के खेत में 2 युवको द्वारा अवैध शस्त्र बनाए जा रहे हैं। इस सूचना को सही मानकर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोचकर उनके पास से 11 तमंचे, 1 पोनिया, एक दोनाली पोनिया, आधा दर्जन अधबने तमंचे, 1 अधबनी पोनिया, लोहे की छोटी बड़ी 7 नाल, एक लोहे की आरी, लकडी के गुटके, ब्लेड, ड्रिल मशीन, वेल्डिंग मशीन, लोहे की रोड और बेल्डिंग रोड आदि सामान बरामद किया। पकड़े गये युवकों ने अपने नाम असलम पुत्र नूर हसन निवासी ग्राम जौला हाल निवासी ग्राम परासौली और महताब पुत्र अशरफ निवासी ग्राम कुल्हेडी थाना चरथावल हाल निवासी मिमलाना रोड न्याजूपुरा मुजफ्फरनगर बताए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि हम दोनों अवैध शस्त्र निमार्ण का कार्य करते हैं। समय समय पर शस्त्र निर्माण का स्थान बदलते रहते हैं। आज भी हम लोग उक्त स्थान पर तमंचे बना रहे थे। तैयार किए गए तमंचे हम लोग शाहरूख पुत्र हसन व रिजवान निवासीगण ग्राम जौला तथा ग्राम जौला की ही मोटी नाम की एक महिला को बैंचते हैं। कुछ तमंचे हमने तैयार कर लिये थे तथा कुछ अधबने तमंचों को हम बना रहे थे कि आज पकड़े गये। दोनों बदमाशों पर 16 अपराधिक मामले जिले के थाना चरथावल, तितावी, रतनपुरी, बुढ़ाना कोतवाली में दर्ज हैं। टीम में कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार, गढ़ी चौकी इंचार्ज ललित कसाना, दारोगा छविकांत चौहान, आशीष कुमार, है

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**बुढ़ाना।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल ने बीते रात बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस बल संग पैदल गस्त करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सभी लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया गया। क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुखढ़ रखने हेतु एसपी देहात द्वारा बुढाना कस्बे के प्रमुख बाजार, भीड भाड वाले व संवेदनशील स्थानों पर पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। पैदल गस्त के दौरान उनके द्वारा लोगों से वार्ता कर सुरक्षा संबंधी सुझावों का आदान प्रदान किया गया तथा वाहनों की सघन चौकिंग भी की गयी साथ ही यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बुढाना गजेन्द्र पाल सिंह, बुढाना कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्री सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**भोपा।** जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबॉल मैच का आयोजन आज जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक ओमपाल सिंह ने वॉलीबॉल कोर्ट का फीता काटकर किया।

इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने सभी विद्यार्थियों से हाथ मिलाकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं तथा पहली सर्विस कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बाद रेड हाउस एवं ब्लू हाउस की टीमें फाइनल में पहुँचीं। ब्लू हाउस की टीम का नेतृत्व कप्तान वर्चस्व ने किया, जबकि रेड हाउस की कमान कप्तान आशु के हाथों में रही। दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा। पहले सेट में रेड हाउस ने 21ख्र19 से जीत दर्ज की, जबकि दूसरे सेट में ब्लू हाउस ने 21ख्र19 से मुकाबला अपने नाम किया। निर्णायक तीसरे सेट में ब्लू हाउस ने 21ख्र19 से रेड हाउस को पराजित कर प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी एवं निदेशक ओमपाल सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को उनके उत्ख्रष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सांसद ने बीमार चेयरपर्सन पति का हाल जाना

■ **सुबोध त्यागी करीब डेढ माह से बीमार है**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी से मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र मलिक और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी बीती मंगलवार की देर रात बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने डीसीडीएफ मुजफ्फरनगर के पूर्व चेयरमेन और बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी के पति सुबोध त्यागी की कुशलता जानी। इस दौरान पार्टी के मुद्दों पर भी काफी बातचीत हुई। यहां पर सुबोध त्यागी के बड़े भाई समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी भी रहे। गौरतलब है कि सुबोध त्यागी लगभग डेढ़ माह से बीमार हैं और अपने आवास पर बेड रेस्ट पर है। सभी ने उनकी स्वास्थ्य की कामना ईश्वर से की। यहां बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, अंकुर त्यागी, अभिनव त्यागी एडवोकेट, नीरज शर्मा, बाबू मल्लाह सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चौरावाला में गन्ना कोल्हुओं पर कार्रवाई से हड़कंप

**मोरना।** कोल्हुओ मे प्रतिबंधित ईंधन जलाए जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बुधवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम गांव चौरावाला पहुंची और प्रतिबंधित ईंधन मिलने पर तीन कोल्हुओ पर सील लगाने कार्रवाई की है तथा बिना लाईसेंस चल रहे कोल्हुओ को चेतावनी दी है।

मोरना ब्लॉक क्षेत्र गांव चौरावाला में गन्ना कोल्हुओ में प्लास्टिक के जूता,चप्पल,पन्नी,रबर आदि जलाये जाने की शिकायत ग्रामीण लगातार कर रहे थे।कोल्हुओ में प्लास्टिक कचरा आदि के ढेर लगे होने तथा वाहनों द्वारा ले जाये जाने की वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गई। जिसके बाद बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम चौरावाला गांव मे पहुंची जहां प्रतिबंधित ईंधन मिलने पर लैब असिस्टेंट आकाश जोशी व फील्ड अस्सिटेंट शुभम कुमार ने कार्रवाई की। आकाश जोशी ने बताया की उच्च अधिकारी के आदेश के अनुपालन मे उनकी टीम गांव चौरावाला पहुंची जहां शाहआलम,मोहम्मद नदीम व जावेद के कोल्हू में प्रतिबंधित ईंधन पाया गया। तीनों कोल्हुओ पर सील लगाने कार्रवाई की गई है साथ ही लाइसेंस न होने तथा आबादी के निकट होने के चलते कोल्हू संचालक आबिद, युसूफ, तौसीफ को नोटिस दिया गया है।आबादी से 500 दूरी होने भूमि के मानक पूरे करने के बाद पर्यावरण के नियमों को पूरा करने पर बोर्ड से अनुमति लेनी होती है। मानको व नियमों को पूरा करने के बाद ही कोल्हू चलाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

इस दौरान थाना ककरौली पर



तैनात उप निरीक्षक राकेश यादव व श्रीपाल यादव मयपुलिस बल के साथ मौजूद रहे।वहीं चौरावाला निवासी युवक ने कोल्हुओ मे प्रतिबंधित ईंधन जलाने की शिकायत बेहद भावुक अंदाज मे कर एक ऑडियो वायरल कर दिया था।जिसमें युवक कोल्हुओ पर कार्रवाई न पर आत्म हत्या करने की चेतावनी दे रहा था।ऑडियो से शान्ति भंग की आशंका को देख पुलिस ने युवक को हिरासत मे ले लिया

थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की युवक का शान्ति भंग मे चालान किया गया।युवक द्वारा आत्महत्या कर लेने की चेतावनी का मामला संज्ञान मे आया था।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव के रिजल्ट पर बांटी मिठाई

**बुढ़ाना।** मौहल्ला काजीवाडा में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला महासचिव आजम फारूखी के आवास पर स्थित आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय पर आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग हुई। जिसमें महाराष्ट्र राज्य में गत दिवस हुए नगर निकाय चुनाव में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी ने जो कामयाबी हासिल की है उसकी जीत की खुशी में आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इज़हार किया ओर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। मीटिंग में जिला महासचिव आज़म फारुकी, बुढ़ाना



विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, विधानसभा कोषाध्यक्ष राशिद अंसारी, बुढाना नगर अध्यक्ष फहीम उस्मानी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमीज उस्मानी, वसीम कुरैशी टोंटा, गुड्डू सिद्दीकी, संयुक्त सचिव अरशद रंगरेज, जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी सै"यद बाबर, भूरा पहलवान, महबूब राणा, कल्लन सिद्दीकी, शाद फारुकी, आमिर रंगरेज, शाहज़ेब सिद्दीकी, अरीब उस्मानी, आशु अब्बासी व अली फारुकी आदि कार्यकर्ता रहे।

# एसपी ने कोतवाली में विवेचकों के साथ समीक्षा की

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने कोतवाली बुढाना में नियुक्त विवेचकों का अर्दली रुम लिया। विवेचकों को समय से निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण विवेचनाओं का निस्तारण करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जरुरी निर्देश दिये। एसपी देहात ने कोतवाली में नियुक्त विवेचकों का अर्दली रुम लिया। उनके द्वारा कोतवाली में लंबित विवेचनाओं, महिला संबंधी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित व वारंटियों की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी कर विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया



गया साथ ही सब अधिकारी व कर्मचारियों को क्षेत्र में मादक पदार्थों, शराब, जुआ, सटे की पूर्णत: रोकथाम करने, शातिर अपराधियों हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने व आम लोगों से शालीन व्यवहार करने, महिला सम्बन्धी अपराधों की जांचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने व क्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14द्ध1ऋ गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही करने, हिस्ट्रीशीटर्स की समय समय पर चेकिंग करने व फ्लाई सीट में चेकिंग की प्रविष्टियां पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। यहां सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### वैश्य अग्रवाल महासभा ने सिद्धबलि मंदिर में किया कीर्तन



**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा की महिला इकाई की लगभग 90 सदस्यों ने महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग के मार्गदर्शन मे कोटद्वार स्थित सिद्धबली मंदिर में बाबा हनुमान के दर्शन कर बाबा के भजन गाकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया तत्पश्चात सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया मंदिर पहुंचने पर सभी सदस्यों का सिद्धबली स्टील के डायरेक्टर कृष्ण कंसल व उनकी धर्मपत्नी ने स्वागत किया दर्शन करने वालों में महिला अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल महामंत्री मोनिका गोयल कोषाध्यक्ष स्नेहा गर्ग प्रिया गोयल अचला बिंदल साधना कुचल साधना गर्ग राधा गर्ग अल्पना गोयल सुभा अग्रवाल रुचि गर्ग प्रिया माहेश्वरी आरुषि गुंजन हिमानी अरुणा कुचल नूतन प्रियंका ईशा मधु नेहा नेहा रेनू डॉक्टर कल्पना गुप्ता गीता जिंदल रजनी रविता शिल्पी नाम रितु गोयल प्रियंका गोयल आस्था भावना सुमन गोयल स्वामी सीमा दास रीता मोनिका अग्रवाल अदिति बंसल प्रियंका राशि आदि

### कैलापुर में किसान पाठशाला का आयोजन

**मीरापुर।** स्वशासन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत केलापुर में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को भूमि संरक्षण, स्वास्थ्य सुधार तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाने के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में बताया गया कि भूमि हमारी मातृभूमि है और यदि मिटी अस्वस्थ होगी तो पर्याप्त अन्न उत्पादन संभव नहीं होगा। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए यदि उत्पादन में कमी आई तो देश में भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए किसानों को अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने, लागत घटाने और आधुनिक व वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर खेती से बेहतर मुनाफा कमाने की आवश्यकता है। किसानों को यह भी सुझाव दिया गया कि धान की पराली और गन्ने की पत्तियों को जलाने के बजाय खेत में ही खाद के रूप में परिवर्तित किया जाए, जिससे मिटी की उर्वरता बढ़ेगी और रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी। जैविक खेती करने वाले प्रगतिशील किसान ध्यान सिंह ने कहा कि पहले लोग मोटा अनाज खाते थे, जिससे बीमारियां कम होती थीं और आयु अधिक रहती थी। बारीक अनाज के अधिक उपयोग से आज ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, शुगर, जोड़ों का दर्द, पाचन संबंधी रोग तथा दृष्टि कमजोर होने जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जो सीधे तौर पर हमारे खान-पान पर निर्भर करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान तारे सिंह ने की। मुख्य अतिथि रवि शर्मा रहे। ब्लक्क से एडीओ संदीप कुमार, राकेश, चंद्रसेन, बलजोरी, मनोज कुमार, कपिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सैकड़ों किसानों की सहभागिता रही तथा अंत में सभी के लिए जलपान की उचित व्यवस्था की गई

# सपा कार्यकर्ता कोई भी वोट कटने ना दें: जोशी

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर भुवन जोशी ने कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर की सभी छह विधानसभा सीटों पर आज समाजवादी पार्टी बहुत ही मजबूत स्तिथि मे है। इसलिए सब सपा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के बीएलओ से मिलके अपने एसआईआर के फार्मों की जांच करें और देखें एसआईआर फार्म में कुछ ग़लत जानकारी तो नहीं है। तभी आपके वोटों की रक्षा हो सकती है और हमारे ये ही वोट यूपी में सपा की सरकार बनवाएंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री जोशी बीती मंगलवार की सायं बुढ़ाना कस्बे के पुल पार सफीपुर पटी में मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित फ़ैज़ गार्डन में आयोजित समाजवादी पार्टी संगठन की एसआईआर समीक्षा की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हजारों सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी द्वारा की गई जबकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने इस बैठक का निरीक्षण कर सब कार्यकर्ताओं को अपने वोटों के एसआईआर फार्मों का अवलोकन करने को कहा ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी ना हो। सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि बुढ़ाना विधानसभा जीत की ओर अग्रसर है। जिसकी हिफाजत जनता सपा नेतृत्व पर ब्विास करके करेगी और फिर से भाईचारे के साथ विकास कार्यों पर कार्य किए जाएंगे। इस मीटिंग में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के निवासी और समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र पाल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता जनता के कार्यों को करवाने के लिए हर समय तैयार हैं। हम सभी ने मिल जुलकर पूर्व में हर गांव में जा जाकर कैम्प लगवाकर वोटों की रक्षा करने का कार्य किया है। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने रात दिन अधिकारियों से जन सम्पर्क कर



कार्यकर्ताओं के साहस को बढ़ाने का कार्य किया। बैठक को धर्मेंद्र नीटू, सोमपाल भाटी, नवाब इम्तियाज, धनवीर कश्यप, रविंद्र प्रधान जोगी ने भी संबोधित किया। बैठक का आयोजन सत्येंद्र पाल व धर्मेंद्र नीटू ने किया जबकि संचालन बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान ने किया। यहां अनेश निर्वाल, सलीम कुरेशी, लोकेंद्र जाटव, राजकुमार जोगी, अमन त्यागी, हरिओम शर्मा, जितेंद्र कश्यप, पुष्पेंद्र बालियान, सचिन जाटव, जुल्फिकार कुरेशी, रमेश पाल, अमित पाल, रविंद्र पाल, बॉबी शर्मा, कृष्ण रूहेला सहित हजारों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस बैठक की सफलता पर उक्त बैठक के आयोजक सत्येंद्र पाल का समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर भुवन जोशी ने आभार जताया।

# भाजपाईयों ने एमएलसी वाली वोटें बनवाई

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के निर्देश अनुसार, भारतीय जनता पार्टी मुजफ्फरनगर जनपद के जिला अध्यक्ष डाक्टर सुधीर सैनी के मार्ग दर्शन और भारतीय जनता पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला संयोजक श्रीमोहन तायल के नेतृत्व में आज बुधवार की देर रात तक भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना विधानसभा सह संयोजक आशीष जैन ने विधान परिषद एमएलसी की वोटों को बनवाने का कार्य किया। जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 के भाजपा सभासद



अजय संगल ने नए फार्म भरवाकर दिए और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से एसआईआर के फार्म भी भरने का पुरजोर आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता आशीष जैन बड़ी ही दिलचस्पी से रात दिन वोटों को बनवाने का जो कार्य डोर टू डोर पहुंचकर कर रहे हैं उससे भाजपा संगठन को भी मजबूती मिल रही है।

# किसान पाठशाला में शामिल हुए संयुक्त कृषि निदेशक



**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त कृषि निदेशक सहारानपुर राकेश कुमार, पुरकाजी के बढ़ीवाला गाँव पहुंचकर किसान पाठशाला का निरीक्षण किया तथा किसानो को उत्तम खेती करने के वैज्ञानिक तरीके समझाए। तत्पश्चात प्राकृतिक खेती कर रहे किसान के खेत पर जाकर उन्हें प्रोत्साहित किया, भ्रमण के दौरान उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही, सचिन कुमार, थानेश्वर सिंह रविंद्र एव किसान साथ मे रहे।

# आईआईए की श्रम कानून ब्रेकफास्ट मीटिंग में उद्योगों को मिली व्यवहारिक जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) मुजफ्फरनगर चौप्टर द्वारा श्रम कानूनों पर एक महत्वपूर्ण ब्रेकफास्ट मीटिंग का आयोजन होटल स्वर्ण इन में किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ श्रम कानून सलाहकार उमेश गोयल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईए चौप्टर चेयरमैन अमित जैन, डिवीजनल सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल, सचिव राहुल मित्तल एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्य नीरज केडिया द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ किया गया।अपने संबोधन में चौप्टर चेयरमैन अमित जैन ने कहा कि वर्तमान परिख्रश्य में उद्योगों के लिए श्रम कानूनों की सही एवं समयानुकूल जानकारी अत्यंत आवश्यक है। श्रम कानूनों की स्पष्ट समझ से उद्योग अनावश्यक विवादों, दंडात्मक कार्यवाहियों तथा प्रशासनिक जटिलताओं से बच सकते हैं।मुख्य वक्ता उमेश गोयल ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा श्रम कानूनों में किए गए हालिया परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत चार नए श्रम कोड लागू किए गए हैं, जिनमें पूर्व के 22 श्रम कानूनों को समाहित किया गया है तथा 7 कानूनों को समाप्त किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में उद्योगों से संबंधित कई अनुपालन प्रक्रियाएं अभी भी पुराने श्रम कानूनों के अंतर्गत संचालित हो रही हैं, जिससे व्यवहारिक स्तर पर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।उन्होंने फैक्ट्री एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण, वेतन भुगतान, ग्रेच्युटी, पॉश एक्ट, सामाजिक सुरक्षा, निरीक्षण व्यवस्था एवं श्रमिक प्रबंधन से जुड़े प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया तथा उद्यमियों के प्रश्नों के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। आईआईए के डिवीजनल सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल ने जानकारी दी कि जनवरी माह में लखनऊ में एक फूड एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इच्छुक उद्यमी अपनी आवश्यकता के अनुसार स्टॉल बुक करा सकते हैं। आईआईए के पूर्व केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीरज केडिया ने श्रम कानूनों में सरकार द्वारा किए गए प्रावधानों पर अपने विचार रखते हुए उद्योगों से समय रहते अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन आईआईए सचिव राहुल मित्तल ने किया। उन्होंने बताया कि संगठनात्मक समन्वय एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा हेतु आईआईए हेड ऑफिस के साथ प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से वर्चुअल मीटिंग आयोजित की जाती है। उन्होंने अधिक से अधिक सदस्यों से इन बैठकों में सहभागिता करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में आईआईए कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में



आईआईए के पूर्व चेयरमैन मनोज अरोरा, शरद जैन, वाइस चेयरमैन अमित गर्ग, दीपक सिंघल, सुशील अग्रवाल, युवा विंग कैप्टन अनमोल अग्रवाल, स्पेशल सेक्रेटरी अमन गुप्ता, राज शाह, सह-कोषाध्यक्ष नमन जैन, जगमोहन गोयल, पंकज जैन, अरविंद मित्तल, प्रीतुल जैन, पंकज मोहन गर्ग, अपूर्व गर्ग, सीए अमन गुप्ता, तुषार गुप्ता (एडवोकेट), आचमन गोयल, प्राची अरोरा, अजय अरोरा, अनुज कुच्छल, राकेश ढींगरा, सुनील चौधरी, डॉ. यशपाल सिंह, विवेक गोयल, सौरभ मित्तल, ललित अग्रवाल, प्रशांत गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज कुमार, स्पर्श वर्मा, प्रतीक किशोर मित्तल, कौशल अग्रवाल, मुदित जैन, राहुल गोयल, गौरव अरोरा सहित बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल ने किया गन्ना बकाया भुगतान






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, यूनिट.थानाभवन द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के दौरान किसानों से खरीदे गए गन्ने का बकाया भुगतान लगभग पूरा कर दिया गया है। मिल को पांच गन्ना सोसायटियों थानाभवन, ननौता, ऊन, शामली और बिरलासी से गन्ना आपूर्ति होती है।

इनमें से शामली सोसायटी को छोड़कर शेष चारों सोसायटियों का संपूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है।मिल द्वारा जारी विवरण के अनुसार कुल 106.95 लाख क्विंटल गन्ने की आपूर्ति के सापेक्ष 39,091. 73 लाख रूपए का भुगतान देय था, जिसमें से 38,339.39 लाख रूपए किसानों को जारी किए जा चुके हैं। वर्तमान में कुल 752.34 लाख रूपए का बकाया शेष है, जो केवल शामली गन्ना सोसायटी से संबंधित है।

भुगतान स्थिति के अनुसार थानाभवन सोसायटी से 56.74 लाख क्विंटल गन्ने की आपूर्ति के सापेक्ष 20,879.66 लाख रूपए का पूरा भुगतान कर दिया गया है। ननौता सोसायटी से 3.68 लाख क्विंटल गन्ने के बदले 1,355.58 लाख रूपए, ऊन सोसायटी से 0.28 लाख क्विंटल के सापेक्ष 102.48 लाख रूपए तथा बिरलासी सोसायटी से 2.70 लाख क्विंटल गन्ने के बदले 985.96 लाख रूपए का भुगतान पूर्ण किया जा चुका है। वहीं शामली सोसायटी से 43.55 लाख क्विंटल गन्ने की आपूर्ति पर 15,768.06 लाख रूपए देय थे, जिनमें से 15,015.72 लाख रूपए का भुगतान हो चुका है, जबकि 752. 34 लाख रूपए अभी बकाया हैं। इस संबंध में गन्ना प्रबंधक लेखपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मिल प्रबंधन द्वारा न केवल पिछला बकाया, बल्कि वर्तमान सत्र का गन्ना भुगतान भी साथ-साथ किया जाएगा, ताकि किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि मिल किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। गन्ना प्रबंधक लेखपाल सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान धैर्य बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने किसानों से समय पर गन्ना आपूर्ति बनाए रखने,गन्ना आपूर्ति अपने मिल में ही करे जिससे आपका बेसिक कोटा भी बचा रहे और साफ-सुथरा एवं ताजा गन्ना मिल में भेजने तथा सोसायटी के माध्यम से ही समन्वय बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों का एक-एक रूपया सुरक्षित है और भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से जारी है। मिल द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए भुगतान से क्षेत्र के गन्ना किसानों में राहत और संतोष का माहौल है।

## पुराने मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देश पर जनपद में वांछित एवं फरार वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत न्यायालय द्वारा पुराने मुकदमे में थाना भवन क्षेत्र की अस्पताल कॉलोनी निवासी सूरजपाल पुत्र मांगेराम के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। न्यायालय से प्राप्त वारंट के अनुपालन में उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरजपाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# घर लौट रही छात्राओं से छेड़छाड़, एक गिरफ्तार

**कांधला।** स्कूल से छुट्टी के बाद साइकिलों पर सवार होकर घर लौट रही कई छात्राओं के साथ आधा दर्जन से अधिक युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। छात्राओं के शोर मचाने पर खेतों पर कार्य कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और मौके से एक युवक को बाइक सहित पकड़ लिया, जबकि कुछ युवक मौके से फरार हो गए। किसानों ने युवक को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित छात्रा के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आधा दर्जन से अधिक छात्रा गांव गंगेरू के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करती है। मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद सभी छात्राएं अपनी अपनी साइकिलों पर सवार होकर अपने गांव लौट रही थी। जैसे ही साइकिल सवार छात्राएं गांव के बाहर पहुंची तो आरोप है कि कई मोटर साइकिलो पर सवार होकर आए आधा दर्जन से अधिक युवकों ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्राओं के द्वारा शोर मचाने पर खेतों पर कार्य कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। किसानों को आता देख कई युवक अपनी अपनी बाइको पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। किसानों ने मौके से एक युवक को बाइक सहित दबोच लिया और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित छात्रा के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि छात्रा के पिता की तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेजे जा रहा है, अन्य फरार आरो. पियों की तलाश की जा रही है।

## शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक अभियुक्त को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हडकंप मचा हुआ है।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में रवि पुत्र अतर सिंह निवासी खानपुर जाटान थाना झिंझाना जनपद शामली को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# एसपी एनपी सिंह ने बाजार में किया पैदल गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कानून-व्यवस्था को और सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह ने बुधवार की शाम कैराना कस्बे के प्रमुख बाजारों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यापारियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह बुधवार शाम कैराना कोतवाली पहुंचे, जहां से उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक कैराना हेमंत कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री एवं भारी पुलिस बल के साथ बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त शुरू की। गश्त के दौरान एसपी ने बाजार की भीड़भाड़, यातायात व्यवस्था और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी।एसपी ने व्यापारियों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। व्यापारियों ने भी पुलिस गश्त पर संतोष जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग रखी।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बाजार क्षेत्र में फैले अवैध अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध अतिक्रमण से न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि आपात स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था भी बाधित होती है। एसपी एनपी सिंह ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजारों में नियमित पैदल गश्त बढ़ाई जाए, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए और आमजन से लगातार संवाद कायम रखा जाए, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों में सुरक्षा का भरोसा बना रहे।इस दौरान उन्होंने एक धार्मिक स्थल का भी निरीक्षण किया और जानकारी जुटाई।इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक कैराना हेमंत कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# सालाना जलसे को लेकर सीओ ओर थाना प्रभारी ने किया मदरसे का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के मदरसा जामिया बदरुल उलूम में होने वाले सालाना जलसे को लेकर सीओ कैराना ने थाना प्रभारी निरीक्षक ने मदरसे में पहुंचकर उलेमाओं से जानकारी हासिल की। इस दौरान मदरसे के स्टाफ सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

क्षेत्र के गांव गली दौलत में मदरसा जामिया बदरुल उलूम स्थित है। मदरसे में आस पास के जनपदों सहित क्षेत्र के सैकड़ो छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। मदरसे में 31 दिसंबर को सालाना जलसे का आयोजन किया जाएगा। जलसे में हजरत मौलाना महमूद मदनी सहित सैकड़ो उलेमा-ए-इकराम के शिर. कत करने के साथ-साथ ही हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होते हैं।

बुधवार को सालाना जलसे को लेकर सीओ कैराना हेमंत कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मदरसा जामिया बदरुल उलूम पहुंचकर हजरत मौलाना आकिल साहब से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने हजरत मौलाना आकिल साहब से सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अन्य जानकारी हासिल की। हजरत मौलाना आकिल साहब ने जानकारी देते हुए बताया कि जलसे में हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं।



जलसे में हजरत मौलाना महमूद मदनी सहित सैकड़ो उलेमा होते हैं शामिल, 31 दिसंबर को होगा सालाना जलसे का आयोजन

जलसे में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आती है। जलसे में कुरान हिफ्ज करने वाले छात्र-छात्राओं की दस्तार बंदी की जाती है साथ ही देश में अमनों अमान के लिए दुआ होती है। इस दौरान मदरसे के स्टाफ से ही ग्रामीण मौजूद रहै।

## भाकियू धनसिंह कोतवाल के युवा जिलाध्यक्ष बने सौरभ नम्बरदार

**कैराना।** भारतीय किसान यूनियन धनसिंह कोतवाल संगठन में युवा नेतृत्व को मजबूती देते हुए ग्राम ऊंचा गांव निवासी सौरभ नम्बरदार को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुर्जर कपासिया ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर यह जिम्मेदारी सौंपी। सौरभ नम्बरदार की नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि सौरभ के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और संगठन को नई दिशा मिलेगी।नव नियुक्त युवा जिलाध्यक्ष सौरभ नम्बरदार ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेंगे।

## एक नजर

### चौ. ओमवीर सिंह मैमोरियल कॉलेज में मनाया क्रिसमस डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** चौधरी ओमवीर सिंह मैमोरियल इंटर कॉलेज मे क्रिसमस डे मनाया गया छात्र छात्राओं ने सुंदर सजावट एवं चार्ट प्रतियोगिता में भाग लिया। चौधरी ओमवीर सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में क्रिसमस डे के उपलक्ष में बोर्ड डेकोरेशन साज सजावट चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सुभाष चंद्र बोस हाउस, चंद्रशेखर हाउस, रविंद्र नाथ टैगोर हाउस और भगत सिंह हाउस ने हिस्सा लिया । जिसमें चारों हाउस ने मिलकर बोर्ड- डेकोरेशन, साज- सजावट,चार्ट प्रतियोगिता का सराहनीय कार्य किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य पवन मान और समस्त स्टाफ ने चारों हाउस का निरीक्षण किया और चारो हाउस की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसी सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### वीरबाल दिवस पर सेंट आरसी पिंडौरा में साहिबजादों का शौर्य दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल पिंडोरा में वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्रों ने वीर साहिबजादों के बलिदान को स्मरण करते हुए शौर्य व आत्मसम्मान दिवस मनाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मोनिका चौधरी ने बताया कि यह दिवस सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को समर्पित है, जिन्होंने कम उम्र में धर्म, सच्चाई व मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार तोमर ने कहा कि मुगल शासन के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए गुरु गोविंद सिंह जी को अपने साहिबजादों का बलिदान देना पड़ा, जो इतिहास में गौरवपूर्ण स्थान रखता है और हमें आत्मसम्मान व देशप्रेम की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को वीर साहिबजादों से प्रेरित फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर नसीम अहमद, सुभाष कुमार, लोकेंद्र कुमार, महावीर प्रसाद, शिखा गोयल, कंचन शर्मा, निकुंज देशवाल, सोनिया चौधरी व सुशील कुमार ने भी वीर साहिबजादों के बलिदान पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार मां,बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर बाइक सवार मां,बेटे को पिकअप गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। पिकअप गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया और बाइक सवार मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ अस्पताल रेफर किया है। मेरठ जनपद के गांव खनोदा निवासी मनीष पुत्र राजन अपनी मां रामेश्वरी वह भाई मोनू के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे में एक निजी डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए आ रहे थे। मनीष ने बताया कि उसके भाई मोनू की दिमागी हालत ठीक नहीं है। जिसकी वह दवाई लेने के लिए बाइक पर सवार होकर आए थे। बाइक सवार जैसे ही कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंचे तो शामली की ओर से आए पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। पिकअप गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया राहग. ीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया है। और घायल बाइक सवार मनीष को छुट्टी दे दी। दूसरी और मोहल्ला खेल निवासी दानिश कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड स्थित अपनी दुकान से सामान लेने के लिए गया था जहां पर अज्ञात गाड़ी सवार ने टक्कर मार दी हादसे में दानिश घायल हो गया। आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।खघ्बर लिखें जाने तक पुलिस को कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

### तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा से किया

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु वाटिका शिशु मंदिर में बुधवार को तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बिंदिया बिंदल रहीं, जबकि संचालन मनु बालियान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी माता को चुनर अर्पित कर किया गया। इसके बाद शिशु वाटिका की सभी शिक्षिकाओं ने विधिवत रूप से तुलसी पूजन किया। सामूहिक रूप से तुलसी परिक्रमा कर पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। पूजन उपरांत उपस्थित सभी को प्रसाद वितरित किया गया। शिक्षिकाओं ने तुलसी के महत्व पर आधारित कविताएं और कहानियां प्रस्तुत कीं। मुख्य वक्ता बिंदिया बिंदल ने कहा कि तुलसी का पौराणिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व अत्यंत व्यापक है। तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण अनेक रोगों में लाभकारी भी है। प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन ने कहा कि तुलसी भारतीय जीवन शैली का अभिन्न अंग है और प्रत्येक घर में इसकी पूजा व संरक्षण किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में रिचा संगल, रुचि शर्मा, राशि, नीतू, स्वाति बंसल, मीनाक्षी शर्मा, आंचल, सारिका शर्मा, संगीता गोयल, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# शराब पी रहे दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में शराब पीकर घर के बाहर उत्पात मचा रहे युवकों का विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर एक महिला और उसके पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी दिनेश ने बताया कि गांव के ही चार लोग पीड़ित के घर के बाहर खड़े होकर शराब पी रहे थे और उत्पात मचा रहे थे। आरोप है कि जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी तमंचे व डंडे लेकर पीड़ित के घर में घुस गए और उसकी पत्नी गुड्डी व पुत्र सन्नी के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में दोनों मां,बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। शौर



शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घायलअपनी पत्नी व पुत्र को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है। और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# जेबीपी इंटर कॉलेज में पहुंचा कौशल रथ, छात्र-छात्राओं को दिया कौशल विकास का प्रशिक्षण

**चौसाना।** केन्द्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की प्रेरणा से कौशल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित कंप्यूटर से सुसज्जित कौशल रथ बुधवार को ज्योति बा फूले इण्टर कालेज पहुंचा। जहां पर छात्र छात्राओं को डिजिटल साक्षरता,वित्तीय साक्षरता और कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को चौसाना के ज्योति बा फूले इण्टर कालेज में पहुंचे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा संचालित कौशल रथ का रालोद छात्र सभा जिलाध्यक्ष आर्यन चौधरी छात्र सभा अध्यक्ष आर्यन चौधरी, छात्र सभा जिला उपाध्यक्ष सूर्यांश बालियान ,विधानसभा अध्यक्ष रूपक मान के द्वारा उदघाटन किया गया। कौशल रथ के जरिए छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान समय डिजिटल का है।



कौशल रथ के जरिए प्रथम दिन ट्रेनर निशांत धीमान द्वारा 21 छात्र-छात्राओं का बैच बनाकर प्रशिक्षण देने का काम किया गया है।जिसमें युवाओं को कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी,डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता आदि का प्रशिक्षण दिया गया।यह विशेष रथ डिजिटल युग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के बाद मंत्रालय द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। रालोद छात्र सभा जिलाध्यक्ष आर्यन चौधरी ने कहा कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी जी के प्रयासों से डिजिटल युग एवं कंप्यूटर क्रांति से छात्र-छात्राओं को अवगत कराने के साथ-साथ प्रशिक्षण देने का काम किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानाचार्य गौरव सैनी,दीपक तोमर,अक्षय कुमार,सोनिया शर्मा,विकास कुमार , आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# कृष्णा नदी किनारे चला विशेष सफाई अभियान, बैठक भी हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पंचायत थानाभवन, जनपद शामली एवं जिला गंगा समिति शामली के संयुक्त तत्वावधान में थानाभवन स्थित कृष्णा नदी के तट पर विशेष सफाई अभियान एवं स्वच्छता बैठक का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखना तथा स्वच्छ गंगा अभियान को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।इस दौरान कृष्णा नदी के किनारे फैले कचरे की व्यापक साफ-सफाई कराई गई। साथ ही नालों एवं नालियों की नियमित सफाई व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि नालों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे नदी में न जाए, इसके लिए सतत निगरानी एवं आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।स्वच्छता बैठक के दौरान स्थानीय नागरिकों को नदी में कूड़ा-कचरा न डालने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को स्वच्छ गंगा शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने गंगा एवं अन्य नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी, जिला गंगा समिति के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नदी की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

# बिना नोटिस बैंक ने फ्रीज किया करंट अकाउंट, व्यापार प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर निवासी मारूफ पुत्र ताहिर का आरोप है कि भ्क्थ्ब बैंक की शाखा ने बिना किसी पूर्व सूचना अथवा लिखित नोटिस के उसका करंट अकाउंट फीज कर दिया। अचानक खाते पर रोक लगने से उसका दैनिक व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो गया और आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया।

पीड़ित खाताधारक का कहना है कि खाते को फीज किए जाने से पहले न तो बैंक द्वारा कोई कारण बताया गया और न ही ई-मेल अथवा मोबा. इल संदेश के माध्यम से जानकारी दी गई। बैंक की इस कार्रवाई को वह उपभोक्ता हितों के खिलाफ बताते हुए इसे आरबीआई की गाइडलाइंस का उल्लंघन करार दे रहा है। मारूफ के अनुसार, खाता फीज होने के बाद वह कई बार बैंक शाखा पहुंचा और अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन उसे स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। हर बार अलग-अलग कारण बताकर उसे टाल दिया गया, जिससे उसकी परेशानी और बढ़ती चली गई। बैंक से राहत न मिलने पर पीड़ित ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की मांग की है।

पीड़ित का कहना है कि निजी बैंकों द्वारा इस तरह की मनमानी कार्रवाई से आम खाताधारक मान. सिक तनाव और आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं। उसने मांग की है कि उसका करंट अकाउंट शीघ्र चालू किया जाए तथा बिना सूचना की गई कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिका. रियों पर कार्रवाई हो। दूसरी ओर बैंक प्रबंधन का कहना है कि खाताधारक के UPI के माध्यम से असामान्य रूप से अधिक लेनदेन होने के कारण खाते को सुरक्षा कारणों से फीज किया गया है। शाखा प्रबंधन का कहना है कि इसकी सूचना ई-मेल के जरिए ग्राहक को दे दी गई थी। बैंक के अनुसार, खाताधारक द्वारा इनकम टैक्स रिटर्न से संबंधित दस्तावेज जमा कराने के बाद ही खाता पुनः सक्रिय किया जाएगा।

## सोलर पम्प से संबंधित तकनीकी का ज्ञान दिया

**शामली।** उप कृषि निदेशक, शामली प्रमोद कुमार ने बताया कि वर्ष 2025-26 में राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेडा पर राज्य कृषि विकास योजनान्तर्गत ष्सोलर पम्प स्थापना अनुरक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कुल 135 योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों को सोलर पम्प की स्थापना एवं अनुरक्षण के सम्बन्ध में नवीनतम तकनीक का व्यवहारिक ज्ञान देकर सोलर पम्प मैकेनिक के रूप में तैयार किया जाना है। उन्होंने बताया प्रशिक्षणार्थियों के सोलर माड्यूल, सरफेस पम्प, सबमर्सिबल पम्प का तकनीकी ज्ञानवर्धन विषयक प्रशिक्षण देकर टूल किट का वितरण कर स्वाबलम्बी बनाया जाएगा। उम्मीदवारों का चयन जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जाएगा। प्रतिभागियों के चयन हेतु निम्नलिखित मानदण्ड निर्धारित है। अभ्यर्थी इलेक्ट्रीशियन इलेक्ट्रानिक फिटर ट्रेड में 2 वर्षीय आईटीआई। अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा धारक इंजी. नियरिंग में स्नातक होना चाहिए। 2. अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अतः सोलर पम्प स्थापना अनुरक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण योजनान्तर्गत जनपद के इच्छुक, पात्र एवं योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 3 नवीनतम फोटो आदि उपलब्ध करा दें।

# धर्मसिंह हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र में चर्चित रहे धर्मसिंह हत्याकांड से आखिरकार पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस टीम के सहयोग से इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है।

बुधवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रकरण के वादी सुशील कुमार पुत्र धर्मसिंह निवासी ग्राम टिडौली की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में पुलिस लगातार गहन जांच कर रही थी। इसी क्रम में बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पशु पैठ बिजलीघर के पास गंगोह से साबिर पुत्र नवाब निवासी ग्राम टिडौली तथा वन्दना पत्नी प्रदीप कश्यप निवासी ग्राम टिडौली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी साबिर के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमे में धारा 3(5) बीएनएस तथा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी साबिर ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि मृतक धर्मसिंह, वन्दना के आचरण पर आपत्ति करता था तथा उसे गांव में रहने से मना करता था। साथ ही वह उसकी गांव में बदनामी भी कर रहा था। इसी रंजिश के चलते वन्दना के कहने पर उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर सात अक्टूबर की रात नवाजपुर वाले जंगल के रास्ते गांव में प्रवेश किया और रात करीब दो बजे धर्मसिंह को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस द्वारा किए गए इस खुलासे से जहां धर्मसिंह हत्याकांड की गुत्थी सुलझ गई है, वहीं पुलिस ने राहत की सांस ली है और क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की सराहना की जा रही है।



# पुलिस सहायता की दी विस्तृत जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर फतेहपुर थाने की एंटी रोमियो प्रभारी मिथिलेश राठौर वह महिला कांस्टेबल प्रीति द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा कानूनों तथा आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लेने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर एवं महिला कांस्टेबल प्रीति ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल व मैसेज से सतर्क रहने, ऑनलाइन ठगी से बचने तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, हिंसा या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी। टीम ने छात्राओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने और कानून का सहारा लेने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने जागरूकता संबंधी सवाल पूछे, जिनका टीम द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस सदैव तत्पर है और किसी भी समस्या में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## विनिष्टीकरण कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा आज 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में जब्त की गई आठ आबकारी माल तथा 25 अन्य माल मुकदमों की देशी शराब को गड्ढा खोदकर विनिष्टीकरण कराया।

थाना प्रभारी अक्षय शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई पुलिस टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई। विनिष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार और पारदर्शिता के साथ पूरी की गई, ताकि अवैध शराब के दोबारा दुरुपयोग की कोई संभावना न रहे। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

इस अवसर पर थाना बिहारीगढ़ मे क्षेत्राधिकरी सदर (लिंक अधिकारी ) प्रिया यादव, नायब तहसीलदार देवेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल टीसी सिरोही व अन्य पुलिस स्टाफ मुख्य रूप से मौजूद रहा।

# 100 मीटर दौड़ में चांदनी, आयुषी व मनु रहे प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद स्मारक जूनियर हाई स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बुधवार को कॉलेज प्रांगण में हुए वार्षिक खेलकूद में 100 मीटर दौड़ में चांदनी, आयुषी तथा मनु पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में चांदनी, इफत तथा सोनाक्षी ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालकों में 200 मीटर दौड़ में तनिष्क पहले तथा रवि दूसरे स्थान पर रहे, जबकि 400 मीटर दौड़ में आर्यन पहले तथा रमीज दूसरे स्थान पर रहे।

लंबी कूद में वंशिका पहले तथा मनु दूसरे स्थान पर रही। खो खो में कक्षा सात की टीम ने कक्षा आठ की टीम को हराया। रस्सा खींच कक्षा आठ की टीम ने सफलता प्राप्त की। गोला फेंक में अंशुल को पहला तथा आर्यन को दूसरा स्थान मिला। म्यूजिक चेयर रेस में खुशबू पहले तथा सलोनी दूसरे स्थान पर रही। आयोजन में प्रबंधक श्याम कुमार सैनी, बिजेंद्र सिंह, नीरू, अनिल कुमार, सुनील सैनी, अनीता, कोमल, काजल, प्रवेश, नलनीश, रविंद्र शर्मा, राजकिरण आदि रहे।

# आचार्य मुकेश को मिली पीएचडी उपाधि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया ने हस्तरेखा विशेषज्ञ आचार्य मुकेश मित्तल को पामिस्ट्री हस्तरेखा में पीएचडी की उपाधि दी है। जिससे वैश्य अग्रवाल समाज सहित समर्थकों में खुशी की लहर है।

दो दिन पूर्व आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया यूएसए ने नानौता निवासी हस्तरेखा विशेषज्ञ आचार्य मुकेश मित्तल को हस्तरेखा में पीएचडी की उपाधि दी गई है । जिससे वैश्य अग्रवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। एक बैठक के दौरान पूर्व प्रधान संजय गुप्ता समाज के वरिष्ठ नेता नवीन गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि यह उपलब्धि असाधारण एवं अनुपम है। हस्तरेखा जैसी दिव्य गुढ और सहस्त्रो वर्षों पुरानी विद्या को मुकेश मित्तल ने आधुनिक शोध की कसौटी पर प्रतिष्ठित कर यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय शास्त्र आस्था ही नहीं बल्कि गहन ज्ञान और विज्ञान का भंडार है।" उनकी इस उपलब्धि पर समाज के राजन गुप्ता, राजीव अग्रवाल उर्फ भूरा,पत्रकार मनोज शर्मा,अनुज पंवार,उमेश गोयल आदि ने खुशी जताते हुए शुभ कामनाएं दी है।

# वैदिक यज्ञ समापन पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** आर्य समाज बढेडी नागल द्वारा श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन वैदिक यज्ञ, प्रवचन के उपरांत शोभायात्रा निकालकर किया गया ।

इस अवसर पर वैदिक विद्वान रणवीर शास्त्री एवं भजनोपदेशक संदीप आर्य ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। उन्होने कहा कि मनुष्य को केवल निराकार, निरंकार परमपिता परमेश्वर की ही उपासना करनी चाहिए। नियमित रूप से प्रातःसायं संध्या और भक्ति करने से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है, जो हमें जीवन के कष्ट सहने की शक्ति देती है और सदैव आशीर्वाद बनाए रखती है। ईश्वर की सच्ची उपासना से जीवन में सुख, शांति और स्थिरता बनी रहती है। आर्य समाज द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें यज्ञ वेदी के साथ नगर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में ग्रामवासियों ने आहुति दी। और वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण को धर्ममय कर दिया।

इस अवसर पर महिपाल आर्य, विजयपाल आर्य, संजील आर्य, राजवीर आर्य, अवनीश आर्य, राम किशोर, महावीर आर्य, आदित्य कुमार, डॉ. वीर सिंह, अनिल आर्य, जनेश्वर आर्य, देवेंद्र आर्य, मुकेश आर्य, सुरेंद्र आर्य, अजब सिंह आर्य, विपिन आर्य, विनोद आर्य, अमरीश आर्य, भूपेश आर्य, नरेश आर्य, प्रतिमा आर्य, अजीत एडवोकेट, ईश्वर आर्य, मंगेश आर्य, जनकवीर आर्य, साधुराम आर्य, सहित बड़ी संख्या में आर्यजन उपस्थित रहे।



# प्रशिक्षण का जीवन में प्रयोग करें: सुभाष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जनता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द सागर ने कहा कि सभी स्काउट एवं गाइड्स इस त्रिदिवसीय प्रथम एवम् द्वितीय सोपान के प्रशिक्षण को प्राप्त करके इन्हें अपने दैनिक जीवन में समाज सेवा के रूप में प्रयोग करें ताकि आगे चलकर आप सभी देश के आदर्श एवं सैद्धांतिक नागरिक बन सके। वे अपने विद्यालय में चल रहे त्रिदिवसीय प्रथम एवम् द्वितीय सोपान के स्काउट एवं गाइड्स के प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

विद्यालय में तीन दिन से चल रहे भारत स्काउट एवं गाइड्स प्रशिक्षण शिविर में अनिल भारद्वाज जिला स्काउट संगठन कमिश्नर के निर्देशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं जैसे गांठे बांधना, टेंट लगाना, रंगोली निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, बिना बर्तन के भोजन बनाना, अस्थाई पुल व मीनारें बनाना आदि कार्य बहुत ही बारीकी से बताए गए। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में ऋषिपाल, विन्नी शर्मा तथा जय श्री नौटियाल शामिल रहे। इसमें विभिन्न टोलियों के नाम राज्यों के नाम पर दस टोलिया उत्तर प्रदेश गुजरात जम्मू कश्मीर पंजाब झारखंड आदि रखे गए। उन्होंने आकर्षक टेंट रंगोली,पुल आदि बनाए। निर्णायक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार प्रथम स्थान पर जम्मू कश्मीर, द्वितीय स्थान पर पंजाब तथा तीसरे स्थान पर हिमाचल प्रदेश रहे।

इसमें सर्व श्री कुशलपाल,सोनू कुमार, अरुण कुमार गौतम, राजीव रुहेला, प्रदीप शर्मा, अमर कुमार आकाश कुमार, शिव कुमार आदि रहे।



# कार्निवल में खेल के साथ बच्चों को भाया मनोरंजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मिलेनियम एकेडमी बेहट में कार्निवल का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के लिए तरह तरह के गेम्स और फूड स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अलग अलग गेम्स में पार्टिसिपेट किया।

बुधवार को कस्बे के मौहल्ला महाजनान स्थित मिलेनियम एकेडमी में आयोजित कार्निवल का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर सन्नी गर्ग, दिव्य गर्ग और आरुषि गर्ग ने फीता काटकर किया। विद्यालय में आयोजित इस प्रदर्शनी में बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए मॉडल की प्रदर्शनी लगाई जो सब मन को मोह लेने वाले थे। इसके अलावा, कार्निवल में गेम्स और फूड स्टॉल लगाए गए, जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया और पुरस्कार जीते।। इस रंगारंग कार्निवल में छात्र, अभिभावक और शिक्षक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना का अद्भुत मेल था। कार्निवल में विद्यालय की प्रिंसिपल रचना गुप्ता, विनीत गर्ग, ज्योति छाबड़ा, आयशा, दीपिका, चारु, कविता, आरती, मिंकी, खुशबू, नेहा, प्रीति गुगलानी, प्रीति अरोड़ा, आरती गगनेजा, हुदा खान आदि मौजूद रहे।

## चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच की छापेमारी से सनसनी

**नकुड़।** मौहल्ले में उस समय सनसनी फैल गई जब चंडीगढ़ की क्राइम ब्रांच ने बेहद गोपनीय ढंग से छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को नकली करेंसी से जुड़े मामले में उसके घर से पूछताछ के लिए साथ ले लिया।

बताया जाता है कि कार्रवाई की भनक लगते ही एक अन्य युवक पहले ही फरार हो गया। पुलिस टीम बिना किसी शोर शराबे के युवक को साथ लेकर वहां से रवाना हो गई। सूत्रों के अनुसार इस पूरी कार्रवाई को गोपनीय रखा गया था। फिलहाल पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि चंडीगढ़ की क्राइम ब्रांच का अचानक नगर में पहुंचना किसी बड़े और संभावित अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े मामले की ओर इशारा कर रहा है।

## भंडारा आयोजित

**गंगोह।** राम बाग रोड स्थित कुटी में बाबा बाला जी की स्मृति में वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

राम बाग मार्ग स्थित प्राचीन कुटी का इतिहास बहुत पुराना बताया जाता है। महेंद्र नामदेव ने बताया कि इस कुटी की स्थापना के बारे में कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। सैंकड़ों साल से यहां बाबा जी का साधना स्थल मौजूद है जिस पर रोजाना श्रद्धालु माथा टेकते हैं। साधना स्थल के अलावा उनकी समाधि भी परिसर में बनी हुई है। बाबा जी के नाम पर ही इसको बाला जी की कुटी नाम दिया गया। बाला जी के बाद यहां रहे संयासियों की समाधि भी यहां बनी है। उन्होने बताया कि बाबा जी की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 24 दिसंबर को भंडारा आयोजित किया जाता है। बुधवार को यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# तालाब में डूबी किशोरी, नहीं मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** पैर फिसल जाने से एक लगभग 16 वर्षीय किशोरी की तालाब में डूब गई। पुलिसिया मशक्कत के बाद गोताखोर बुलाए गए लेकिन समाचार लिखे जाने तक किशोरी का शव बरामद नहीं हुआ। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी जमे हुए थे।

थाना अंतर्गत गांव हरडेकी निवासी सना पुत्री रिजवान अहमद गांव में ही अपने खेत में लगे लहसुन में तालाब से बाल्टी के द्वारा पानी निकालकर सींच रही थी। जबकि उसकी छोटी बहन भी साथ मे गई थी। इतने में ही सना का पैर फिसल गया व तालाब में डूब गयी। छोटी बहन शोर मचाते हुए अपने घर पहुंची और घटना के बारे में बताया। परिजनों सहित अन्य गांव के लोग भी घटना की खबर सुनकर मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर राधे श्याम यादव मय फोर्स मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से सना को ढूंढने का काफी प्रयास किया गया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं मिली पुलिस द्वारा गोताखोरों की एक टीम मौके पर बुलाई गई। तालाब में समुद्र सोख खड़े होने के कारण गोताखोरों को कई घँटे की मशक्कत के बाद भी कोई सफलता नही मिली। इस संबंध में तहसीलदार जितेंद्र कुमार व इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने बताया कि तालाब को साफ करने का कार्य शुरू कर दिया गया है उसके बाद फिर से सब की तलाश की जाएगी उधर किशोरी के परिजनों में कोहराम मचा हुआ था ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट रही थी।



**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या N6258885 में मेरे पति का नाम VASEEM दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे पति का नाम MOHD YASEEM है जो सही है और मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम MOHD YASEEM दर्ज किया जाना आवश्यक है।

**गुल सनव्वर पत्नि मौ. यसीम, म. सं.-85 ग्राम मथाना, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर, उ.प्र.**

## कार्यालय नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, सहारनपुर

पत्रांक : 761/न.प.रा.म.-नि.सू./2025-26 | दिनांक 17/12/2025

**ई- निविदा हेतु सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत रामपुर मनिहारान 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क /15वां वित्त आयोग/पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना /कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत दिनांक 08/01/2026 को दोपहर 3:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं नगर पंचायत रामपुर मनिहारान की शर्तो पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तो वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 19/12/2025 से 08/01/2026 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है।

| Tender Reference | |
|---|---|
| Publish and Time for Ref | 19-12-2025 11.00 PM |
| Last Date time for submission of Tender | 08-01-2026 at 03.00 PM |
| Date/ Time / Palace of Opening of E-Tender | 09-01-2026 02:00 PM, Office Of Naga Panchayat Rampur Maniharan |
| E-Tender Security | As per Tender List |
| E-tender Document Processing | As per Tender List |

**( सविता वर्मा )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुर मनि.**
**सहारनपुर।**

**( रेनू )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रामपुर मनि.**
**सहारनपुर।**

# स्कूल कॉलेजों में सेंटाक्लाज न बनवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर 25 दिसंबर को कॉलेज और स्कूलों में सेंटाक्लॉस न बनाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र देते हुए रोक लगाए जाने की मांग की है।

बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्रित हुए और उन्होंने एक प्रार्थना पत्र तहसीलदार विजय कुमार सिंह को दिया,प्रार्थना पत्र में मांग की गई कि कल (आज) 25 दिसंबर को क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेजों मे हिंदू बच्चों को बहला फुसला कर या जबरदस्ती सेंटा क्लॉस बनाने का कार्य किया जाता है जो कि यह कार्य धर्म परिवर्तन करने का प्रयास है ऐसे करने से पढ़ने वाले बच्चों के मस्तिष्क से किसी हुआ खेल किया जाता है साथी स्कूलों और कॉलेज के द्वारा मनमानी ढंग से धन की उगाई भी की जाती है साथ ही सेंटा की ड्रेस पहनने के लिए मजबूर किया जाता है। विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री मनीष योगाचार्य ने कहां है कि यदि क्षेत्र में इस प्रकार की घटना की शिकायत या किसी परिजन के माध्यम से उन्हें सूचना प्राप्त होती है तो बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंचकर संज्ञान लेंगे और कार्यक्रम को रोकने का कार्य करेंगे कहा कि हिंदू समाज का धर्मांतरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा धर्मांतरण के खिलाफ सड़कों पर उतर कर करना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सनी कुमार जिला सह मंत्री, अनुज कुमार सैनी जिला सहसंयोजक, अमित योगी नगर मंत्री, वासु नगर विद्यार्थी प्रमुख, विक्की नगर सुरक्षा प्रमुख, अरुण, वंश, विजय, करण, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

## जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती व जन्म शताब्दी समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुशासन और अटल जी के जीवन पर भाषण और उनकी रचित कविताओं का काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. ऋषिपाल सिंह ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर सुशासन और अटल जी के जीवन पर भाषण और उनकी रचित कविताओं का काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें समरीन, कीर्ति, कौसर, सालविनी, हिना, हिमांशी, शबीना सहित कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विजेता छात्र छात्राओ को आगामी वार्षिक पुरस्कार समारोह मे पुरस्कृत किया जाएगा।

# मतदाताओं को बीएलओ ने दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची जारी कर दी गई है। प्रशासन द्वारा मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी वार्ड के बीएलओं से संपर्क कर वोटर लिस्ट में नाम, पता व अन्य त्रुटियों का सुधार कराएं। साथ ही 1 जनवरी 2026 से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नए वोटर पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है।

इसी क्रम में वार्ड संख्या 2, 3 व 5 की बीएलओं पूनम देवी ने आज अपने-अपने वार्डो में मतदाताओं को वोटर लिस्ट दिखाकर आवश्यक जानकारी दी और लोगों को समय रहते सुधार व नए नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। बूथ पर राजकुमार बत्रा, सोनू धीमान,अशोक राठौर, कुलदीप सिंह, रामकुमार शर्मा, मधु शर्मा, सरिता काम्बोज, ओमप्रकाश रविदासी, डॉक्टर जगत सिंह, अंकुर शर्मा, नावेज अली, जावेद अली, मोहम्मद फैजान सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने बीएलओं द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। प्रशासन ने बताया कि तय समय सीमा के भीतर सुधार व नए वोटर बनने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे ।

# पुलिस ने किया जमानते कराने वालो का पर्दाफाश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** फर्जी दस्तावेजो के आधार पर जमानते कराने का खुलासा करते हुए पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

फर्जी जमानतदारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने देवबंद कोतवाली में डकैती, लूट, हत्या, चोरी, नकबजनी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट एवं अवैध शस्त्र रखने के 60 फर्जी जमानतदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के आद.श पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसआई रविन्द्र कसाना ने डकैती, लूट, हत्या, चोरी, नकबजनी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, और अवैध शस्त्र रखने सहित अन्य मुकदमों के आरोपियों की निहित स्वार्थो की पूर्ति के लिए फर्जी दस्तावेजो से जमानत कराने के 60 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के गांव ठोकरपुर निवासी गोविंद, सतीश, ऋषिपाल एवं गांव मानकी निवासी राकेश, गांव तल्हेडी खुर्द निवासी ओमप्रकाश और नगर स्थित मोहल्ला अबुलहक निवासी अय्यूब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उन्हें अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चोरी की घटना में पुलिस के हाथ खाली

**देवबन्द।** चोरी की घटना में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस कॉलोनी समेत मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वेद विहार निवासी रविंद्र 20 दिसंबर को परिवार के सदस्यों को साथ लेकर वैष्णो देवी गए थे। पीछे चोर ताले तोड़कर उनके मकान में घुस गए और वहां से करीब 21 लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण और 70 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। पडोसियों ने रविंद्र को चोरी की घटना की जानकारी दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के दूसरे दिन पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा, चोरों की तलाश में पुलिस कॉलोनी और अन्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का मनाया स्थापना दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का 52वां स्थापना दिवस व्यापारियों ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।

इंडस्ट्रियल स्टेट स्थित केएल जनता इण्टर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपकराज सिंघल ने कहा कि संगठन स्थापना से लेकर आज तक व्यापारी हित की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होने बताया कि काशी में वर्ष 1973 में लाला विशंभर दयाल अग्रवाल, पंडित श्याम बिहारी मिश्रा आदि व्यापारियों ने एकत्र होकर व्यापार मंडल की स्थापना की थी। सेल टैक्स के सर्वे एवं अधिकारियों के शोषण के विरुद्ध में संगठन की नींव रखी गई थी। स्थापना के बाद संगठन को इतनी मजबूती मिली कि राजनीतिक लोगों ने इसकी शक्ति से डरकर इसमें बिखराव पैदा कर दिया। जिसके बाद कई व्यापार मंडल इससे टूटकर अलग हो गए।




इस मौके पर नगराध्यक्ष अश्वनी मित्तल, सतवीर चौधरी, वरयाम खान, विजय गिरधर, रविंद्र चौधरी, विकास पुंडीर, अमित चौधरी, देवीदयाल गर्ग, अखिल जैन, शिवम सिंघल व अनुज गर्ग आदि व्यापारी शामिल रहे।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई वाजपेयी की जयंती



**देवबन्द।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती दून वैली पब्लिक स्कूल में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को तुलसी के औषधीय गुणों से भी परिचित कराया।

दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने देश-प्रेम और राष्ट्र को समर्पित कविताओं के पाठ कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान छात्रा नित्या त्यागी एवं सारा और शैली ने कविता के माध्यम से सुशासन दिवस की महत्ता बताई। वहीं क्रिसमस-डे के अवसर पर कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, प्रधानाचार्य सीमा शर्मा और डायरेक्टर अनुराग सिंघल ने बच्चों को बताया को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व के कारण उनकी जयंती हम सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। संचालन गुरदीप व शिवम शर्मा ने किया। इस दौरान नरेंद्र देव शर्मा, अर्चना शर्मा, हरदीप सिंह और तनुज कपिल आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का स्टाफ शामिल रहा।

# क्रिसमस डे एवं तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सांस्कृतिक समरसता एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरके पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे एवं तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया।

आरके पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी पूजन से हुआ। इसमे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व को समझा। इसके पश्चात क्रिसमस दिवस के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के जीवन, प्रेम, करुणा और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत एवं प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। विद्यालय के




चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा और प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सहिष्णुता, एकता और सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

# बिजली बिल राहत योजना का उठाएं लाभ: रविन्द्र

**देवबन्द।** प्रदेश सरकार के बिजली बिल राहत योजना का लाभ उठाने के लिए चार दिन शेष बचे हैं। अधिक से अधिक उपभोक्ता इससे लाभांवित हो इसके लिए विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता रविंद्र बाबू ने स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग के अतिथिगृह में आयोजित विद्युत निगम की बैठक में अधीक्षण अभियंता रविंद्र बाबू ने अथीनस्थों को निर्देश देते हुए कहा कि वह शेष बचे दिनों के लिए योजना का प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ लेने के लिए आवेदन करा सकें। अधिशासी अभियंता मृत्यूंजय शाही ने बताया कि क्षेत्र के करीब चार हजार उपभोक्ताओं ऐसे हैं, जिन पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज हैं। उन्होंने ऐसे उपभोक्ताओं से योजना के तहत 50 प्रतिशत का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी पुलकित टंडन, अवर अभियंता गुलशन झा, टीजीटू मोहम्मद जीशान विष्णु कोठारी आदि शामिल रहे।

## ईसाई समुदाय के साथ हुई घटनाओं की निंदा

**देवबन्द।** मध्य प्रदेश के जबलपुर एवं भोपाल में ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ हुई घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं भारतीय संविधान की मूल भावना एवं मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हैं।

देवबंद एलुमनाई फेडरेशन के अध्यक्ष मौलाना मेहंदी हसन ऐनी कासमी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि चर्च परिसर में उपासकों जिसमें एक दृष्टि बाधित महिला भी शामिल है को कथित धर्मांतरण के निराधार आरोपों के आधार पर डराया और धमकाया जाना अमानवीय है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) तथा अनुच्छेद 25 (धर्म की स्वतंत्रता) के भी प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक स्थानीय राजनीतिक नेता का दृष्टि बाधित महिला के साथ दुर्व्यवहार करना कानून और संविधान के विरुद्ध है। मौलाना ऐनी ने कहा कि आस्था, समुदाय या दिव्यांगता के आधार पर किसी भी नागरिक को निशाना बनाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** दिनांक 23.12.25 से 24.12.25 तक दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता मेरा युवा भारत शामली , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अर्पण पब्लिक स्कूल थानाभवन में आयोजित की गई। इसमें कबड्डी, दौड़ और लंबी कूद की बालक, बालिकाओं की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई। बालिका वर्ग में कबड्डी में मरूखेड़ी टीम विजेता रही और बालक वर्ग में नौजल की टीम विजेता रही। 1000 m दौड़ में हरिओम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 500 m दौड़ में हंसिका सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।बालक वर्ग में लंबी कूद में अंकुश सैनी प्रथम रहें।बालिका वर्ग में लंबी कूद में वंशिका पुंडीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी मेडल सर्टिफिकेट तथा माय भारत किट का वितरण किया गया।मंच का संचालन अंजली राणा ने किया। मुख्य अथिति सु प्रतिभा शर्मा द्ध जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत शामलीऋ के साथ अर्पण पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अर्पण सैनी व प्रिंसिपल मनदीप सैनी जी उपस्थित रहे। खेल का आयोजन अनिल चौधरी, नरेंद्र कुमार, मोनिका सैनी की देख रेख में संपन्न किया गया।

# त्यागी ब्राह्मण समाज का हो रहा शोषण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** त्यागी ब्राह्मण समाज के लोगो को टारगेट कर उनके व्यापार एवं निजी हितो के साथ खिलवाड़ कर उनका शोषण किया जा रहा है। जिसका खमियाजा भाजपा को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी ने देवबंद विधानसभा क्षेत्र के गांव अंबहेटा शेखां, कुलसत समेत करीब आधा दर्जन गांवों का दौरा किया। इस दौरान श्रीकांत त्यागी ने कहा की उत्तर प्रदेश में चार करोड़ मतदाताओं की वोट कटी है, जिसकी जानकारी खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ दिल्ली और लखनऊ की लड़ाई का नतीजा है, दिल्ली वाले नहीं चाहते कि योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। आरोप लगाया कि त्यागी ब्राह्मण समाज के लोगों का शोषण किया जा रहा है उन्हें टारगेट कर व्यापार और उनके निजी हितों के साथ खिलवाड़ की जा रही है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवनीश त्यागी, ईश्वर त्यागी, अंकुश त्यागी, शुभम राय, अंकित त्यागी आदि शामिल रहे।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | महमूद हसन पुत्र इब्राहीम | महरबान पुत्र हाजी भूरा | अब्दुलहक-299 |
| 2. | फरहा प्रवीन पत्नी बाबर | अजीत कौर पत्नी साधु सिंह | किला-550/1, 550/2 |
| 3. | रूकसाना पत्नी मौ0 शाहिद | जहूर हसन पुत्र मौ0 सददीक | पठानपुरा -क-1197 |
| 4. | अफजाल पुत्र इकबाल व शबनम पत्नी मौ0 अफजाल | शाहिद पुत्र मरगूब | खानकाह-878/1 |
| 5. | सतीश कुमार पुत्र त्रिलोकचन्द | जितेन्द्र कुमार बंसल पुत्र स्व0 पुरूषोत्तम दास | दुध्धा-68/1 |
| 6. | नदीम अहमद पुत्र सगीर अहमद | आयशा खातून पत्नी नफीस अहमद | बैरून कोटला-571 |
| 7. | नदीम अहमद पुत्र सगीर अहमद | मुस्तकीम पुत्र अब्दुल रऊफ | किला-400/1 |
| 8. | हरप्रीत कौर पत्नी अरविन्द्र सिंह | अ0 गफूर पुत्र इनायत | मण्डी-632 |
| 9. | मौहम्मद शारिक पुत्र मुजाहिद | महमूद हसन पुत्र जहूर अहमद | किला-253 |
| 10. | अहमद हसन पुत्र नसरूददीन | विक्रेता उसमान खान पुत्र रसीद खान | पठानपुरा नया |
| 11. | राशिद पुत्र अब्दुल हकीम | तसव्वर पुत्र जुलफुकार | लहसवाडा-1387/1 |
| 12. | जुनेद आलम पुत्र मूसा | मुशर्रफ अली पुत्र असगर | कायस्थवाडा -क-289 |
| 13. | शेर सिंह व नीरज वर्मा पुत्रगण ब्रहम प्रकाश | भारत भूषण पुत्र साधूराम | शिक्षक नगर-1476 |
| 14. | मौ0 कलीम पुत्र मौ0 सलीम | दानिश पुत्र मौ0 अनवर | पठानपुरा -क-1909 |
| 15. | जरीफ अहमद पुत्र फहीमुददीन | इस्लाम पुत्र रशीद खां | पठानपुरा -क-2408 |
| 16. | लियाकत, शराफत, नासिर व साबिर पुत्र बशीर | बशीर अहमद पुत्र सुलेमान | किला-255/1 |
| 17. | रूकसाना पत्नी स्व0 इस्माईल | इस्माईल पुत्र अकबर | पठानपुरा-क-963 |
| 18. | शराफत पुत्र लियाकत | शाहना पत्नी जावेद | अबुलबरकात-नया |
| 19. | मिनाक्षी जायसवाल पत्नी राजेन्द्र जायसवाल | किशनलाल पुत्र केदार | सडक रेल-918 |
| 20. | वसीला पत्नी अब्बास | शमशाद पुत्र असलम | छिम्पीवाडा-824 |
| 21. | वसीला पत्नी अब्बास | अब्बास पुत्र असलम | गुज्जरवाडा-नया |
| 22. | शमा प्रवीन पत्नी मौ0 आरिफ | महरीन पत्नी प्रवेज | पठानपुरा -क-2402 |
| 23. | पूर्णिमा विश्वास पत्नी प्रोजय विश्वास | मानिका शर्मा पत्नी राजीव कुमार शर्मा | कायस्थवाडा-क-920 |
| 24. | वसीम अहमद पुत्र सलीम व खुशनसीब पत्नी वसीम अहमद | श्याम कुमार सेठ पुत्र प्रेमचन्द | बाजार कलां-181 |
| 25. | मौ0 मुन्तजीर पुत्र मौ0 यासीन, शाहना पत्नी मौ0 मुन्तजीर, मौ0 फहीम गोड पुत्र मौ0 मुन्तजीर व अब्दुरहीम पुत्र मौ0 मुन्तजीर | उर्मिला पत्नी योगेश | बाजार कलां-171 |
| 26. | शरवरी पत्नी मौ0 अरशद | अब्दुल अजीज पुत्र करामत अली | सडक रेल-729 |
| 27. | मौ0 अरशद पुत्र स्व0 अब्दुल अजीज | अब्दुल अजीज पुत्र करामत | सडक रेल-730,740 |
| 28. | शाईना परवीन पत्नी स्व0 दिलशाद, फिरोज आलम व दानिश पुत्रगण स्व0 दिलशाद | दिलशाद पुत्र इकराम | गज्जरवाडा-130/3 |
| 29. | शाईना परवीन पत्नी स्व0 दिलशाद | नौशाद पुत्र इकराम | गुज्जरवाडा-130/4 |
| 30. | अब्दुल समद पुत्र इखलाक | नूर मौ0 पुत्र अनीस | रविदास मार्ग-483/6 |
| 31. | मो0 इमरान पुत्र अ0 अजीज | अब्दुल अजीज पुत्र करामत | सडक रेल-728,741 |
| 32. | मो0 राशिद पुत्र अ0 अजीज | अजीज पुत्र करामत | सडक रेल-722 |

# लायंस क्लब शामली क्राउन में की आधिकारिक यात्रा




शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 बी-1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ डॉ। विनय सिसोदिया ने लायंस क्लब शामली क्राउन में अपनी आधिकारिक यात्रा सम्पन्न की। इस अवसर पर क्लब द्वारा अग्रसेन पार्क में पांचवां रजाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कड़ाके की ठंड को देखते हुए 150 जरूरतमंद व असहाय परिवारों को रजाइयां वितरित की गईं।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब द्वारा संचालित सम्मान रसोई का निरीक्षण कर स्वयं सेवा प्रदान की और इसकी सराहना की। उन्होंने विद्यालयों में स्थापित सेनेटरी पैड डिस्पेंसर एवं उनकी नियमित रिफिलिंग व्यवस्था को बालिकाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

अपने संबोधन में डॉ। विनय सिसोदिया ने कहा कि क्लब समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाने का सराहनीय कार्य है। क्लब अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल क्लब की विभिन्न सेवा योजनाओं की जानकारी दी। रजाई वितरण कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने स्वयं जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित कीं। इस मौके पर चेयरमैन अरविन्द संगल, आईआईए चेयरमैन विशाल गुप्ता, आशीष गोयल, तरुण जैन आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय बालक-बालिका कबड्डी चैंपियनशिप

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** क्षेत्र के ग्राम कसमपुर स्थित ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्व मास्टर ब्रह्म सिंह की 93वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप-4 का समापन समारोह बुधवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम अरविंद चौहान, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अब्दुल राव वारिस एवं रालोद प्रदेश सचिव विजय कौशिक रहे।

समारोह की शुरुआत विद्यालय परिसर स्थित यज्ञशाला में विधिवत हवन-यज्ञ से हुई। हवन के उपरांत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं परिजनों द्वारा स्वर्गीय ब्रह्म सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद



अतिथियों ने खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

डीएम अरविंद चौहान ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। चौंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों में बालिका वर्ग में ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल कसमपुर और कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ ने 31-23 के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं बालक वर्ग के फाइनल में ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल कसमपुर और जय पार्वती ग्लोबल स्कूल रामाला के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ब्रह्म ज्योति पब्लिक स्कूल कसमपुर ने 65-40 के अंतर से विजय प्राप्त की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 11 हजार रूपए नकद एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 5100 रूपए नकद एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष चौधरी ने किया। इस अवसर पर जरूरतमंद व गरीब लोगों को कंबल भी वितरित किए गए। मौके पर विद्यालय प्रबंधक सत्एंद्र, धर्मवीर सिंह, संजीव मास्टर, तेजिंद्र, योगेंद्र , मास्टर नेपाल, नीरज प्रधान, बिल्लू प्रधान, अमित कुमार जसाला आदि मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को जर्सी का वितरण

**शामली।** शहर के जैन कन्या इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्राओं के लिए जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजस.ेवी दीपिका संगल, सभासद निशिकांत संगल तथा विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन ने छात्राओं को जर्सियां वितरित की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं को जर्सी वितरित की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मुख्य अतिथि दीपिका संगल ने कहा कि सफलता के लिए केवल संसाधन ही पर्याप्त नहीं होते, बल्कि लक्ष्य के प्रति निरंतर लगन, परिश्रम और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आ]वान किया। प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी।

# एयर राइफल क्लब के निशानेबाजों ने स्वर्ण जीतकर किया नाम रोशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 11 दिसंबर से आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबा.जों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एयर राइफल वर्ग में दो स्वर्ण सहित कुल तीन पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाज ग्राम कुड़ाना निवासी उत्सव मलिक ने



627.8 स्कोर के साथ उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं ग्राम मादलपुर निवासी पियूष शर्मा ने एयर राइफल वर्ग में 626.4 स्कोर के साथ सीनियर टीम वर्ग में रजत पदक एवं जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरा गौरव हासिल किया। इससे पूर्व ग्राम महावतपुर निवासी निखिल पुंडीर ने A22 राइफल थ्री पोजीशन इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा शामली राइफल क्लब के आठ खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के ट्रायल के लिए भी क्वालीफाई कर चुके हैं, जिनका चयन ट्रायल जनवरी माह में भोपाल में ही आयोजित किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ियों के क्लब आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सुंदर तथा उसकी पत्नी राधा रानी को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

हरफूल पुत्र राम चंदर
निवासी मोहल्ला सराय कहारान
देवबंद जिला सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

# 36 गेंदों में शतक जड़ वैभव ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



● बिहार की ओर से खेल रहे वैभव सूर्यवंशी ने 36 गेंदों में बनाया शतक

**रांची, वार्ता।** युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन मात्र 36 गेंदों में शतक बनाकर 14 साल और 272 दिन की उम्र में पुरुषों की लिस्ट ए क्रिकेट में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। रांची में प्लेट लीग के मैच में बिहार की ओर से खेल रहे सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि टी-20 के इतर सीनियर क्रिकेट में उनका पहला शतक है। यह लिस्ट-ए मैचों में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक भी है। रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने पिछले साल अरुणाचल प्रदेश के खलाफ ही केवल 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मात्र 59 गेंदों में 150 रन पूरे किए, जो कि विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मामले में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। डिविलियर्स ने 2015 में

**विजय हजारे ट्रॉफी**

वेस्टइंडीज के खिलाफ मात्र 64 गेंदों में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी अंत में 84 गेंदों में 190 रन बनाकर आउट हुए और अपने दोहरे शतक से चूक गए। उनकी उस पारी में 16 चौके और 15 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। सूर्यवंशी ने इसी महीने यूएई में हुए अंडर-19 एशिया कप में मेजबान के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रन की शानदार पारी खेली थी। उस पारी के दौरान वह 2002 में टॉन्टन में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायडू द्वारा बनाए गए भारत के लंबे समय से चले आ रहे यूथ वनडे रिकॉर्ड 177 रन से मात्र छह रन दूर रह गए थे। 15 यूथ एकदिवसीय मैचों में सूर्यवंशी का औसत 51.13 और स्ट्राइक रेट 158.79 का रहा है, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछले महीने दोहा में सूर्यवंशी ने पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक जड़ा था, जब उन्होंने राइजिग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 42 गेंदों में 144 रन बनाए थे। उस दिन उन्होंने 32 गेंदों में शतक पूरा किया, जो पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से छठा सबसे तेज शतक भी था। इस टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने, जब उन्होंने इस महीने कोलकाता में महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 61 गेंदों में 108 रन बनाए थे। साल 2025 वैभव के लिए ब्रेकथ्रू साल साबित हुआ है। 13 साल की उम्र में आईपीएल नीलामी में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक जड़ा। उन्होंने कुल सात आईपीएल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 206-55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। आईपीएल के बाद सूर्यवंशी ने इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया दौरों पर भी यूथ शतक जड़े। इंग्लैंड दौरा उनके लिए विशेषकर सफल रहा, जहां उन्होंने 174-01 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए। संभावना है कि वैभव चल रही विजय हजारे ट्रॉफी के केवल शुरुआती कुछ मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद वह 15 जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-19 विश्वकप से पहले बेंगलुरु में होने वाले कंडीशनिंग कैंप के लिए भारत अंडर-19 टीम से जुड़ जाएंगे।

## वैभव, आयुष व सकीबुल के शतक, बिहार ने अरुणाचल प्रदेश को रिकॉर्ड 397 रनों हराया

**रांची, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (190), आयुष लोहारुका (116) और कप्तान सकीबुल गनी (नाबाद 128) की विस्फोटक शतकीय पारियों के बाद आकाश राज और संजय कश्यप (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बिहार ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले में आंध्र प्रदेश को रिकार्ड 397 रनों से रौंद दिया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी का रिकार्ड छह विकेट पर 574 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बिहार ने तमिलनाडु का दो विकेट पर 506 रन का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। मंगल महरौर और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 158 रन जोड़े। 15वें ओवर में तेची नेरी ने मंगल महरौर (33) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। 27वें ओवर में बिहार का दूसरा विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। उन्हें भी नेरी ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 84 गेंदों में 16 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए 190 रनों की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यवंशी ने रिकार्ड पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। पीयूष सिंह 66 गेंदों में (77), आकाश राज (आठ) और बिपिन सौरभ एक रन बनाकर आउट हुए। आयुष लोहारुका ने 56 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए 116 रन बनाये। कप्तान सकीबुल गनी ने 40 गेंदों में 10 चौके और 12 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 128 रन बनाये। आंध्र प्रदेश के लिए तेची नेरी और तड़कमल्ला मोहित को दो-दो विकेट मिले। धीरज एंटिन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम बिहार के गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 42-1 ओवर में 177 के स्कोर पर ढेर हो गई।

**खेल विशेष**

## भारतीय डेविस कप टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की प्रोफेशनल सिलेक्शन कमेटी की एक मीटिंग 7 और 8 फरवरी 2026 को बेंगलुरु में होने वाले वर्ल्ड ग्रुप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली डेविस कप टीम को चुनने के लिए 23 दिसंबर 2025 को वर्चुअली आयोजित की गई। कमेटी में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं: नंदन बल - चेयरमैन, बलराम सिंह, मुस्तफा घोस सिलेक्शन मीटिंग में भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल, कोच आशुतोष सिंह, और एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर भी मौजूद थे। रैंकिंग, उपलब्धता और प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया: सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, यूकी भांबरी, ऋत्विक बोलिपल्ली, आर्यन शाह (रिजर्व), अनिरुद्ध चंद्रशेखर (रिजर्व), दिग्विजय प्रताप सिंह (रिजर्व) इस टाई के लिए टीम के कप्तान रोहित राजपाल होंगे और आशुतोष सिंह टीम के कोच होंगे।

## चोटिल जोफ्रा आर्चर हुए ऐशेज से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण ऐशेज के शेष आखिरी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह गस एटकिंसन को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा खराब फार्म में चल रहे ऑली पोप को भी टीम से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह जैकब बेथेल को टीम में जगह दी गई है। आर्चर ने जुलाई में चार साल से जयादा समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी। इससे पहले वह कोहनी और पीठ की समस्याओं से जूझ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में इस सीरीज में वह यकीनन इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, जहां उन्होंने नौ विकेट लिए और निचले क्रम में उपयोगी रन भी बनाए।

## टाटा ओपन में होगी 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**जमशेदपुर, वार्ता।** टाटा स्टील ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की घोषणा की है जो 25 से 28 दिसंबर, 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा। यह चार दिवसीय टूर्नामेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में 2 करोड़ रुपये का प्राइज पर्स है और यह 2025 पीजीटीआई सीजन का आखिरी चरण है।

इस टूर्नामेंट में 126 प्रोफेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें 18 होल के चार राउंड होंगे। टॉप 50 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी दो राउंड के बाद कट में जगह बनाएंगे। टाटा ओपन दुनिया के उन दुर्लभ इवेंट्स में से एक है जो दो जगहों पर खेला जाता है।

# शेफाली ने टी-20 में तीसरे सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते



● शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया, 34 गेदों में 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की ओपनिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार प्रदर्शन किया, सिर्फ 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई। शेफाली की विस्फोटक पारी, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था, ने न सिर्फ जीत पक्की की बल्कि उन्हें टी20 में अर्द्धशतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर के तौर पर रिकॉर्ड बुक में भी जगह दिलाई। इस पारी के साथ, शेफाली ने 12 टी20 अर्द्धशतक भी पूरे किए, जो 21 साल की उम्र में किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा सबसे जयादा हैं।

वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और आयरलैंड की गैबी लुईस संयुक्त रूप से 10-10 अर्द्धशतकों के साथ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि भारत की जेमिमा रोड्रिग्स सातवें स्थान पर हैं। शेफाली अब तक 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 26-73 की औसत से 2,299 रन बनाए हैं, जिससे सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत की सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए इस दाएं हाथ की बल्लेबाज को सही मायनों में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिससे उन्हें टी20 इंटरनेशनल में यह आठवां अवॉर्ड मिला। इसके साथ, वह मिताली राज और हरमनप्रीत कौर के बाद इस फॉर्मेट में सबसे जयादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं।

# विराट कोहली लिस्ट 'ए' में 16000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



● विराट कोहली ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लिस्ट ए क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में बुधवार को आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। कोहली ने इस मैच से पहले तक 342 लिस्ट ए मैचों में 57-34 की शानदार औसत से 15,999 रन बनाए हैं, जिसमें 57 शतक और 84 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने अपनी पारी का पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने आज यहां आंध्र प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच में 16 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल करने के साथ क्रिकेट इतिहास में यह कारनामा करने वाले नौवें बल्लेबाज बन गए है। कोहली लगभग 15 साल बाद 2025-26 सीजन में भारत के प्रमुख घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट में वापसी कर रहे हैं। वह ऋषभ पंत की कप्तानी में खेल रहे है।

## कोहली का शतक, दिल्ली ने आंध्र को चार विकेट से हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** सिमरजीत सिंह (पांच विकेट) और प्रिंस यादव (तीन विकेट) के बाद विराट कोहली (131) की शतकीय, प्रियांश आर्य (74) और नीतीश राणा (77) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत दिल्ली ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2025 के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में आंध्र प्रदेश को 74 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। 299 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 37.4 ओवर में छह विकेट पर 300 रन बनाकर मुक. ाबला चार विकेट से जीत लिया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने अर्पित राणा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।

# विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड ने भारत के लिए टी-20, वनडे टीम की घोषणा की

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने भारत के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इन सीरीजों के लिए न्यूजीलैंड ने चोट से वापसी कर रहे मिचेल सेंटनर टी-20 टीम का कप्तान, जबकि माइकल ब्रेसवेल को एकदिवसीय सीरीज में अगुवाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार तीन एकदिवसीय मैचों के बाद होने वाली पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की सीरीज को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले एक जरूरी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। टीम में क्लार्क एक और अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। जैकब डफी, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, विल ओ' रूर्के और ब्लेयर टिकनर जैसे कई फ्टलाइन खिलाड़ियों को चोट और वर्कलोड प्रबंधन के कारण आराम दिया गया हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने इस दौरे के महत्व पर बल देते हुए कहा है कि कैसे भारतीय हालात का अनुभव न्यूजीलैंड के विश्वकप के लक्ष्यों के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि उपमहाद्वीप में खेलना जाहिर तौर पर न्यूजीलैंड में खेलने के आदी होने से बहुत अलग है, इसलिए हमें अपने खिलाड़ियों को उन हालातों में खेलने का कोई भी मौका मिल सकता है, खासकर उपमहाद्वीप में टी-20 विश्वकप से पहले।

**भारत के खिलाफ टी-२० टीम:-** मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, ज़ैक फाउल्केस, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवोन जैकब्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, फिलिप्स, रचिन, रॉबिन्सन व ईश सोढ़ी।

जैमीसन ठीक होने के बाद दोनों प्रारूपों में खेलेंगे। बेवॉन जैकब्स और टिम रॉबिन्सन जैसे उभरते हुए खिलाड़ियों को घरेलू और हाल के अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है।

# रोहित शर्मा ने लगाया आतिशी शतक



● रोहित शर्मा की 155 रनों की पारी बदौलत मुंबई ने सिक्किम को 8 विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** रोहित शर्मा (155) की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने बुधवार को विजय हजारे टूर्नामेंट एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सिक्किम को 117 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। रोहित शर्मा को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतर मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी और रोहित शर्मा की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 141 रन जोड़े। मुम्बई का पहला विकेट अंगकृष रघुवंशी (38) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाये। रोहित शर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली। उन्होंने 94 गेंदों में 18 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 155 रनों की मैच विजयी पारी खेली। वह 30वें ओवर में दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें क्रांति कुमार ने आउट किया। मुंबई ने 30-3 ओवर में दो विकेट पर 237 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। मुशीर खान (27) और सरफराज खान (आठ) रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर सिक्किम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 236 का स्कोर खड़ा किया। आशीष थापा ने सिक्किम के लिए सर्वाधिक 79 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके भी लगाये। के साई सत्विक ने (34), क्रांति कुमार (34), रॉबिन लिम्बो (नाबाद 31), गुलरदर सिंह और पलजोर तमांग ने 10 रनों का योगदान दिया। मुंबई के लिए शार्दुल ठाकुर ने छह ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। तुषार देशपांडे, तनुष, शम्स मुलानी और मुशीर खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# इशान किशन लिस्ट 'ए' में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉघे के फाइनल में पिछले हफ्ते झारखंड की तरफ से बेहतरीन शतकीय पारी खेलने वाले इशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ सिर्फ 33 गेंदों में ही शतक लगा दिया। किशन अब लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय और विश्व में जेक फ्रेजर-मक्गार्क, एबी डिविलियर्स और सकीबुल गनी के बाद चौथे सबसे तेज बल्लेबाज़ बन गए हैं। किशन के शतक से ठीक पहले बिहार के सकीबुल गनी ने सिर्फ 32 गेंदों में शतक लगाया था और लिस्ट-ए में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसकी बदौलत बिहार ने रांची में प्लेट ग्रुप के मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574 रनों का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बना दिया। उससे पहले बिहार के लिए उसी मैच में वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था और 84 गेंदों में 190 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान वैभव लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बनने के अलावा सबसे तेज 150 (59 गेंद) बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। एक ही दिन में भारतीय बल्लेबाजों की तरफ से दो अलग जगहों पर तीन सबसे तेज लिस्ट-ए शतक का रिकॉर्ड देखने को मिला।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले किशन ने अपनी पारी में सात चौके और 14 छक्के लगाए। उनके 39 गेंदों में बनाए गए 125 रनों की मदद से झारखंड ने कर्नाटक के खिलाफ 412 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया।

# पूरन की तूफानी पारी से एमआई एमिरेट्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

● निकोलस पूरन ने 69 और मुहम्मद वसीम 59 रनों की तीसरे विकेट के लिए साझेदारी जीत में अहम रही

**अबू धाबी, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने अबू धाबी में गल्फ जायंट्स को आसानी से हराकर आईएलटी-20 के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद निकोलस पूरन (69') और मुहम्मद वसीम (59') की तीसरे विकेट के लिए नाबाद 140 रन की साझेदारी एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम रही।

इस बीच, जायंट्स का खराब प्रदर्शन जारी है, उन्होंने अपने पिछले सात में से छह मैच गंवा दिए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अबू धाबी नाइट राइडर्स को हराना होगा। जब जायंट्स पहले बल्लेबाजी करने उतरे, तो गुरबाज ने एक बड़े छक्के और चौके के साथ शुरुआत की, लेकिन वह क्रीज पर जयादा देर नहीं टिक पाए और तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने उन्हें आउट कर दिया। इसी बीच, जायंट्स ने कप्तान जेम्स लवस को भी रोमारियो शेफर्ड के हाथों गंवा दिया और वे 16 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गए। दो से तीन विकेट हो गए, जब आसिफ खान, जिन्होंने एक छक्के और एक चौके के साथ जवाबी हमला करने की झलक दिखाई थी, शेफर्ड का शिकार हो गए और जायंट्स ने पावरप्ले में 36 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। यही हाल लोर्कन टकर का भी रहा, जिन्होंने दो चौके लगाने के बाद अरब गुल मोमंद के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। नियमित विकेट गिरने का मतलब यह भी था कि जायंट्स बीच के ओवरों में खुलकर नहीं खेल पाए और 7वें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 55 रन बना पाए। इसके बाद मोईन अली और काइल मेयर्स ने आखिरी पांच ओवरों में एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजों पर हमला बोला। दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों ने एएम गजनफर के ओवर में 15 रन बनाए और फिर शेफर्ड को दो चौके और एक छक्का जड़ा। मोईन ने 45 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया - एक धीमी पारी, लेकिन जिसने जायंट्स को 141 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में, जायंट्स ने शुरुआत से ही अच्छी गेंदबाजी की। आयरिश खिलाड़ी मार्क अडायर ने जॉनी बेयरस्टो को बिना खाता खोले पगबाधा आउट कर दिया और बल्लेबाज पवेलियन लौट गए, लेकिन बॉल-ट्रैकिंग से पता चला कि गेंद स्टंप्स के ऊपर से जा रही थी। अगले ओवर में उमरज़ई ने दूसरे इंग्लिश खिलाड़ी टॉम बैंटन को आउट कर दिया।

# टेनिस स्टार वीनस लिलियम्स ने एंड्रिया से शादी की

**वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिल थे**



**फ्लोरिडा, वार्ता।** टेनिस लेजेंड वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिले थे, एक ऐसा इवेंट जिसमें दोनों में से किसी ने भी जाने का प्लान नहीं बनाया था। वीनस याद करते हुए कहती हैं, हम गुच्ची शो में मिले थे। वोग के अनुसार, एंड्रिया ने एक एपेरिटिवो के दौरान उनसे बात की, जिससे बातचीत शुरू हुई और फिर व्हाट्सएप पर बातचीत हुई और उनके परिवार के साथ लंदन में मुलाकात हुई। मैं अपनी बहनों के साथ लेक कोमो में ट्रिप पर थी जब मुझे आखिरी मिनट में इनवाइट मिला और मैंने अचानक जाने का फैसला किया, और एंड्रिया थके हुए थे। हम दोनों में से कोई भी वहां जाने का प्लान नहीं बना रहा था। वोग के हवाले से, वीनस कहती हैं कि लंदन में हमारी डेट्स के बाद, मुझे बस पता था कि मैं उससे शादी करने वाली हूं। मिलने के दस दिन बाद, वीनस को एडेनोमायोमा का पता चला। एंड्रिया ने इटली में कंसल्टेशन और सर्जरी के दौरान उनका साथ दिया। छह महीने बाद, 31 जनवरी, 2025 को टस्कनी में उनकी सगाई हुई, जिसमें एंड्रिया ने थर्मल पूल में एक रोमांटिक दिन के बाद प्रपोज किया। वीनस याद करते हुए कहती हैं, मैं खुशी से उछलना और हंसना बंद नहीं कर पा रही थी।

उनकी पहली शादी 18 सितंबर को इस्चिया, इटली में हुई, जिसके बाद वीनस की फ्लोरिडा की जड़ों का सम्मान करने के लिए पाम बीच में दूसरा समारोह हुआ। हफ्ते भर चले सेलिब्रेशन में यॉट पार्टी, पूल पार्टी, स्पोर्ट्स इवेंट और परिवार और दोस्तों के साथ डिनर शामिल थे। वीनस कहती हैं कि हमें हर दिन अपने घर में लोगों का स्वागत करना पसंद है। वोग के अनुसार, कपल ने शुक्रवार सुबह एक प्राइवेट कोर्टहाउस सेरेमनी की, जिसे उन्होंने सुंदर, शांत, पवित्र, रोमांचक और शानदार बताया। वीनस ने मोरिली न्यूयॉर्क की ड्रेस पहनी थी, जबकि एंड्रिया अपनी मां के साथ जैक्सन 5 के आई विल बी देयर गाने पर बाहर आए। रिसेप्शन में दिल को छू लेने वाली कसमें, फ्लेमिंगोस के आई ओनली हैव आइज फॉर यू पर पहला डांस और देर रात आफ्टर-पार्टी शामिल थी। वीनस आखिर में कहती हैं, यह सबसे खुशी का, सबसे सुंदर, सबसे प्यारा दिन था।

# दीपों से सजाया गया भाजपा कार्यालय

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यालय पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको सभी ने उनको नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सैनी व महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी युगद्रष्टा थे। उनके राजनैतिक जीवन में अनेक अवसर ऐसे आये जब न केवल पक्ष ने बल्कि विपक्षी राजनैतिक दलों ने उनकी प्रशंसा की।



विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधानमंत्री रहते पोखरण परमाणु परीक्षण कराए साथ ही कारगिल युद्ध में दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाते हुए सेनाओं को शत्रु के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की छूट दी । भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के आदर्श हैं।

इस अवसर पर एससी आयोग सदस्य महिपाल वाल्मीकि, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, राकेश जैन, अमित गगनेजा, किशोर शर्मा, विपिन, अजीत राणा, गौरव गर्ग, मनोज ठाकुर, पार्षद संजय गर्ग, राजू सिंह ओजपुरा, गौरव कपिल, नीलू राणा, राजीव सैनी उपस्थित रहे।

### कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में चेयरपर्सन की मौजूदगी में सभासदों द्वारा पास किये गये विकास कार्यों पर काम शुरू न होने के सम्बन्ध में सभासद तौकीर अहमद ने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर कार्यो को जल्द पूरा कराने की मांग की है।

वार्ड नम्बर 7 से भाजपाई सभासद तौकीर अहमद ने बताया है कि नगर पंचायत भवन में आयोजित की गई बोर्ड की एक बैठक में उपस्थित सभी सभासदों द्वारा वार्ड नम्बर 07 मे खराब पडी हाईमास्क लाईट की मरम्मत कराने, बस स्टैंड चिलकाना पर लगे ष्सुल्तानपुर चिल. काना नम्बर-1ष लाईट बोर्ड की बन्द पड़ी लाईटों को ठीक कराने के साथ साथ वार्ड नम्बर 07 में टूटी हुई सडक की मरम्मत व टूटी पड़ी नालियों को ठीक कराये जाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया था। प्रस्ताव पास होने के बाद एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नही हुआ है।

# पदयात्रा की सफलता पर चौ.नीरपाल ने जताया कार्यकर्ताओं का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौ.चरण सिंह की जयंती मौके पर निकाली गई पदयात्रा को सफल बनाने के लिये कार्यकर्ताओं का आभार जताया।



हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी साहब की नीतियों की अलख जन जन तक पहुंचे यही हम सबका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब की विचारधारा को गांव गांव घर घर पहुंचाएंगे उनके महान आदर्शों का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की टीम प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत चौधरी, जिलाध्यक्ष हरिद्वार शारिक चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष रुपिन चौधरी तथा पूर्व जिलाध्यक्ष राव केसर सलीम, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, चौ अरविंद बादी, युवराज सिंह, लाल धर्मेंद्र का पद यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके लिये वह धन्यवाद के पात्र है।

# आजादी में सिखों का भी योगदान: डा.अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि देश की आजादी में सिखों का अविस्मरणीय योगदान रहा है।



डा.मलिक ने यह बात भगवती देवी पब्लिक स्कूल में साहिबजादो का शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भारत देश में करीब 700 वर्षों तक मुगलों का शासन रहा देश की आजादी में सिख धर्म का बड़ा योगदान रहा। इससे पूर्व डा.अशोक मलिक ने रविंद्र शरद प्रधानाचार्य सुषमा मलिक डिंपल चौधरी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों में करण कार्तिक उज्जवल लक्ष्य मलिक गुरु इकबाल रणबीर शिवा आदि ने साहबजादओ व गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के रूप में अपनी प्रस्तुति प्रकट कर नाट्य प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। सिमरन आयुषी वासु वैष्णवी नैंसी आराध्या करती आदि ने मां सरस्वती गीत व तुलसी पूजन कर कार्यक्रम को और भी सुंदर बनाने का काम किया।

कार्यक्रम में श्रीमती डिंपल चौधरी श्रीमती प्रिया कावत्रा श्रीमती मीनू श्रीमती खुशी कुमारी काजल ज्योति श्रीमती रेखा सिमरन मीनू वैभव हरेंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

### कथा का विश्राम

**चिलकाना।** गांव धोलाहेड़ी में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा को हवन एवं विशाल भंडारे के साथ विधिवत विश्राम दिया गया।

कथा व्यास आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने भागवत महापुराण का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सद्मार्ग की ओर ले जाती है। इसके श्रवण मात्र से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि भागवत भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों के माध्यम से प्रेम, करुणा और धर्म का संदेश देती है। कथा विश्राम पर कथा व्यास को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। हवन में यजमान धर्म पाल, सुरेन्द्र, महीपाल, शुभम, ऋषि पाल, चरण सैनी, प्रमोद कुमार, हिमांशु कुमार, राजेश कुमार, सन्नी कुमार, सोनू सैनी, रामकुमार सैनी, नाथीराम आदि रहे।

# जिला स्तर के लिए पांच बच्चों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लाक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पांच बच्चों का चयन किया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय मनो. हरपुर में आयोजित प्रतियोगिता में 44 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कुल 132 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के निर्धारित मानकों के अनुसार 25 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया गया। इनमें से 5 विद्यार्थियों को क्विज प्रतियोगिता तथा 5 विद्यार्थियों को मॉडल मेकिंग के लिए जिला स्तर पर चयनित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईओएस द्वितीय हर्षदेव स्वामी एवं खंड शिक्षा अधिकारी बलियाखेड़ी सुरेश त्यागी ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं साइंस किट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने, नवाचार को अपनाने तथा निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका कुमारी लक्ष्मी त्यागी, प्रधानाध्यापिका अर्चना शर्मा, बीआरसी सहायक लेखाकार, एआरपी सुशील कुमार आर्य, योगेन्द्र सिंह, विपिन कुमार, नीरज सैनी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 32 वर्षों से लंबित मुकदमे में आरोपी बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिविल कोर्ट में अधिवक्ता जमाल साबरी ने अपने मुवक्किल की ओर से मुकदमे की पैरवी करते हुए उन्हें बरी कराया।

यह मामला मुकदमा अपराध संख्या 29/1993 थाना सदर बाजार, अन्तर्गत धारा 420,486 आई.पी.सी. एक्ट से संबंधित था। पुलिस ने वर्ष 1993 में रमेश पुत्र सिया राम मौ गांधी नगर थाना कमाल गंज जिला फरुखाबाद हाल निवासी वंशिकला मौ शास्त्री नगर थाना सदर बाजार को आरोपित करते हुए मुकदमा दर्ज किया था। आरोप था कि अभियुक्त 24 जनवरी 1993 को रात्रि में लगभग 9:30 बजे थाना सदर बाजार क्षेत्र में बीड़ी के कुछ बंडलो कम्पनी एव कुछ बंडलों लेवल नही थे बीड़ी बंडल बरामद किये गये थे।




करीब 32 वर्षों से लंबित इस मामले में साक्ष्य के अभाव में अभियुक्त रमेश पुत्र सियाराम को दोष मुक्त कराया गया। फलस्वरूप न्यायालय जे एम तृतीय ने 9 दिसम्बर 2025 को अभियुक्तगण को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया।

अधिवक्ता जमाल साबरी की मजबूत दलीलों ओर प्रभावी पैरवी के चलते अभियुक्त को न्यायालय से राहत मिली।अभियुक्त रमेश ने कहा कि मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा था अपने अधिवक्ता का आभार व्यक्त करता हूं कि उनके द्वारा मेरे मुकदमे को बड़े ही ध्यान से पैरवी करते हुए न्याय दिलाया है। जमाल साबरी अधिवक्ता के साथ रूमन लाम्बा एडवोकेट, संदीप पंवार एडवोकेट,पूजा प्रजापति रही।

# एक साथ चार शव पहुंचते ही रोया गांव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चार शव एक साथ एंबुलेंस से आये तो पूरे गांव की आंखे नम हो गई। दो शवों का दोपहर में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया, जबकि दो शवों को शाम को सुपुर्द ए खाक किया गया।

बता दे कि हरियाणा के कुरूक्षेत्र स्थित एक होटल में दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही ठेकेदार नूर, उसके सगे भाई सोनू, रोशन और मदनपाल के शव गांव में दाखिल हुए, पूरे गांव में को. हराम मच गया। महिलाओं की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। नूर और सोनू की मां जवान बेटों की मौत से बेसुध हो गई। वह बार-बार अपने बेटों को पुकारकर रो रही थी, जिसे देख हर आंख नम हो गई। वहीं रोशन और मदनपाल के परिवारों का भी रो-रोकर बुरा हाल था। इस हृदय विदारक हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। कई घरों में चूल्हा तक नहीं जला। बताया गया कि ठेकेदार नूर तीन दिन पहले इन सभी को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक होटल में रंग-पुताई के काम के लिए लेकर गया था। काम के दौरान कमरे में अंगीठी जलाने के बाद उसकी गैस ठीक से बाहर न निकल पाने के कारण दम घुटने से चारों की मौत हो गई। इस हादसे में पांचवां मृतक रामकुमार कश्यप, जो रोशन का साला था, उसका शव सहारनपुर के काजीपुरा में पहुंचा। बताते चले कि बीते एक सप्ताह में शेखपुरा गांव में सात मौतें हो चुकी हैं। दो दिन पहले भी गांव में जीजा-साले की मालगाड़ी से कटकर मौत हुई थी, जिससे ग्रामीण पहले से ही सदमे में थे। मौतों से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### विजेता बच्चे सम्मानित

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यापक रविन्द्र शर्मा ने कहा कि बच्चों की बहुमूल्य प्रतिभाओं और सृजनशक्ति को उभारें। नैतिक संस्कारों का अभिसचन करें तभी मानव में देवत्व और धरती पर स्वर्ग का अवतरण होगा। प्रधानाचार्य संजय कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा और संस्कार की ऊर्जा स्त्रोत है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह, दीपक सैनी, कोऑर्डिनेटर पारूल मौजूद रहे।

# अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आईपी इंटर कालेजमें विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाकर छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

खिडका भटकवा स्थित कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रफाकत अली खान ने कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना आज की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना भय के सहायता लें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। उप प्रधानाचार्य मो. अबूजर ने छात्राओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम की करए कार्य प्रणाली की जानक. ारी दी। कार्यक्रम में फरहा खान, नाजम. ीन अब्बासी, फिरदोस सलमानी, मिस्बाह गौर, शाहीन, सविता, सलमान, सलोनी डाबर, सिमरन, शीतल, अरसला गौर, शीतल को. हली, अनीता, कवरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीए ने जोन एक में कराया अवैध निर्माण सील



सहारनपुर। सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने जोन 1 में चल रहे अनाधिकृत निर्माण पर सील की कार्यवाही की।

उपाध्यक्ष व सचिव के निर्देशों के क्रम में एसडीए टीम ने जोन एक के अंर्तगत देहरादून रोड, बिजलीघर के आगे मोसूफ अली खान द्वारा करीब 300 वर्ग मी.हाल में कराये जा रहे निर्माण को सील किया गया। टीम में सहायक अभियन्ता वीरेश कुमार, अवर अभियंता शोएब आलम, मेट लाल बहादुर, अमरनाथ, राहुल शामिल रहे।

# छुटमलपुर में सार्वजनिक प्याऊ बदहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में ज्योति किरण पुलिस चौकी के ठीक सामने स्थित सार्वजनिक पियाऊ की हालत बेहद खराब हो चुकी है। राहग. ीरों और स्थानीय निवासियों के लिए प्यास बुझाने का प्रमुख साधन यह पियाऊ अब गंदगी का अड्डा बन गया है। टोंटी पर कपड़ा बांधकर लोग पानी पीने को मजबूर हैं, क्योंकि पानी में गंदगी और कीचड़ मिला हुआ है।




क्षेत्र के लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस पियाऊ की सफाई नहीं हुई है। टैंक में जमा गंदगी के कारण पानी दूषित हो रहा है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बढ़ गया है राहगीरों की संख्या ज्यादा होने के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन की अनदेखी से समस्या गंभीर हो गई है। पुलिस चौकी के सामने होने के कारण यह जगह प्रमुख है, लेकिन रखरखाव का अभाव सरकारी लापरवाही को दर्शाता है। नगर वासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन और अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी से तत्काल सफाई और मरम्मत की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है। छुटमलपुर में पहले भी पेयजल और सफाई संबंधी शिकायतें सामने आ चुकी हैं, जिससे प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं।

### खेलों में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**गंगोह।** बी. जनता इंटर कॉलेज बिलासपुर ततारपुर कला में आयोजित ओपन खेल प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए न केवल बी. जनता इंटर कॉलेज बिलासपुर के साथ अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी खेलों में भाग लिया।

प्रधानाचार्य ओमकार शर्मा के अनुसार सब जूनियर व जूनियर वर्ग में आकाश ने 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साजिद 400 मीटर, मोहित 800 व गौरव 1500 मीटर में प्रथम रहे। ऊंची कूद में सूरज, लंबी कूद में आकाश गोला फेंक जूनियर वर्ग में हार्दिक चौधरी, सीनियर में विवेक कुमार प्रथम रहा। खेल प्रभारी अशोक शर्मा रहे। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. सुशील चौधरी ने पुरस्कार वितरण करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उपभोक्ता हितों का संरक्षण हो: बबीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व उपभोक्ता संगठन भारत के द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों समेत वक्ताओं ने अपने विचार रखे।



जनक नगर स्थित एल मोन स्कूल में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता बबीता झा ने कहा कि उपभोक्ता हितों के बेहतर संरक्षण के लिए प्रत्येक जिले में हो एक स्वैच्छिक आंदोलन तैयार, तभी आज का उपभोक्ता सशक्त बन पाएगा। इसके लिए विश्व उपभोक्ता संगठन भारत ने जो पहल की है वह सराहनीय है। विश्व उपभोक्ता संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष असगर आलम ने कहा कि संपूर्ण भारत में सरकार द्वारा उपभोक्ता हितों के संरक्षण के लिए प्रत्येक जनपद में जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम बनाया गया है परंतु आज भी उपभोक्ता न्याय पाने के लिए इन फोरमों में जाने से कतराता है जिसके लिए हमारा संगठन प्रयासरत है कि उपभोक्ता को जागरूक किया जाए ताकि उपभोक्ता कहीं भी किसी भी प्रकार की त्रुटि या सेवा में दोष की शिकायत कर सके। कार्यक्रम में संगठन की राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर शाजिया नाज, प्रधानाचार्य डॉक्टर साधना बाहरी आदि ने भी अपने विचार रखे।गोष्टी से पूर्व दिल्ली से आई सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता बबीता झा जिनको राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में अरशद जमाल, आरिफ खान, आदिल खान, अनुज गोयल, डॉ यासमीन राव एडवोकेट मौजूद रहे।

# शहर में निगम जलवा रहा 250 अलाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्दी से बचाव के लिए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा जहां महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब ढाई सौ अलाव जलाये जा रहे हैं वहीं स्थायी व अस्थाई चार रैन बसेरों में भी लोगों के रात्रि विश्राम के लिए व्यापक प्रबंध किये गए हैं। अब तक इन रैन बसेरों में 1280 लोग रात्रि विश्राम कर चुके है। इसके अलावा आर्थिक रुप से कमजोर व असहाय लोगों को दो हजार कंबल वितरण का कार्य भी शुरु कर दिया गया है।



सहायक नगरायुक्त (नगर निगम के अलाव व रैन बसेरा प्रभारी) जे पी यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा महानगर में अलाव हेतु करीब तीन हजार कुंतल सूखी लकड़ी की व्यवस्था की गयी है। जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाये गए तथा महानगर के महत्वपूर्ण स्थलों जैसे, रेलवे स्टेशन, घंटाघर, रोडवेज बस अड्डा, गंगोह बस अड्डा, कलक्ट्रेट तिराहा, हसनपुर चौक, नवाबगंज चौक, जिला चिकित्सालय, बेहट बस स्टैण्ड, मुसाफिरखाना, देहरादून रोड, जेल चुंगी, भारत माता चौक, नुमाईश कैंप सहित महानगर के करीब ढ़ाई सौ स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अलाव जलने की लखनऊ स्तर से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि निराश्रित, गरीब व असहाय व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए साढे़ तीन हजार कंबल की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है। इनमें से प्रथम चरण में दो हजार कंबल का वितरण जनप्रतिनिधियों/पार्षदों के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक नगरायुक्त ने बताया कि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये इसके लिए महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर पांच टीमें गठित की गयी हैं और दो ई-रिक्शाओं की व्यवस्था की गयी है ताकि सड़क पर रह रहे निराश्रित लोगों को रिक्शाओं में बैठाकर रैन बसेरों में लाया जा सके। अपर नगरायुक्त प्रथम पी के यादव को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनमंच परिसर के अलावा कमेला कॉलोनी के निकट स्थायी रैन बसेरो तथा रेलवे स्टेशन के निकट व जनमंच के पीछे अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था की गयी है।

# एक और सफलता

भारत की सुरक्षा अब पहले से और अधिक मजबूत हो गई है। डीआरडीओ ने नेक्स्ट जेनरेशन आकाश-एनजी मिसाइल का सफल यूजर ट्रायल संपन्न कर लिया है। अब इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया जा सकेगा। इसके शामिल होने से भारतीय वायु सेना की ताकत में और इजाफा होगा और वह किसी भी खतरे का मुकाबला करने में सक्षम हो सकेगी। वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर देशवासियों को प्रसन्नता है और कामना की है वैज्ञानिक आगे चलकर इससे बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। इससे पहले भारतीय वायु सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुकी है। डीआरडीओ ने ये मिसाइल नेक्स्ट जेनरेशन की मिसाइल प्रणाली के यूजन इवोल्यूशन ट्रायल को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों में इसके शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस प्रणाली ने उच्च गति, कम ऊंचाई और लंबी दूरी के उच्च ऊंचाई वाले लक्ष्यों सहित विभिन्न हवाई खतरों के विरुद्ध उच्च सटीकता का प्रदर्शन किया। स्वदेशी आरएफ सीकर, दो. हरी पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर और पूरी तरह से स्वदेशी रडार और सी2 प्रणालियों से लैस आकाश-एनजी भारत की वायु रक्षा क्षमता को एक बड़ा बढ़ावा देगी। इस माह की शुरुआत में डीआरडीओ ने लड़ाकू विमानों से बाहर निकलने के लिए विकसित 'एस्केप सिस्टम' का नियंत्रित रफ्तार पर उच्च-गति रॉकेट-स्लेज परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण से भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास उन्नत इन-हाउस एस्केप सिस्टम के पूर्ण परीक्षण की क्षमता उपलब्ध है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रॉकेट-स्लेज परीक्षण में रॉकेट प्रणोदन तंत्र के साथ मिलकर प्रणाली को दो रेलों पर उच्च गति से चलाया जाता है, ताकि हवा में गतिमान विमान का अनुकरण किया जा सके। इस टेस्ट ने साबित कर दिया है कि भारतीय आसमान अब पूरी तरह सुरक्षित है। यह मिसा. इल दुश्मन के हर हवाई हमले का जवाब देने के लिए तैयार है। डीआरडीओ के मुताबिक मिसाइल ने सभी मानकों को पूरा किया है। ट्रायल के दौरान इसने हवा में मौजूद टारगेट्स को सटीकता से नष्ट किया। इसने अलग-अलग रेंज और ऊंचाई पर अपने जौहर दिखाए। यह सिस्टम दुश्मन के फाइटर जेट, ड्रोन या मिसाइल को पलक झपकते ही खत्म कर सकता है। यह भारत की एयर डिफेंस क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा।

## स्कूल-कॉलेज के कैंपस में हर तरह का नशा उपलब्ध



उप्र में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है, यूपी में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपये में मिल रही है, इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं, प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं, किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है, हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल -कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है, पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, पर आज कफ सिरप का नशा फैल रहा है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, प्रमुख, कांग्रेस सोशल मीडिया**

# सर्दियों में कुछ इस तरह निखारें अपने सौंदर्य को





**शहनाज हुसैन**

पुदीने की भीनी खुशबू और स्वाद से भला कौन परिचित नहीं होगा। पुदीना हर भारतीय रसोई में आपको आसानी से मिल जाएगा। पुदीना न केवल खाने-पीने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि आपकी त्वचा को निखारने और बालों को कोमल और मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। ठंड के मौसम में त्वचा ड्राई, खुरदरी और कभी-कभी एलर्जिक हो जाती है। पुदीने में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटी।इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को शांत करते हैं और खुजली, दानों व जलन में आराम देते हैं। के एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। पुदीने को लंबे समय से त्वचा की सफाई और जलन कम करने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। सर्दियों में पुदीना। युक्त पानी से चेहरा धोना या पुदीना। पेस्ट लगाना त्वचा को ताजगी और राहत दे सकता है। सर्दियों के मौसम में त्वचा शुष्क हो जाती है। अगर आप पुदीने को अपनी डाइट में शामिल कर लेंगी तो इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, जिससे त्वचा की रंगत बरक. रार रहती है और फाइन लाइन्स और झुर्रियां रो. कने में मदद मिलती है। सर्दियों में धूप की कमी के कारण अकसर मूड स्विंग होता है और महिलाएं डिप्रेशन, अकेलेपन या तनाव का शिकार होती हैं नियमित रूप से पुदीने की चाय पीने से तनाव से मुक्ति मिलती है। अगर सर्दियों में मानसिक तनाव की वजह से आप की त्वचा फटनी शुरू हो जाती है तो पुदीना और ग्रीन टी आपके लिए सहायक हो सकते हैं। इसके लिए एक चमच्च ग्रीन टी में चार पांच ताजे पुदीने की पत्तियां कुछ देर के लिए भिगोइए इसे ज्यादा देर तक न भिगोएं नहीं तो यह कड़वी हो जाएगी। रोज सुबह पीने से त्वचा में ग्लो झलकने लगेगा। ग्रीन टी में विद्यमान एंटीऑक्सिडेंट्स सीवम को कम करते है, त्वचा के छिद्रों को बंद करते हैं और कील मुहांसों को शांत करते हैं। पुदीना ताजगी का अहसास प्रदान करता है और जलन को शांत करने में सहायक होता है।

आजकल के मौसम में स्किन में ड्राइनेस होना आम बात है। ड्राइनेस से बचने के लिए अगर आप डाइट में पुदीना लेंगी तो त्वचा को भरपूर एंटीऑक्सीडेंट्स मिलेंगे। साथ ही त्वचा का निखार बरकरार रहेगा। इसके अलावा पुदीना न केवल त्वचा की सफाई के काम आता है, बल्कि इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा की रंगत भी बढ़ती है। अगर आप अपनी त्वचा का ग्लो बढ़ाना चाहती हैं तो पुदीने की पत्तियों का पेस्ट या फिर इसके रस को नियमित रूप से चेहरे पर लगाने से चेहरे की आभा बढ़ती है। पुदीने की पत्तियों में कसैले गुण होते हैं जिसकी वजह से यह स्किन को टोन करने में काफी फायदेमंद साबित होती हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा के बंद रोम छिद्रों को साफ करने और इसमें जमा गंदगी को खत्म करने में भी मदद मिलती है। स्किन पर पुदीनें का पैक या टोनर लगाने से स्किन मुलायम , चिकनी और कोमल हो जाती है। सर्दियों में पुदीने और ओट्स का स्क्रब डेड स्किन सेल्स को निकाल कर त्वचा को मुलायम और कोमल बनांते हैं। इसके लिए एक चमच्च ओट्स में पुदीने की कुछ पत्तियां मिला लीजिए। फिर इसमें एक चमच्च शहद , दो चमच्च दूध और आधा कद्दूकश किया खीरा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट से अपने चेहरे पर कुछ देर तक हलके हलके मसाज करें। कुछ दिन बाद आपको फर्क महसूस होने लगेगा। पुदीना हार्मोन को बैलेंस करने में मदद करता है। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाली दिक्कतों को कम करने में मदद मिलती है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के साथ साथ त्वचा को ठंडा रखने कील-मुहांसों को दूर करने चेहरे की सूजन कम करने में काफी सहायक होते हैं। आप इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी कर सकते हैं। इसमें प्रोटीन विटामिन, जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एंटिसेप्टिक होने के कारण इसका प्रयोग बॉडी क्लींजर, साबुन और बॉडी वॉश के रूप में होने लगा है। कांच की कटोरी में पुदीने की ताजा पतियों का रस निकाल लें अब ताजे खीरे को छीलकर काट लें और उसे कद्दूकस कर लें। अब इनके अंदर एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द गिर्द खुले अंगों पर आधा घण्टा तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। इस पैक को नियमित तौर पर चेहरे पर लगाने से कील मुहांसों से छुटकारा मिलेगा। पुदीने का फेशियल ऑयली त्वचा के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। एक कांच के बर्तन में दो बड़े चम्मच ताजा पीसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा घोल बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाने के बाद और चेहरे को ताजे पानी से धो लें। पिम्पल की समस्या के निदान के लिए पुदीने का नियमित उपयोग मददगार साबित हो सकता है। पुदीने के रस को नारियल तेल में डालकर पिम्पल पर लगाने से राहत मिलेगी। ऐसा करने से कुछ ही दिनों पिम्पल दूर हो जाएंगे और उनके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लग जाएंगे। पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने में काफी सहायक होता है। पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। गुलाब जल त्वचा के पी एच लेवल को संतुलित करता है। एक पका केला लेकर इसे अच्छी तरह मैश कर लें। अब इसमें पुदीने के कुछ पतियों का पेस्ट डाल दें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद चेहरे को ताजे ठन्डे पानी से धो डालें। अगर आपके बाल पतले पड़ गए और आप बालों की रुसी आदि की समस्या से जूझ रहे हैं तो पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। पुदीने का हेयर मास्क बनाने के लिए एक कांच के बर्तन में पुद. ीने के 10 -12 पत्ते पीस लें। अब आप चने की दाल और दही को पीसकर इसका पेस्ट तैयार कर लें और इसमें पीसे पुदीने के पत्तों को मिलाकर इस मास्क को बालों पर लगाने के आधा घंटा बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें।

**( लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं। )**

# नेपाली घुसपैठियों के खिलाफ विधायक ने उठाई आवाज

**अंग्रेजी शासन के समय ही उनवल स्टेट से ये लोग भारत सीमा से सटे नेपाल के कृष्णा नगर में आकर बस गए। यह परिवार नेपाल राजाओं के भी नजदीक रहा है। नेपाल में एक समय ऐसा था जब वहां हिंदी पढ़ने की अनुमति नहीं थी। तभी नेपाली छात्रों को हिंदी की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए नेपाल सीमा से सटे बढ़नी कस्बे में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज नाम से शिक्षण संस्थान की स्थापना की थी। तभी से इस विद्यालय का प्रवंधन नेपाल के इस परिवार के हाथ में है।**



**यशोदा**

यूपी में जब एस आई आर की शुरुआत हुई तो मुख्यमंत्री ने हर जिले में घुसपैठियों के लिए सेल्टर होम की बात कही थी। एस आई आर की समय सीमा समाप्त हो रही है लेकिन यूपी में घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो पाई। बहरहाल जब घुसपैठियों की बात चली तो इस बात की ज्यादा संभावना थी कि यूपी में किसी और देश के घुसपैठिए हों न हों, नेपाल के घुसपैठिए जरूरत पहचान में आ जाएंगे। लेकिन यह भी नहीं हो पाया जबकि संपूर्ण यूपी में न सही नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में नेपाली घुसपैठियों की भरमार है। यूपी के ए जिले हैं महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत, लखीमपुर। नेपाल सीमा के इन सात जिलों में नेपाल और भारत के हजारों ऐसे लोग हैं जिनके पास दोहरी नागरिकता है। सीमा से सटे दोनों ओर के कस्बों और गांवों में उनके घर मकान हैं। ऐसे लोगों का व्यापार भी सीमावर्ती क्षेत्रों में फैला हुआ है। इतना ही नेपाल सीमा के कुछ गांवों को मिनी नेपाल तक कहा जाता है। वे दोनों तरफ अपने मता. धिकार का भी प्रयोग करते हैं। दोहरी नागरिकता धारण किए हुए लोगों के वाहन और असलहे तक भारत के पते पर होते हैं। अचरज की बात है कि ऐसे लोगों में एक भी ऐसा नहीं पाया गया जो नेपाली घुसपैठिया हो।

खैर ,चोरी छिपे ऐसे घुसपैठियों की शिनाख्त न हो पाना बड़ी बात नहीं है। सरकारी कामकाज में ऐसा हो रहा है तो इसे सरकार की मंशा भी कहा जा सकता है। लेकिन जब दोहरी नागरिकता के सारे सबूत सरे आम हों उस पर भी सरकार यह कहे कि सबूत दीजिए तब कार्रवाई हो तो अजीब लगना स्वाभाविक है। यूपी के शौहरत गढ़ विधानसभा क्षेत्र के अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा ने इसी सत्र में सदन में ऐसे नेपाली नागरिकों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया तो विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक वर्मा से सबूत पेश करने की बात कही।

याद है न पाकिस्तान की सीमा हैदर बिना बीजा पासपोर्ट के नेपाल के रास्ते भारत धमक पड़ी और नोएडा के आसपास अपने कथित प्रेमिका के साथ डंके की चोट पर रह रही है। सरकार अभी तक सीमा हैदर के भी घुसपैठिए होने की सबूत तलाश रही है। सरकार जब घुसपैठियों की बात करती है तो यह कह पाना मुश्किल होता है कि सरकार अपने मनमाफिक घुसपैठिए ढूंढ रही है या घुसपैठिए ढूंढ रही है? नेपाल यद्यपि हमारा पड़ोसी और मित्र देश है फिर भी कोई भारतीय न तो वहां घर जमीन ले सकता है और न ही किसी संस्था का सदस्य अथवा प्रवंधन संभाल सकता है। लेकिन नेपाल सीमा के यूपी में ऐसा संभव है जहां नेपाल का कोई शख्स भारत का भी नागरिक हो सकता है, भारतीय शिक्षण संस्थान का प्रवंधकीय व्यवस्था संभाल सकता है, भारतीय नंबर के वाहनों का इस्तेमाल कर सकता है,भारत में राजनीति भी कर सकता है, लखनऊ दिल्ली में रिहायशी मकान भी बना सकता है और असलहे इत्यादि भी रख सकता है। निश्चित ही भारत नेपाल संबंधों के तय शर्तों में ऐसी कोई शर्त नहीं है फिर भी यह सब सरेआम हो रहा है। किसी भारतीय को नेपाल में ऐसी सुविधाएं नहीं प्राप्त हैं।

फिलहाल यूपी के सिद्धार्थनगर के बढ़नी और महराजगंज जिले के ठूठीबारी कस्बे में स्थित विद्यालयों के प्रवंधक नेपाली नागरिक हैं। दोनों का ही भारत के उच्च प्रशासन और सरकार तक ऊंची पहुंच है। ठूठीबारी स्थिति विद्यालय के प्रवंधक देवेंद्र राज कंडेल नेपाल में गृहमंत्री भी रहे हैं जबकि बढ़नी स्थित विद्यालय के प्रवंधक कुणाल शाह का परिवार न केवल नेपाल की राजनीति में खासा दखल रखता है,इस परिवार के सदस्य नेपाल सरकार में सांसद, मंत्री तक रहे हैं। इस परिवार के सदस्य आज भी नेपाली राजनीति में अच्छी तरह सक्रिय हैं। इस परिवार का गोरक्ष पीठ, उसके महंतों से सीधा जुड़ाव रहा है। यह परिवार आज भी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से जुड़ा हुआ है। कृष्णा नगर नेपाल का शाह परिवार पूर्व में गोरखपुर जिले के उनवल स्टेट का निवासी रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिजाब विवाद: क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया



**निर्मल रानी**

देश में पिछले दिनों उस समय हिजाब को लेकर फिर एक बहस छिड़ गई जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गत 15 दिसंबर को पटना में एक सरकारी कार्यक्रम में नव नियुक्त आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित करते समय एक मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन जोकि चेहरा ढंकने वाला हिजाब पहने हुई थीं, का हिजाब सार्वजनिक मंच से उसके चेहरे से खींच कर उतारने की कोशिश की। उस समय डॉक्टर नुसरत परवीन स्टेज पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों नियुक्ति पत्र ग्रहण करने हेतु आमंत्रित की गई थी। इस घटना ने वहां मौजूद सभी लोगों को स्तब्ध कर दिया। इस घटना से संबंधित वायरल वीडीओ में देखा जा सकता है कि घटना के समय जहां डॉक्टर नुसरत असहज दिखीं वहीं उसी मंच पर मौजूद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी न केवल घटना से हतप्रभ नजर आए बल्कि उन्होंने नीतीश की ओर हाथ बढ़ाते हुए उन्हें हिजाब खींचने से रोकने की कोशिश भी की। जबकि उसी मंच पर मौजूद कुछ लोग हंसते हुए भी दिखाई दिए।

इस घटना से एक बात तो साबित हो ही गई कि नितीश कुमार जैसे अनुभवी राजनेता लगभग 75 वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इसी वजह से वे पहले भी महिलाओं को लेकर की गई एक अत्यंत अभद्र टिप्पणी के लिए आलोचना का पात्र बन चुके हैं। कभी कभी सार्वजनिक मंचों पर उनकी बेतुकी बातें व उनकी असामान्य हरकतें भी यही संकेत देती कि अब वे उम्र के उस पड़ाव पर पहुंच चुके हैं जहां उन्हें सार्वजनिक सक्रिय राजनैतिक जीवन से सन्यास ले लेना चाहिए परन्तु इस घटना के बाद जिस तरह से इसे परिभाषित करने की कोशिश की गई वह और भी हैरान करने वाली बात थी। हिजाब खीं. चने की बहस को नितीश कुमार की मनोदशा से जोड़कर देखने के बजाए हिजाब धारण करने न करने को लेकर ही बहस छिड़ गई। इस्लाम व मुस्लिम विरोध की राजनीति पर अपनी दुकानें चलाने वाले कुछ नेता तो बेशर्मी की सभी हदें पार करते हुए नितीश कुमार के बचाव में उतर आए। कांग्रेस,आर जे डी व अन्य कई विपक्षी दलों ने इसे महिलाओं और मुस्लिम समुदाय का अपमान बताया। किसी ने नितीश से मुआफी की मांग की तो किसी ने इस्तीफा मांगा। जबकि कुछ ने नीतीश की मानसिक स्थिति पर भी सवाल उठाए परन्तु इस विषय पर सबसे घटिया, ओछी अपमानजनक प्रतिक्रिया देने वाले दो नेता ऐसे भी हैं जो केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर बैठकर इस मुद्दे पर जहर उगल रहे हैं तथा अपनी अशिष्ट शब्दावली से देश की संवैधानिक मर्यादाओं का मजाक उड़ा रहे हैं। इनमें नितीश कुमार के हिजाब विवाद पर अपनी पहली प्रतिक्रिया संसद भवन में देने वाले केंद्रीय मंत्री गिर्रिज सिंह ने नीतीश कुमार का खुलकर बचाव करते हुए कहा कि शनितीश ने कुछ भी गलत नहीं किया है। नियुक्ति पत्र लेने आए व्यक्ति को चेहरा दिखाना चाहिए। क्या भारत कोई इस्लामिक देश है? एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? जब उनसे सवाल किया गया कि खबर है कि महिला डॉक्टर नुसरत परवीन के नौकरी छोड़ने की खबर है इस पर गिर्रिज सिंह गुस्से में यह कहते सुनाई दिए कि नौकरी करे या जहन्नुम में जाए। उनका यह बयान सबसे ज्यादा विवादित रहा और इसे सांप्रदायिक व अपमानजनक बयान के रूप में देखा गया।

ऐसा ही निम्नस्तरीय बयान उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद द्वारा दिया गया। उन्होंने भी नीतीश कुमार का समर्थन करते हुए कहा कि अरे वो भी तो आदमी हैं न नकाब छू दिया तो इतना बवाल? कहीं और छू देते तो क्या हो जाता? संजय निषाद के इस बयान को भी महिला गरिमा को आहत करने की नजरों से देखा गया। जेडीयू के नेता व बिहार के अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान ने नितीश के प्रति अपनी वफादारी का सुबूत देते हुए यह कहा कि यह पिता जैसा स्नेह था। तो कुछ मुस्लिम व महिला संगठनों द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने व कई जगह नितीश के विरुद्ध प्रदर्शन करने व उनका पुतला जलाने की भी खबरें हैं। परन्तु सबसे बड़ी चिंता का विषय तो यही है कि इस घटना को लेकर नितीश के मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा होने के बजाए जिस तरह हिजाब पर ही बहस छेड़ दी गई और वह भी अपने कुतर्कों के द्वारा, इससे यह साबित होता है कि साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले मुस्लिम विरोध या इस्लामी प्रतीकों के विरोध का कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहते अन्यथा किसी केंद्रीय मंत्री के इस बेहुदे कुतर्क का क्या अर्थ कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? संविधान की शपथ लेने वाले इस केंद्रीय मंत्री गिर्रिज को पता नहीं कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा किसी महिला की स्वेच्छा से उसके अपने हाथों से हिजाब या पर्दा हटाने को कहा जाता है न कि नितीश कुमार की तरह बदतमीजी से किसी के चेहरे से हिजाब खींचा जाता है?

ऊपर से पीड़िता को ही यह कहना कि वह नौकरी करे या जहन्नुम में जाए, इस तरह की शब्दावली देश का एक केंद्रीय मंत्री इस्तेमाल कर रहा है? बुर्का पर्दा या हिजाब को लेकर खुद विश्व मुस्लिम जगत में ही बड़ा घमासान है। दुनिया के कई अलग अलग इस्लामी देश अलग अलग तरह के परदे या हिजाब की पैरवी करते रहे हैं। जबकि विश्व का एक बड़ा उदारवादी व प्रगतिशील वर्ग ऐसा भी है जो इस तरह की बंदिशों को गैर जरूरी समझता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



## संक्षिप्त समाचार

### विमान दुर्घटना में लीबियाई सेना प्रमुख अहमद अल-हदाद का निधन

**त्रिपोली।** लीबिया की सेना के प्रमुख, मोहम्मद अली अहमद अल-हदाद की एक हवाई दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने हवाई जहाज से तुर्की की राजधानी अंकारा की आधिकारिक यात्रा के बाद वापस आ रहे थे। लीबिया की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के प्रधानमंत्री ने अब्दुल हामिद दबीबा ने इसे 'दुखद दुर्घटना' बताते हुए कहा कि यह अपूरणीय क्षति राष्ट्र, सैन्य संस्थान और समस्त जनता के लिए एक बड़ी हानि है।

### ताइवान को लेकर ताकाइची के बयान के विरोध में जापान में प्रदर्शन

**टोक्यो।** जापान में ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के बयान और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने को लेकर विरोध तेज हो गया है। जापानी नागरिकों ने मंगलवार शाम को टोक्यो में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने एक रैली निकाली और सुताक. इची से ताइवान पर अपनी गलत टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने वाली टिप्पणियों की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने 'संविधान का पालन करो' और 'युद्ध को बढ़ावा मत दो' जैसे नारे लगाए।

### जापान ने क्योटो में 'बर्ड फ्लू' संक्रमण की पुष्टि की

**टोक्या।** जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आनुवंशिक परीक्षण से क्योटो प्रांत के एक फार्म में अत्यधिक संक्रामक 'बर्ड फ्लू' की पुष्टि हुई है। यह इस मौसम में देश में बर्ड फ्लू का नौंवा संक्रमण है। कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह संक्रमण क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक मुर्गी फार्म में हुआ, जहां लगभग 280000 मुर्गियां हैं।

# मोहम्मद यूनुस से नाराज हुआ अमेरिका

**■ शेख हसीना की पार्टी को मिल सकती है प्रतिबंध से राहत**

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

एक तरफ बांग्लादेश में कानून व्यवस्था खराब है और अराजकता का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ अब अमेरिका भी मोहम्मद यूनुस से नाराज हो गया है। दरअसल अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को पत्र लिखा है। इस पत्र में अमेरिकी सांसदों ने एक राजनीतिक पार्टी पर पूरी तरह से प्रतिबंध को गलत ठहराया है। गौरतलब है कि बांग्लादेश में अवामी लीग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अमेरिका के निचले सदन हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को लिखे पत्र में बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं पर भी नाराजगी जाहिर की। पत्र में लिखा गया है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश की राजनीतिक पार्टियों के साथ मिलकर ऐसा माहौल बनाए, जिससे देश में निष्पक्ष, मुक्त और शांतिपूर्वक चुनाव हो सकें। लेकिन हमें आशंका है कि ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि अंतरिम सरकार ने राजनीतिक पार्टियों की गति. विधियों को बर्खास्त कर दिया है और साथ ही त्रुटिपूर्ण इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल को भी फिर से शुरू कर दिया है।

# ब्लूबर्ड सफलता में भारतीय मूल के दो लोगों का खास योगदान

## दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी व आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा वाणिज्यिक अनुप्रयोग के मुख्य वैज्ञानिक

**चेन्नई।** इसरो ने भारतीय रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से बुधवार को जिस उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया है उसकी निर्माता अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल में भारतीय मूल के दो लोग बड़े ओहदे पर काम कर रहे हैं।

ये हैं दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता जो इस कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी के पद पर हैं और दूसरे हैं आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा जो कंपनी के वाणिज्यिक अनुप्रयोगों के मुख्य वैज्ञानिक के पद पर हैं। गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स) के छात्र रहे थे और बाद में उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से चार्टर्ड अकाउंटेंट का कोर्स भी किया। वह अमेरिका में एक लाइसेंस प्राप्त 'सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट' भी हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के सीओओ के रूप में गुप्ता आपूर्ति श्रृंखला, योजना, लागत प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन संच.



ालन सहित कंपनी के वैश्विक कार्यों की देखरेख करते हैं। वे कंपनी के परिचालन को विस्तार देने के लिए रणनीतियों को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के अनुसार गुप्ता के पास विकास रणनीतियों को लागू करने, संचालन के विस्तार, व्यावसायिक परिवर्तन, वित्त और लेखा, जोखिम प्रबंधन और उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों के निर्माण का 25 वर्षों का वैश्विक अनुभव है। वे सितम्बर 2021 में मुख्य लेखा अधिकारी के रूप में कंपनी में शामिल हुए थे। एएसटी स्पेसमोबाइल से जुड़ने से पहले गुप्ता 2014 से न्यूयॉर्क में अर्न्स्ट एंड यंग के साथ बतौर पार्टनर कार्यरत थे। दूसरी ओर, श्रीराम ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी-टेक और और रेंसलेयर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट, यूएसए से एम-एस- की डिग्री प्राप्त की है। उनके पास वैश्विक दूरसंचार बाजारों के लिए आईपी निर्माण और उत्पाद डिजाइन का 30 वर्षों का सफल ट्रैक रिकॉर्ड है।

### नजीर, चंद्रबाबू और जगनमोहन ने एलवीएम3 एम6 के सफल प्रक्षेपण पर दी बधाई

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी है। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार को इस प्रक्षेपण में ब्लू बर्ड-6 उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया।नजीर ने कहा कि अगली पीढ़ी के संचार उपग्रह ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 को ले जाने वाला एलवीएम3 मिशन देश के लिए एक नया मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह है।

# अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया

## कहा: चीन दोहरी चाल चल रहा, एक तरफ दिल्ली से रिश्ते सुधारने की कोशिश, दूसरी तरफ पाक को हथियार दे रहा

**बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को पेंटागन ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को चीन की दोहरी रणनीति को लेकर चेता. वनी दी है। पेंटागन की 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन एक तरफ भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2024 में भारत और चीन ने एलएसी पर बचे हुए टकराव वाले इलाकों से पीछे हटने पर सहमति जताई थी। हालांकि, पेंटागन का आकलन है कि चीन का मकसद भारत के साथ रिश्तों को सामान्य करके उसे अमेरिका के और करीब जाने से रोकना है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत-चीन के बीच भरोसे की कमी अब भी बनी हुई है। दोनों के बीच अरुणाचल प्रदेश को लेकर विवाद बड़ा मुद्दा है। चीन अरुणाचल को अपना हिस्सा बताता रहा है, जो भारत की संप्रभुता को सीधी चुनौती है। बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है। पेंटागन ने पाकिस्तान में चीन की बढ़ती सैन्य भूमिका पर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन 2020 से अब तक पाकिस्तान को 36 जे-10सी लड़ाकू विमान दे चुका है। इसके अलावा दोनों देश मिलकर जेएफ-17 फाइटर जेट बना रहे हैं। पाकिस्तान को चीनी ड्रोन और नौसैनिक उपकरण भी मिल रहे हैं। दिसम्बर 2024 में चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त आतंकवाद-रोधी सैन्य अभ्यास भी किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भविष्य में पाकिस्तान में चीनी सैन्य ठिकाने बन सकते हैं, जिससे भारत की सीमाओं के पास चीन की मौजूदगी बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत से जुड़े मोर्चे को देखने वाली चीन की वेस्टर्न थिएटर कमांड ने 2024 में ऊंचाई वाले इलाकों में विशेष सैन्य अभ्यास किए। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत दुनिया के 21 देशों में नए मिलिट्री बेस बनाने की योजना पर काम कर रही है। इनका मकसद चीन की नेवी और एयरफोर्स को दूर देशों तक आपरेशन करने में मदद देना और वहां आर्मी तैनात करना है। यह जानकारी अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट 'पेंटागन' की रिपोर्ट में सामने आई है। पीएलए की सबसे ज्यादा दिलचस्पी उन इलाकों में है, जहां से दुनिया का अहम समुद्री व्यापार गुजरता है, जैसे मलक्का स्ट्रेट, होरमुज स्ट्रेट और अफ्रीका व मिडिल ईस्ट के कुछ स्ट्रैटेजिक पाइंट्स। एक्सपर्ट्स के मुता. बिक, चीन के ये विदेशी सैन्य ठिकाने सिर्फ सैन्य मदद के लिए नहीं, बल्कि खुफिया जानकारी जुटाने के लिए भी इस्तेमाल हो सकते हैं। ऐसा लाजिस्टिक नेटवर्क अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सेनाओं की एक्टिविटी पर नजर रखने में मदद कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये एक्टिविटीज ज्यादातर सीक्रेट और तकनीकी तरीके से होंगी, जिन्हें मेजबान देशों के लिए पकड़ना मुश्किल होगा। इससे चीन को अमेरिका और उसके साझेदार देशों की सैन्य गतिविधियों की बेहतर जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ ही, चीन अपने विदेशी सैन्य ढांचे के लिए कमांड और कंट्रोल सिस्टम भी मजबूत कर रहा है, ताकि दूर-दराज के इलाकों में मौजूद अपने ठिकानों को बेहतर तरीके से आपरेट किया जा सके। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि चीन का यह कदम ग्लोबल लेवल पर उसकी सैन्य ताकत और प्रभाव बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी कोशिश है। पिछले 25 सालों से अमेरिकी संसद रक्षा विभाग (पेंटागन) से हर साल एक रिपोर्ट तैयार करवा रही है, जिसमें चीन की सैन्य ताकत और उसकी रणनीति पर नजर रखी जाती है। इन रिपोर्टों में बताया गया है कि कैसे चीन लगातार अपनी सेना को मजबूत कर रहा है और अपनी ग्लोबल रोल बढ़ा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय चीन की सेना का मुख्य फोकस श्फर्स्ट आइलैंड चेनश पर है।

### अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की बार्डर पेट्रोल पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोग अमेरिका में कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस लेकर ट्रक चला रहे थे।



बार्डर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत इन लोगों को पकड़ा। यूएस कस्टम और बार्डर प्रोटेक्शन विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि बार्डर पेट्रोल एजेंट्स ने कैलिफोर्निया के अल सेंट्रो सेक्टर में 49 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं। कस्टम एजेंसी ने बताया कि अप्रवासन चेक पाइंट पर जांच के दौरान ये लोग पकड़े गए। कस्टम विभाग ने बताया कि 23 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक चले अभियान में कुल 42 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं, जो कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर ट्रक चला रहे थे। पकड़े गए लोगों में से 30 भारतीय नागरिक हैं। वहीं दो लोग अल सल्वाडोर के और बाकी चीन, एरीट्रिया, हैती, होंडुरास, मैक्सिको, रूस, सोमालिया, तुर्किये और यूक्रेन के निवासी हैं। एजेंसी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में से 31 को कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस कैलिफोर्निया राज्य की सरकार ने जारी किए थे। आठ लाइसेंस फ्लोरिडा, इलिनोइस, इंडियाना, ओहायो, मैरीलैंड, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयार्क, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन ने जारी किए थे।

# हादी के भाई का मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप

**■ कहा: उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई**

**ढाका।** बांग्लादेश के चर्चित छात्र नेता और इंकिलाब मंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद देश की राजनी. ति में भूचाल आ गया है। मृतक के भाई ओमर हादी ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई। ओमर हादी का दावा है कि सत्ता में बैठे लोगों के एक गुट ने जानबूझकर इस हत्या को अंजाम दिया, ताकि चुनावी माहौल को अस्थिर किया जा सके और राजनीतिक फायदा उठाया जा सके।

ढाका के शाहबाग इलाके में राष्ट्रीय संग्रहालय के सामने आयोजित शहीदी शपथ कार्यक्रम में बोलते हुए ओमर हादी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के अनुसार, उन्होंने कहा यह आप ही हैं जिन्होंने उस्मान हादी को मरवाया और अब उसी मुद्दे को लेकर चुनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर मौजूद एक खास गुट ने साजिश रचकर इस हत्या को अंजाम दिया। बता दें कि उस्मान हादी आगामी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार थे। ओमर हादी का यह भी आरोप है कि उनके भाई की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि उन्होंने किसी भी एजेंसी या विदेशी आकाओं के आगे झुकने से इन्कार कर दिया था। ओमर हादी ने अंतरिम सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके भाई के हत्यारों को जल्द सजा नहीं दी गई, तो यूनुस सरकार का अंजाम भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जैसा हो सकता है। उन्होंने कहा हत्यारों पर जल्द मुकदमा चलाएं, ताकि चुनावी माहौल खराब न हो। सरकार अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं दिखा पाई है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला, तो आपको भी एक दिन बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि 32 वर्षीय शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में एक मस्जिद से बाहर निकलते समय गोली चलाई गई थी। गंभीर रूप से घायल हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, जहां 19 दिसम्बर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया।



प्रयागराज। कड़ाके की ठंड और धुंध भरी सुबह में मजदूर एक कार्यक्रम स्थल का स्टेअप हटते हुए।

### भारत के हमलों पर आपत्ति, तो अफगान पर हमला क्यों: पाक धर्मगुरु

**नई दिल्ली।** पाक के कई धर्मगुरुओं और अलग-अलग पंथों के प्रतिनिधियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए नहीं करना चाहिए और न ही पाकिस्तान को अफगानिस्तान में हमले करने चाहिए। धर्मगुरुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि अफगानिस्तान को टीटीपी जैसे समूहों का सुरक्षित स्थान बनाना न सिर्फ दोनों देशों के की स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि दोनों देशों के रिश्तों को भी प्रभावित

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प पर रेप का आरोप

## सरकार बोली: सबूत नहीं, गोली लगने से महिला की संदिग्ध मौत हुई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर रेप के आरोप लगे हैं। इस पर जस्टिस डिपार्टमेंट का कहना है कि ये आरोप बिना सबूत के हैं, इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए। मंगलवार रात को इस मामले से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं।

इनमें एक महिला का दावा शामिल है कि ट्रम्प और एपस्टीन दोनों ने उसके साथ गलत काम किया था। इसके अलावा एक ड्राइवर का बयान भी है, जिसने कहा कि उसने ट्रम्प और एपस्टीन को एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार की बात करते सुना था। हालांकि, फाइलों में यह नहीं बताया गया कि एफबीआई ने इन बातों की जांच की या नहीं। बताया गया है कि आरोप लगाने वाली महिला की बाद में गोली लगने से संदिग्ध मौत हो गई थी।



**■ ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं: जस्टिस डिपार्टमेंट**

जस्टिस डिपार्टमेंट ने जोर देकर कहा है कि इन दस्तावेजों में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि ट्रम्प को किसी अपराध का आरोपी माना गया हो या उनके खिलाफ कोई आधिकारिक जांच चली हो। विभाग के मुताबिक, ट्रम्प और एपस्टीन की जान-पहचान जरूर थी और वे कुछ समय तक एक-दूसरे से मिलते रहे थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ट्रम्प किसी अपराध में शामिल थे। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा कि ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं। अगर इन दावों में थोड़ी भी सच्चाई होती, तो 2020 के चुनाव के समय इन्हें ट्रम्प के खिलाफ जरूर इस्तेमाल किया जाता। वहीं दूसरी ओर, विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि इन फाइलों से एपस्टीन और ट्रम्प के रिश्ते पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने जस्टिस डिपार्टमेंट पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है। इन फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का सैकड़ों बार जिक्र है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ट्रम्प का नाम ज्यादातर बार किसी खबर या रिकार्ड के तौर पर दर्ज है, लेकिन कुछ दस्तावेज सीधे तौर पर ट्रम्प से जुड़े हैं। इनमें जनवरी 2020 का एक ईमेल भी शामिल है। इस ईमेल में कहा गया है कि ट्रम्प ने 1993 से 1996 के बीच एपस्टीन के निजी विमान से आठ उड़ानें भरी थीं।




# संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा

# अमेरिका के साथ संबंधों में आई खटास

**■ पुराने दोस्त रूस के साथ दोस्ती हुई और मजबूत, चीन के साथ गतिरोध हुए दूर**

**नई दिल्ली।** विभिन्न देशों के साथ संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां ट्रंप की टैरिफ नीति ने अमेरिका के साथ दो दशक पुराने संबंधों की नींव हिला दी वहीं पुराने दोस्त रूस के साथ संबंधों को नई मजबूती मिली।



पड़ोसी देशों में चीन के साथ पिछले पांच वर्षों से संबंधों में चला आ रहा गतिरोध दूर हुआ और अफगानिस्तान के साथ भी रिश्तों में गरमाहट आई जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध और भी बदतर हो गए तथा बंगलादेश भी पाकिस्तान के साथ पींग बढ़ाते हुए भारत विरोध की राह पर चल पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने विश्व के विभिन्न हिस्सों तक भारत के संबंधों का दायरा बढाने और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को प्रगाढ बनाने के लिए अनेक देशों की द्विपक्षीय यात्रा की और सभी प्रमुख बहुपक्षीय मंचों, अंतर्राष्ट्रीय समूहों और सम्मेलनों में भागीदारी की। मोदी ने इस वर्ष फ्रांस, अमेरिका, जापान, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, कनाड़ा, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान जैसे देशों की यात्रा की। दुनिया के कई प्रमुख नेताओं ने वर्ष के दौरान भारत की यात्रा की जिनमें रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, सिंगापुर, मॉरिशस, भूटान और फिजी के प्रधानमंत्री तथा इंडोनिशया, फिलिपींस, प्राग्वे, अंगोला और चिली के राष्ट्रपति शामिल हैं। सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति अमेरिका के साथ पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से चले आ रहे मजबूत तथा सामरिक संबंधों में संबंधों में दरार आना इस वर्ष भारत के लिए सबसे बड़ा झटका रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने भारत के साथ संबंधों की चूलें हिला दी। ट्रंप के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने के बार-बार के दावों से भी दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई। मोदी और ट्रंप भले ही टेलीफोन पर निरंतर संपर्क में हैं लेकिन पिछले दस महीने से संभावनाओं के बावजूद दोनों के बीच व्यक्तिगत मुलाक. ात नहीं हुई है और टैरिफ मुद्दे का भी समाधान नहीं हो सका है। अमेरिका ने एच 1 बी वीजा से संबंधित नियमों में जो बदलाव किए हैं उसका भी सबसे अधिक प्रभाव भारतीय नागरिकों पर पड़ने की संभावना है। दूसरी बड़ी शक्ति रूस के साथ संबंधों को लेकर यह साल कहीं बेहतर रहा और पिछले कुछ वर्षों से संबंधों में चली आ रही शिथलता को इस बार गरमाहट मिली और दोनों देशों ने समय की कसौटी पर परखी हुई दोस्ती को अनेक समझौतों से नई ताकत दी।

# कनाडा में भारतीय मूल की महिला की हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो में पुलिस ने शनिवार को मिले एक महिला के शव की पहचान भारतीय मूल की 30 वर्षीय हिमांशी खुराना के रूप में की है। सीबीसी की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यह पति/पुरुष मित्र द्वारा हिंसा का मामला है। रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि शुक्रवार रात को उन्हें स्ट्रैचन एवेन्यू और वेलिगटन स्ट्रीट डब्ल्यू इलाके में एक लापता व्यक्ति की रिपोर्ट मिली थी। पुलिस को शनिवार सुबह करीब 06:30 बजे एक लापता महिला का शव घर में मिला। इस बीच टोरंटो में भारतीय दूतावास ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर परिवार की हर संभव मदद कर रहा है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम टोरंटो में एक युवा भारतीय नागरिक, सुहिमांशी खुराना की हत्या से बहुत दुखी और हैरान हैं। दुख की इस घड़ी में हम उनके शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों से दूतावास इस मामले पर लगातार नज़र रखे हुए है।

